www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार...

राष्ट्रीय संस्करण



पत्र नहीं मित्र

# देशबन्धु



नई दिल्ली, मंगलवार, 11 जून , 2024 | वर्ष-17 | अंक -66 | पृष्ठ - 10 | मूल्य - 3.00 रुपए

इंडिया गठबंधन सड़क से लेकर संसद तक तय... 02

■ दिल्ली में मुनक नहर का रख-रखाव न होने के...
■ अधिकारियों ने कबूला हरियाणा दे रहा पूरा पानी : वीरेंद्र सचदेवा 03

■ इजरायल के वॉर कैबिनेट मंत्री बेनी गैंट्ज ने दिया इस्तीफा
■ मैक्सिको में शीनबाम ने राष्ट्रपति चुनाव में जीत दर्ज की 07

भूमि पेडनेकर जल्द ही दलदल में आएंगी नजर 10

### मोदी सरकार में विभागों को हुआ बंटवारा


# शाह को फिर से गृह व राजनाथ को रक्षा मंत्रालय


## जेपी नड्डा स्वास्थ्य और परिवार कल्याण व शिवराज सिंह चौहान कृषि मंत्री बनाए गए

**नई दिल्ली,** 10 जून (देशबन्धु)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सलाह पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सरकार के मंत्रियों को विभागों (मंत्रालयों) का आवंटन कर दिया है। अमित शाह को केंद्र सरकार में फिर से गृह एवं सहकारिता मंत्री बनाया गया है, वहीं राजनाथ सिंह को भी दोबारा से रक्षा मंत्रालय की जिम्मेदारी दी गई है।

नितिन गडकरी को भी उनके पुराने मंत्रालय में ही बरकरार रखते हुए सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री बनाया गया है। एस. जयशंकर को भी फिर से विदेश मंत्री और निर्मला सीतारमण को वित्त और कॉर्पोरेट मंत्री बनाया गया है।

सरकार के ज्यादातर मंत्रियों के पुराने विभागों को ही बरकरार रखा गया है। सरकार के अन्य मंत्रियों की बात करें तो भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा को स्वास्थ्य और परिवार कल्याण एवं रसायन एवं उर्वरक, शिवराज सिंह चौहान को कृषि एवं किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्रालय जैसे महत्वपूर्ण विभाग दिए गए हैं। अश्विनी वैष्णव को रेलवे एवं इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी के साथ-साथ सूचना एवं प्रसारण मंत्री बनाया गया है। मनोहर लाल खट्टर को आवास और शहरी मामलों के मंत्रालय के साथ ही ऊर्जा मंत्रालय की भी जिम्मेदारी दी गई है। एचडी. कुमारस्वामी को स्टील और भारी उद्योग, पीयूष गोयल को वाणिज्य और उद्योग, धर्मेंद्र प्रधान को शिक्षा, जीतन राम मांझी को सूक्ष्म लघु और मध्यम उद्यम, राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह को पंचायती राज, मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी, सर्बानंद सोनोवाल को पत्तन, परिवहन और जलमार्ग, वीरेंद्र कुमार को सामाजिक न्याय और अधिकारिता, राममोहन नायडू को नागरिक उड्डयन, प्रल्हाद जोशी को उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण और नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा, जुएल ओराम को आदिवासी मामले, गिरिराज सिंह को कपड़ा, ज्योतिरादित्य सिंधिया को संचार और पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्रालय की जिम्मेदारी दी गई है। भूपेंद्र यादव को पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन, गजेंद्र सिंह शेखावत को संस्कृति और पर्यटन, अन्नपूर्णा देवी को महिला एवं बाल विकास, किरेन रिजिजू को संसदीय कार्य और अल्पसंख्यक मामले, हरदीप सिंह पुरी को पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस, मनसुख मंडाविया को श्रम और रोजगार एवं युवा मामले का बनाया गया है।







- अधिकतर मंत्रियों के विभाग रखा गया बरकरार
- मनोहर लाल खट्टर ऊर्जा मंत्रालय की जिम्मेदारी
- अश्विनी वैष्णव को सूचना एवं प्रसारण मंत्री बनाया

### किसान सम्मान निधि को मंजूरी

मंत्रिमंडल बैठक से पहले मोदी प्रधानमंत्री कार्यालय भी गए। जहां उन्होंने किसान सम्मान निधि की 17 वीं किस्त जारी करने की फाइल पर हस्ताक्षर कर अपने तीसरे कार्यकाल का पहला आदेश जारी किया।

### मोदी के तीसरे कार्यकाल में भी सीसीएस ज्यों की त्यों

*कैबिनेट कमेटी ऑन सिक्योरिटी यानी सीसीएस में कोई बदलाव नहीं हुआ है। इस तरह एक बार फिर से सरकार की सर्वोच्च कमेटी ज्यों की त्यों बरकरार है। सीसीएस यह कई महत्वपूर्ण मंत्रालयों के मंत्रियों का एक समूह होता है। इसमें गृह मंत्रालय, रक्षा मंत्रालय, वित्त मंत्रालय और विदेश मंत्रालय शामिल होता है। यह सुरक्षा संबंधी मामलों में फैसला लेने वाली एक महत्वपूर्ण कमेटी है।*

मोदी कैबिनेट का पहला फैसला

### पीएम आवास योजना में बनेंगे 3 करोड़ नए घर

मोदी सरकार-3 के गठन के साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तेजी से फैसले लेने शुरू कर दिए है। प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में हई कैबिनेट बैठक में पहले फैसले के तौर पर पीएम आवास योजना के तहत 3 करोड़ नए घर बनाने का निर्णय लिया गया। तय किया गया कि इस योजना के तहत पात्र परिवारों की संख्या बढ़ गई है। इसलिए इनकी बढ़ी हुई आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए ग्रामीण और शहरी परिवारों को 3 करोड़ अतिरिक्त घर बनाने के लिए आर्थिक सहायता दी जाएगी।

## दूसरी बार सिक्किम के मुख्यमंत्री बने प्रेम सिंह तमांग



**गंगटोक,** 10 जून (एजेंसियां)। सिक्किम क्रांतिकारी मोर्चा (एसकेएम) के अध्यक्ष प्रेम सिंह तमांग ने राज्य के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली। यह लगातार दूसरी बार है, जब तमांग सिक्किम के मुख्यमंत्री बने हैं। शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन सिक्किम के पालजोर स्टेडियम में आयोजित कराया गया। राज्यपाल लक्ष्मण प्रसाद आचार्य ने तमांग को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। तमांग के साथ आठ नव-निर्वाचित विधायकों ने भी मंत्री पद की शपथ ली। सिक्किम में विधानसभा की 32 सीटें हैं, तमांग की सिक्किम क्रांतिकारी मोर्चा (एसकेएम) ने 31 सीटें जीतीं। सिक्किम में विधानसभा चुनाव के लिए 19 अप्रैल को एक चरण में वोटिंग हुई थी। 2 जून को नतीजे आए थे। सिक्किम में सत्ताधारी सिक्किम क्रांतिकारी मोर्चा ने सिक्किम डेमोक्रेटिक फ्रंट (एसडीएफ) का सफाया कर दिया। 25 साल (1994-2019) सत्ता में रहे एसडीएफ को इस बार महज एक सीट मिली।

- राज्यपाल ने आठ मंत्रियों के साथ दिलाई शपथ
- एसकेएम ने 32 में से 31 सीटों पर जीत दर्ज की थी

### राजनीति में आने से पहले सरकारी शिक्षक थे तमांग

प्रेम सिंह तमांग का जन्म 5 फरवरी 1968 को पश्चिम सिक्किम के सिंग्लिंग बस्टी में हुआ था। उनके पिता का नाम कालू सिंह तमांग और मां का नाम धन माया तमांग है। शुरुआती शिक्षा हासिल करने के बाद तमांग ने 1988 में दार्जिलिंग गवर्नमेंट कॉलेज से कला में स्नातक की उपाधि प्राप्त की। राजनीति में आने से पहले तमांग सरकारी शिक्षक थे।

## सार संक्षेप

### सोनिया से मिलने उनके आवास पर पहुंची शेख हसीना



**नई दिल्ली।** बंगलादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना ने कांग्रेस संसदीय दल की नेता सोनिया गांधी से आज उनके आवास पर मुलाकात की और विभिन्न मुद्दों पर विचार विमर्श किया। श्रीमती हसीना तथा श्रीमती गांधी के बीच परस्पर रिश्तों को मजबूत करने तथा अन्य कई मुद्दों पर चर्चा हुई। इस दौरान कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी तथा पार्टी नेता प्रियंका गांधी वाड्रा भी मौजूद रहीं।

### मालदीव के राष्ट्रपति मुइज्जू ने मुर्मू से की मुलाकात



**नई दिल्ली।** मालदीव के राष्ट्रपति डॉ. मोहम्मद मुइज्जू ने सोमवार को यहां राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की। राष्ट्रपति सचिवालय ने बताया कि श्रीमती मुर्मू ने राष्ट्रपति मुइज्जू का स्वागत करते हुए मालदीव की नई सरकार और जनता को शुभकामनाएं दीं तथा विश्वास जताया कि राष्ट्रपति डॉ. मुइज्जू के नेतृत्व में मालदीव समृद्धि और विकास के पथ पर आगे बढ़ता रहेगा।

### हमने मानवता के खिलाफ हिंसा की हमेशा निंदा की : हुर्रियत

**श्रीनगर।** कश्मीर के अलगाववादी समूह ऑल पार्टीज हुर्रियत कॉन्फ्रेंस (एपीएचसी) ने जम्मू के रियासी जिले में तीर्थयात्रियों को ले जा रही बस पर रविवार को हुए हमले की निंदा की है। एपीएचसी ने सोमवार को एक बयान में घटना पर दुख और पीड़ा व्यक्त की और कहा, हम मानवता के खिलाफ सभी प्रकार की हिंसा की निंदा करते हैं और हमेशा करेंगे।

## मोदी मंत्रिमंडल को लेकर शिवसेना भी नाराज

**नई दिल्ली,** 10 जून (देशबन्धु)। नरेंद्र मोदी ने रविवार को तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ ली। पीएम मोदी के शपथ समारोह के एक दिन बात महाराष्ट्र के मावल के मौजूदा सांसद श्रीरंग बारणे ने मीडिया से बात की। शिवसेना सांसद श्रीरंग बारणे ने कहा कि उन्हें उम्मीद थी कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में रविवार को जिस मंत्रिपरिषद का गठन हुआ, उसमें शिवसेना को कैबिनेट मंत्री का पद मिलेगा।

श्रीरंग बारणे ने कहा, 'प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में रविवार को जिस मंत्रिपरिषद का गठन हुआ, उसमें हमें उम्मीद थी कि शिवसेना को कैबिनेट मंत्री का पद मिलेगा। कर्नाटक के एचडी कुमारस्वामी की पार्टी के दो सांसद हैं, उन्हें कैबिनेट मंत्री का पद मिला। जीतनराम मांझी इकलौते सांसद हैं, उन्हें कैबिनेट मंत्री पद मिला। चिराग पासवान की पार्टी के पांच सांसद जीते हैं, उन्हें भी कैबिनेट में जगह मिली है। शिवसेना के सात सांसद हैं, जबकि हम 19 सीटों पर लड़े थे। भाजपा के नौ सांसद है, जबकि वह 28 सीटों पर लड़ी थी। हमारी अपेक्षा थी कि शिवसेना को एक कैबिनेट मंत्री पद और एक राज्य मंत्री पद मिलना चाहिए।'



- कहा, हमें कैबिनेट मंत्री का पद मिलना चाहिए था
- सांसद श्रीरंग बारणे ने कहा, शिवसेना के 7 सांसद हैं

**हम सबसे पुराने सहयोगी**

उन्होंने आगे कहा, हम भाजपा के सबसे पुराने सहयोगी दलों में से एक हैं, जबकि हमें राज्य मंत्री पद मिला है। तीन महीने में विधानसभा चुनाव हैं। जब हम चुनाव में एकसाथ जाएंगे तो उसका विचार करते हुए शिवसेना को उचित भूमिका मिलनी चाहिए। 61 मंत्री तो भाजपा के ही हैं। महाराष्ट्र को भी उचित भूमिका नहीं मिल पाई। हमने एकनाथ शिंदे जी के सामने अपनी राय रखी है। अब भाजपा को इस पर फैसला करना है। हमारी भूमिका स्पष्ट होनी चाहिए। लोकसभा चुनाव में तीसरी बार बारणे ने मावल सीट से जीत हासिल की। नई कैबिनेट में शिंदे सेना से केवल प्रतापराव जादव ही एकमात्र प्रतिनिधित्व है, जिन्होंने रविवार को स्वतंत्र प्रभार के साथ राज्य मंत्री के रूप में शपथ ली।

## भाजपा नेता अमित मालवीय पर यौन शोषण का आरोप

**नई दिल्ली,** 10 जून (देशबन्धु)। भाजपा के सोशल मीडिया प्रभारी अमित मालवीय की मुश्किलें बढ़ सकती हैं। उन पर महिलाओं का यौन शोषण करने का आरोप लगा है। यह आरोप उनकी पार्टी के नेता राहुल सिन्हा के संबंधी आरएसएस के सदस्य शांतनु सिन्हा ने लगाए हैं। इसे लेकर कांग्रेस लगातार उनके इस्तीफे की मांग कर रही है। वहीं मालवीय ने पलटवार करते हुए शांतनु को कानूनी नोटिस भेजा है।

कांग्रेस नेता सुप्रिया श्रीनेत ने सोमवार को इसे लेकर एक प्रेस कॉन्फ्रेंस की। सुप्रिया ने कहा कि आरएसएस सदस्य शांतनु सिन्हा नाम के एक व्यक्ति ने अमित पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न का आरोप लगाया है। शांतनु के मुताबिक, अमित महिलाओं को 5 स्टार होटल ले जाते हैं और उनका शोषण करते हैं। यही नहीं, अमित ने बंगाल में बीजेपी ऑफिस में भी महिलाओं का यौन शोषण किया। शांतनु बंगाल में भाजपा के पदाधिकारी राहुल सिन्हा के रिश्तेदार हैं। सुप्रिया ने आगे कहा- हम भाजपा से बंगाल में महिलाओं के लिए न्याय की मांग करते हैं; चाहे वह हाथरस हो, लखीमपुर हो, हमारे सबसे सम्मानित एथलीट हों या बिलकिस बानो हों, प्रधानमंत्री ने लगातार अपराधियों को राजनीतिक संरक्षण दिया है। अब समय आ गया है कि आप महिलाओं के साथ खड़े हों। आप भारत की बेटी के साथ खड़े हों और जब तक आप उनकी दुर्दशा का जवाब नहीं देते, तब तक आपको सत्ता में रहने का कोई अधिकार नहीं है।



- आरएसएस सदस्य शांतनु सिन्हा ने आरोप लगाया
- बीजेपी ऑफिस में भी महिलाओं का शोषण किया

### अमित मालवीय ने शांतनु को भेजा नोटिस

इसके बाद अमित मालवीय ने शांतनु सिन्हा को 10 करोड़ का मानहानि का नोटिस भेजा है। साथ ही मालवीय ने शांतनु को बिना शर्त माफी मांगने और सोशल मीडिया पर उनको लेकर लिखे पोस्ट हटाने को भी कहा है।

### अपराधियों को भाजपा नेताओं का संरक्षण : श्रीनेत



*सुप्रिया ने आगे कहा, अगर आपको आईआईटी-बीएचयू गैंगरेप याद हो और इसमें शामिल तीन लोग सक्षम पटेल, कुणाल पांडेर और आनंद चौहान, सभी पीएम मोदी सहित भाजपा के बड़े नेताओं के बेहद करीबी हैं। यह एक पैटर्न है, चाहे वह कुलदीप सिंह सेंगर हो, चिन्मयानंद हो, बृजभूषण हो या अंकिता भंडारी के हत्यारे हों, वे सभी नरेंद्र मोदी द्वारा संरक्षित भाजपा नेता हैं। कांग्रेस नेता ने आगे कहा- हम केवल यही उम्मीद करते हैं कि प्रधानमंत्री 63 सीटों पर मिली हार से कुछ सबक सीखेंगे। वे विनम्रता सीखेंगे और वे सीखेंगे कि वे लगातार उन लोगों के साथ खड़े नहीं हो सकते जो महिलाओं का शोषण करते हैं।*

## 7 राज्यों की 13 विधानसभा सीटों पर 10 जुलाई को उपचुनाव

**नई दिल्ली,** 10 जून (एजेंसियां)। चुनाव आयोग ने सोमवार को सात राज्यों की 13 रिक्त विधानसभा सीटों के लिए 10 जुलाई को उपचुनाव कार्यक्रम की घोषणा की। हिमाचल प्रदेश की डेहरा, हमीरपुर और नालागढ़, पंजाब की जालंधर पश्चिम (अजा), बिहार की रुपौली, पश्चिम बंगाल की रायगंज , रानाघाट (अजा) और बगदा (अजा) और माणिकतला, मध्य प्रदेश की अमरवाड़ा (अजजा) , उत्तराखंड की बद्रीनाथ और मंगलौर तथा तमिलनाडु की विक्रवांडी सीट के लिए उपचुनाव की अधिसूचना 14 जून को जारी की जाएगी। उपचुनाव के लिए नामांकन पत्र 21 जून तक भरे जा सकेंगे और उनकी जांच 24 जून को की जायेगी। नामांकन पत्रों की वापसी की अंतिम तिथि 26 जून होगी। मतदान 10 जुलाई को कराए जाएंगे और मतगणना 13 जुलाई को होगी। जिन 13 सीटों पर उपचुनाव कराए जा रहा हैं, उनमें बिहार की रुपौली सीट श्रीमती बीमा भारती के इस्तीफे के कारण रिक्त है। पश्चिम बंगाल की रायगंज सीट निर्वाचित कृष्णा कल्याणी और दक्षिण (अजा) के प्रतिनिधि डॉक्टर मुकुट मणि अधिकारी के इस्तीफा देने के बाद रिक्त है जबकि बगदा (अजा) और मानिकतला सीटें वहां से निर्वाचित प्रतिनिधियों विश्वजीत दास और साधन पांडे के निधन से रिक्त हुई हैं। तमिलनाडु की विक्रवांडी सीट के प्रतिनिधि एन पुगाझेंती का भी निधन हो गया था। हिमाचल प्रदेश की तीनों सीटें वहां से निर्वाचित प्रतिनिधियों के इस्तीफे से रिक्त हुई हैं। जालंधर पश्चिम सीट की रिक्त भी वहीं से निर्वाचित शीतल अंगुराल के इस्तीफे के कारण हुई है। उत्तराखंड की बद्रीनाथ सीट के प्रतिनिधि राजेंद्र सिंह भंडारी ने इस्तीफा दे दिया था जबकि मंगलौर सीट की रिक्ति वहां से निर्वाचित प्रतिनिधि सरवत करीम अंसारी के निधन के कारण हुयी है। मध्य प्रदेश की अमरवाड़ा के प्रतिनिधि कमलेश प्रताप शाह के इस्तीफे के कारण रिक्त है।





- 14 जून को जारी की जाएगी अधिसूचना
- 13 जुलाई को आएंगे उपचुनाव के नतीजे

## मणिपुर में मुख्यमंत्री के काफिले पर हमला

**इम्फाल,** 10 जून (एजेंसियां)। मणिपुर के जिरिबाम में उग्रवादियों ने मणिपुर सीएम एन. बीरेन सिंह के सुरक्षा दस्ते पर हमला किया। यह सुरक्षा दस्ता हिंसा प्रभावित जिरिबाम में सीएम की सभा से पहले तैयारियों का जायजा लेने जा रहा था। जब सुरक्षा काफिला कोटलेन पहुंचा तो उग्रवादियों ने गोलीबारी शुरू कर दी, जिसमें ड्राइवर समेत दो सुरक्षाकर्मी घायल हुए। हमले के वक्त मुख्यमंत्री काफिले में नहीं थे। इस हमले को बीरेन सिंह ने निंदनीय बताया है।

**हमले में दो सुरक्षाकर्मी हुए घायल**



### मणिपुर की समस्या को प्राथमिकता से सुलझाया जाए : भागवत

नागपरु। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ प्रमुख डॉ मोहन भागवत ने मणिपुर में जारी हिंसा पर चिंता जताई। उन्होंने कहा कि मणिपुर बीते एक साल से शांति की राह देख रहा है। बीते 10 साल से राज्य में शांति थी, लेकिन अचानक से वहां गन कल्चर बढ़ गया। जरूरी है कि यहां की समस्या को प्राथमिकता से सुलझाया जाए।

## सुप्रीम कोर्ट ने की दिल्ली सरकार की खिंचाई

**नई दिल्ली,** 10 जून (एजेंसियां)। उच्चतम न्यायालय ने राष्ट्रीय राजधानी में अतिरिक्त पानी आपूर्ति का निर्देश देने की मांग वाली एक याचिका की खामियां दूर करने की उसकी ओर से दी गई मोहलत की अनदेखी पर दिल्ली सरकार की खिंचाई की और याचिका खारिज करने की चेतावनी के साथ कहा कि वह अखबारों की खबरों के आधार पर आदेश पारित नहीं कर सकता। न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार मिश्रा और न्यायमूर्ति पी बी वराले की अवकाशकालीन पीठ ने याचिकाकर्ता दिल्ली सरकार को चेतावनी दी कि वह पिछली सुनवाई की तारीख पर आश्वासन के बावजूद खामियों को दूर करने में विफल रहने के आधार पर रिट याचिका को खारिज कर देगी। पिछली तारीख को इस ओर ध्यान दिलाया गया था।

**पानी संकट की याचिका में बताई खामियां**

**आतंकवाद** *जम्मू संभाग में पिछले कुछ वर्षों से आतंकी घटनाएं बढ़ी*

# अतीत में भी कई हमलों को झेल चुके हैं श्रद्धालु

■ सुरेश एस डुग्गर

**जम्मू, 10 जून (देशबन्धु)। कल रियासी में शिवखोड़ी से लौट रही यात्री बस पर हुआ हमला जम्मू कश्मीर में कोई पहला आतंकी हमला नहीं है बल्कि इससे पहले भी आतंकी कई बार श्रद्धालुओं से भरी हुई यात्री बसों को अपना निशाना बना कईयों की जानें ले चुके हैं। यह भी सच है कि जम्मू संभाग में पिछले कुछ वर्षों से आतंकी घटनाएं बढ़ी हैं।**

राजौरी-पुंछ में सेना पर कई हमले किए गए। इससे पहले 13 मई 2022 को भी कटड़ा से लौट रही श्रद्धालुओं से भरी बस में स्टिकी बम लगाकर हमला किया गया था। बस में आग लगने से तीन श्रद्धालुओं की मौत हो गई थी जबकि 24 घायल हुए थे। जबकि 11 जुलाई 2017 को अनंतनाग में अमरनाथ यात्रियों की बस पर हमला करते हुए आतंकियों ने अंधाधुंध गोलियां बरसाई थीं। इसमें नौ श्रद्धालुओं की मौत हो गई थी, जबकि 19 घायल हुए थे। मरने वाले सभी श्रद्धालु गुजरात के थे। शिवखोड़ी से कटड़ा जा रही श्रद्धालुओं की बस पर रविवार को आतंकी हमला हुआ। यह हमला रियासी जिले के तहसील पौनी के चंडी मोड क्षेत्र में पड़ता है। चंडी मोड क्षेत्र इससे पहले भी आतंकी घटनाओं की वजह से सुर्खियों में रहा है। साल 2005 से लेकर 2007 तक इस इलाके में सुरक्षाबलों ने 5 आतंकी मारे थे। आंतकियों ने इससे पहले भी एक बार पौनी रनसू मार्ग पर चलने वाली मेटाडोर पर फायरिंग की थी, जिसमें चालक की सूझबूझ से बड़ा हादसा टल गया था और कोई नुकसान नहीं हुआ था।



■ यात्री बसों को निशाना बना कईयों की जानें ले चुके हैं आतंकी

### अमरनाथ यात्रा शुरू होने में 20 दिन बाकी

अमरनाथ यात्रा के शुरू होने से 20 दिन पहले एक यात्री बस पर हुए आतंकी हमले में 10 लोगों की मौत ने सुरक्षाधिकारियों और प्रशासन के पांव तले से जमीन इसलिए खिसका दी है क्योंकि उन्हें इस बात का अंदाजा भी नहीं था कि आतंकी इस तरह से श्रद्धालुओं को निशाना बना सकते हैं।

# देश

**उवाच**



"जम्मू-कश्मीर में कुछ तीर्थयात्रियों पर हमले की घटना हुई है और इसमें नौ लोगों की मौतें हुई हैं। मामले की तुरंत जांच होनी चाहिए। मैं पीड़ित परिवारों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करती हूं।"

–ममता बनर्जी, पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री

| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 42.0 | 32.0 |
| मुंबई | 30.0 | 28.0 |
| कोलकाता | 35.0 | 28.0 |
| चेन्नई | 30.0 | 26.0 |

# इंडिया गठबंधन सड़क से लेकर संसद तक तय करेगा सरकार की जवाबदेही : कांग्रेस

■ मनमाने तरीके से शासन चलाने पर लगेगा अंकुश ■ अब मोदी सरकार के तेवर ढीले पड़ जाएंगे : सचिन पायलट

**नई दिल्ली/टोंक,** 10 जून (एजेंसियां)। कांग्रेस नेता सचिन पायलट ने कहा कि इंडिया गठबंधन मजबूती के साथ संसद के अंदर और संसद के बाहर सरकार को सचेत करेगा, जवाबदेही तय करेगा और जो मनमाने तरीके से पहले शासन चला था, उसे नहीं चलने देगा। अब मोदी सरकार के तेवर ढीले पड़ जाएंगे। उन्होंने आगे कहा कि जिस तरह का रवैया और जो शासनकाल पिछले दस सालों में देखने को मिला, अब वह तस्वीर नहीं देखने को मिलेगी। संसद में विपक्षी दल के सांसद भी बड़ी संख्या में जीत कर आए हैं।

### सारा विपक्ष एकमत व एकजुट

कांग्रेस नेता सचिन पायलट ने कहा कि मनमाने तरीके से जो कार्रवाई पहले संसद में होती थी, वो अब हम नहीं होने देंगे। सारा विपक्ष एकमत और एकजुट है। जम्मू-कश्मीर के रियासी में आतंकवादी हमले की घटना को कांग्रेस नेता सचिन पायलट ने कायराना हरकत बताया है। उन्होंने कहा कि मुझे इस घटना पर खेद है। इससे बड़ा पाप कुछ और नहीं हो सकता। सरकार और पुलिस प्रशासन इस पर फौरी तौर पर कार्रवाई करे। इस प्रकार की घटनाएं अगर वहां बढ़ती हैं, तो चिंता का विषय है। उन्होंने आगे कहा कि वहां अभी लोकसभा चुनाव सम्पन्न हुए हैं। दो-तीन महीनों में जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव होने वाले हैं। ऐसे में इस प्रकार की हिंसा अगर बढ़ेगी, आतंकवादियों के हौसले बुलंद होंगे, तो बहुत संकट आ जाएगा। सरकार को कार्रवाई करनी चाहिए। सिर्फ दुख प्रकट करने से खेद प्रकट करने से काम नहीं चलेगा।



मोदी सरकार के शपथ ग्रहण समारोह को लेकर सचिन पायलट ने कहा कि देश की जनता ने खंडित जनादेश दिया है। यह किसी एक दल को सरकार बनाने का जनादेश नहीं था। हंग पार्लियामेंट है। अब मिली जुली सरकार बनेगी। केवल शपथ लेने से काम नहीं चलेगा। जनता के सामने काम करके दिखाना होगा। मैं उम्मीद करता हूं कि राजस्थान को केंद्र सरकार की तमाम योजनाओं का लाभ मिलेगा और राज्य के साथ न्याय किया जाएगा। उन्होंने कहा कि मेरा मानना है कि केंद्र सरकार से प्रदेश को लाभ मिलना चाहिए। अग्निवीर योजना पर सरकार को गंभीरता से विचार और समीक्षा करनी चाहिए।

## गांधी परिवार की धन्यवाद जनसभा निरस्त

**अमेठी,**10 जून (देशबन्धु)। अमेठी में होने वाली गांधी परिवार की धन्यवाद जनसभा निरस्त हो गई है। राहुल गांधी रायबरेली के सांसद चुने गए हैं। जिससे गांधी परिवार अमेठी के पहले रायबरेली की जनता को धन्यवाद अर्पित करेगा। अमेठी में जनसभा निरस्त होने के बाद भाजपा ने कहा कि अमेठी की जनता को पहला झटका दिया गया है। कांग्रेस के जिलाध्यक्ष प्रदीप सिंघल की तरफ से रविवार को जारी बयान में कहा गया था कि राहुल गांधी, प्रियंका गांधी और किशोरी लाल शर्मा की धन्यवाद जनसभा मंगलवार को बहादुरपुर में आयोजित की जाएगी। राहुल गांधी और किशोरी लाल शर्मा के सांसद बनने के बाद पहली जनसभा थी। जिससे सभी अखबारों और चैनलों पर खबरें छपी और दिखाई गई थी। लेकिन सोमवार को जिलाध्यक्ष प्रदीप सिंघल की तरफ से जारी बयान में कहा गया है कि सोनिया गांधी, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी और किशोरी लाल शर्मा की 11 जून को हिमाचल पुरवा मजरे जमालपुर रामपुर के निकट फुरसतगंज में अपराह्न तीन बजे कार्यकर्ता आभार धन्यवाद समारोह का स्थल अब परिवर्तन हो गया है। अब यह समारोह 11 जून को अपराह्न तीन बजे भुएमऊ गेस्ट हाउस रायबरेली में संपन्न होगा। जिससे अमेठी के कांग्रेसी नेता दुखी हैं। यह अलग बात है कि कांग्रेस के कुछ नेताओं को गाड़ी के व्यवस्था की जिम्मेदारी सौंपी गई है। लेकिन आम कार्यकर्ताओं के लिए व्यवस्था नहीं है। किशोरी लाल शर्मा रायबरेली में एक चैनल से बातचीत में कहा है कि भुएमऊ में तीन हजार कार्यकर्ताओं के बैठने की जगह है। जिससे अमेठी के बहुत कम लोगों को बुलाया गया है।

## प.बंगाल में चार विस सीटों पर उपचुनाव दस जुलाई को

**कोलकाता,** 10 जून (एजेंसियां)। पश्चिम बंगाल में चार विधानसभा सीटों –मानिकतला, रायगंज, राणाघाट (दक्षिण) और बागदाह में उपचुनाव 10 जुलाई को होंगे। यह जानकारी सोमवार को भारत निर्वाचन आयोग (ईसीआई) द्वारा जारी एक अधिसूचना से प्राप्त हुई। कोलकाता (उत्तर) में मानिकतला सीट तृणमूल कांग्रेस के तत्कालीन विधायक साधन पांडे की मृत्यु के बाद रिक्त पड़ी हुई है, जबकि तीन अन्य सीटें रायगंज, राणाघाट और बगदाह सीट भाजपा के सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस में शामिल होने और हाल में संपन्न संसदीय चुनाव में हारने के बाद रिक्त हुई है। आयोग के अनुसार रायगंज विधानसभा सीट से कृष्णा कल्याणी तृणमूल कांग्रेस में शामिल हो गईं, लेकिन रायगंज सीट से भाजपा उम्मीदवार कार्तिक पॉल से लोकसभा चुनाव हार गईं। बगदाह सीट से बिस्वजीत दास ने भी 2021 का विधानसभा चुनाव जीतने के बाद भाजपा छोड़कर तृणमूल कांग्रेस का दामन थाम लिया था, लेकिन बोनगांव लोकसभा सीट पर भाजपा के शांतनु से हार गए। 2024 से पहले भाजपा के एक अन्य विधायक मुकुट मणि अधिकारी तृणमूल कांग्रेस में शामिल हो गए व उन्हें राणाघाट सीट के पार्टी उम्मीदवार के रूप में मैदान में उतारा गया, लेकिन वह भाजपा के मौजूदा सांसद जगन्नाथ सरकार से हार गए।

## मोदी सरकार के मंत्रियों को विभागों का किया गया बंटवारा

### प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी

कार्मिक एवं लोक शिकायत एवं पेंशन, परमाणु ऊर्जा, अंतरिक्ष। सभी महत्वपूर्ण नीतिगत मुद्दे और अन्य वे सभी विभाग जो किस मंत्री को आबंटित नहीं किए गए

1. राजनाथ सिंह- रक्षा मंत्रालय
2. अमित शाह /गृह एवं सहकारिता मंत्रालय
3. नितिन गडकरी- सड़क परिवहन मंत्रालय
4. जेपी नड्डा - स्वास्थ्य मंत्रालय
5.शिवराज सिंह चौहान- कृषि मंत्रालय एवं किसान ग्रामीण विकास मंत्रालय
6. निर्मला सीतारमण- वित्त मंत्रालय
7. सुब्रह्मण्यम जयशंकर- विदेश मंत्रालय
8. मनोहर लाल- ऊर्जा मंत्रालय और शहरी विकास मंत्रालय
9. एच डी कुमारस्वामी- भारी उद्योग मंत्रालय एवं कौशल विकास मंत्रालय
10. पीयूष गोयल- वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय
11.धर्मेंद्र प्रधान- शिक्षा मंत्रालय
12.जीतन राम मांझी- सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय
13. राजीव रंजन सिंह (ललन सिंह)- पंचायती राज मंत्रालय
14.सर्बानंद सोनोवाल- बंदरगाह एवं जहाजरानी मंत्रालय
15.डॉ वीरेंद्र कुमार- सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय
16. राममोहन नायडू - नागरिक उड्डयन मंत्रालय
17. प्रल्हाद जोशी - उपभोक्ता मंत्रालय
18. जुएल ओरांव- जनजातीय कार्य मंत्रालय
19. गिरिराज सिंह- वस्त्र मंत्रालय
20. अश्विनी वैष्णव- सूचना प्रसारण मंत्रालय एवं रेल मंत्रालय
21. ज्योतिरादित्य माधवराव सिंधिया- संचार मंत्रालय और उत्तर पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्रालय
22. भूपेंद्र यादव- वन एवं पर्यावरण मंत्रालय
23. गजेन्द्र सिंह शेखावत- संस्कृति एवं पर्यटन मंत्रालय
24. अन्नपूर्णा देवी- महिला एवं बाल विकास मंत्रालय
25. किरेन रिजिजू - संसदीय मामले एवं अल्पसंख्यक मंत्रालय
26. हरदीप सिंह पुरी - पेट्रोलियम मंत्रालय
27. डॉ. मनसुख मंडाविया- श्रम एवं रोज़गार मंत्रालय और खेल एवं युवा मंत्रालय
28. जी किशन रेड्डी - कोयला एवं खनन मंत्रालय
29. चिराग पासवान - खाद्य प्रसंस्कृत उद्योग मंत्रालय
30. सी.आर. पाटिल - जल शक्ति मंत्रालय

**राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार**

31. राव इंद्रजीत सिंह - सांख्यिकीय एवं कार्यक्रम क्रियान्वयन, संस्कृति राज्य मंत्री
32. जितेंद्र सिंह-विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, पृथ्वी विज्ञान (स्वतंत्र प्रभार), प्रधानमंत्री कार्यालय कार्मिक, लोक शिकायत एवं पेंशन, राज्यमंत्री अंतरिक्ष और परमाणु ऊर्जा
33. अर्जुन राम मेघवल-विधि एवं न्याय मंत्रालय, संसदीय कार्य मंत्रालय
34. जाधव प्रतापराव गणपतराव-आयुष, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्यमंत्री
35. जयंत चौधरी-कौशल विकास एवं उद्यमिता विभाग मंत्रालय, शिक्षा राज्य मंत्री

**मंत्रिपरिषद में राज्य मंत्री इस प्रकार हैं : -**

1. जितिन प्रसाद - वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय तथा इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय में राज्य मंत्री
2. श्रीपाद येसो नाइक - ऊर्जा और नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय में राज्य मंत्री
3. पंकज चौधरी - वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री
4. कृष्ण पाल - सहकारिता मंत्रालय में राज्य मंत्री
5. रामदास अठावले - सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय में राज्य मंत्री
6. राम नाथ ठाकुर - कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री
7. नित्यानंद राय - गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री
8. अनुप्रिया पटेल-स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय और रसायन और उर्वरक मंत्रालय में राज्य मंत्री
9. वी. सोमन्ना - जल शक्ति मंत्रालय एवं रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री
10. डॉ. चन्द्र शेखर पेम्मासानी - ग्रामीण विकास; और संचार मंत्रालय में राज्य मंत्री
11. प्रो. एस. पी. सिंह बघेल - पंचायती राज मंत्रालय और मत्स्य पालन, पशुपालन एवं डेयरी उद्योग मंत्रालय में राज्य मंत्री
12. शोभा करंदलाजे - सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम और श्रम एवं रोजगार मंत्रालय में राज्य मंत्री
13. कीर्तिवर्धन सिंह - विदेश मंत्रालय और वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय में राज्य मंत्री
14. बी.एल.वर्मा - उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय और सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय में राज्य मंत्री
15. शांतनु ठाकुर - बंदरगाह, नौवहन और जलमार्ग मंत्रालय में राज्य मंत्री
16. सुरेश गोपी - पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय और पर्यटन मंत्रालय में राज्य मंत्री
17. डॉ. एल. मुरुगन - संसदीय कार्य मंत्रालय और सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय में राज्य मंत्री
18. अजय टम्टा - सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय में राज्य मंत्री
19. बंदी संजय कुमार - गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री
20. कमलेश पासवान - ग्रामीण विकास मंत्रालय में राज्य मंत्री
21. भागीरथ चौधरी - कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री
22. सतीश चन्द्र दुबे - कोयला एवं खान मंत्रालय में राज्य मंत्री
23. संजय सेठ रक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री
24. रवनीत सिंह बिट्टू - खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय और रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री
25. दुर्गादास उइके - जनजातीय मामलों के मंत्रालय में राज्य मंत्री
26. श्रीमती रक्षा निखिल खडसे - युवा मामले और खेल मंत्रालय में राज्य मंत्री
27. सुकांत मजूमदार - शिक्षा मंत्रालय और उत्तर पूर्वी क्षेत्र का विकास मंत्रालय में राज्य मंत्री
28. सावित्री ठाकुर मंत्रालय में महिला बाल विकास राज्य मंत्री
29. तोखन साहू - आवास और शहरी मामलों के मंत्रालय में राज्य मंत्री
30. राज भूषण चौधरी - जल शक्ति मंत्रालय में राज्य मंत्री
31. भूपति राजू श्रीनिवास वर्मा - भारी उद्योग मंत्रालय और इस्पात मंत्रालय में राज्य मंत्री
32. हर्ष मल्होत्रा - सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय और कारपोरेट मामलों के मंत्रालय में राज्य मंत्री
33. श्रीमती निमुबेन जयंतीभाई बांभणिया - उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय में राज्य मंत्री
34. मुरलीधर मोहोल - सहकारिता मंत्रालय और नागरिक उड्डयन मंत्रालय में राज्य मंत्री
35. जॉर्ज कुरियन - मत्स्य पालन, पशुपालन, डेयरी व्यवसाय मंत्रालय में राज्य मंत्री और अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री
36. पबित्रा मार्गेरिटा - विदेश मंत्रालय और वस्त्र मंत्रालय में राज्य मंत्री

## सार संक्षेप

### सिधरा में आईईडी बरामदगी से जम्मू पुलिस ने किया इनकार

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर में जम्मू पुलिस ने सोमवार को शहर के बाहरी इलाके सिधरा क्षेत्र में इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस की बरामदगी से इनकार किया। पुलिस प्रवक्ता ने कहा कि जम्मू में सिधरा राजमार्ग पर आईईडी पाए जाने की फैल रही अफवाहें फर्जी और निराधार हैं।

### शिवराज ने दिल्ली में मंगुभाई पटेल से की सौजन्य भेंट

**भोपाल।** केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सोमवार को नई दिल्ली में मध्य प्रदेश के राज्यपाल मंगुभाई पटेल से सौजन्य भेंट की। चौहान नई दिल्ली में मप्र के राज्यपाल पटेल से सौजन्य भेंट की। इस दौरान विभिन्न समसामयिक विषयों पर चर्चा हुई। वहीं प्रतिदिन पौधरोपण के क्रम में सोमवार को उन्होंने नई दिल्ली के चाणक्यपुरी में सपरिवार चंपा का पौधा रोपा।

### बिहार पुलिस बनेगी डिजिटली स्मार्ट, प्रशिक्षण शुरू

**पटना।** आपराधिक कानूनों में हुए बड़े बदलाव के साथ बेहतर सामंजस्य बिठाकर अनुसंधान करने और कांडों का शीघ्र उद्भेदन करने के उद्देश्य से बिहार पुलिस को डिजिटली स्मार्ट और सक्षम बनाने की कार्यवाही सोमवार से तेज हो गई है। पुलिस महानिदेशक आर.एस.भट्टी ने सोमवार से यहां ज्ञान भवन के बापू सभागार में नए आपराधिक कानून, विधि विज्ञान एवं डिजिटल पुलिसिंग आदि विषयों पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण का उद्घाटन किया। उन्होंने प्रशिक्षण में उपस्थित पुलिस पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि यह सामान्य पुलिस प्रशिक्षण कार्यक्रम नहीं है। यह ऐसा कार्यक्रम है, जो बिहार पुलिस को पूरी तरह से बदल सकता है।

### अमरवाड़ा विस सीट पर उपचुनाव दस जुलाई को

**भोपाल।** मध्य प्रदेश की अमरवाड़ा विधानसभा सीट (अजजा) पर 10 जुलाई को मतदान होगा। चुनाव आयोग ने सोमवार को सात राज्यों की 13 रिक्त विधानसभा सीटों के लिए उपचुनाव कार्यक्रम की घोषणा की, जिसमें अमरवाड़ा भी शामिल है। आयोग की ओर से जारी विज्ञप्ति के अनुसार मप्र की अमरवाड़ा (अजजा) के लिए उपचुनाव की अधिसूचना 14 जून को जारी की जाएगी। नामांकन पत्र 21 जून तक भरे जा सकेंगे और उनकी जांच 24 जून को की जाएगी। नामांकन पत्रों की वापसी की अंतिम तिथि 26 जून होगी। मतदान दस जुलाई को कराया जाएगा, जिसके बाद 13 जुलाई को मतगणना होगी। अमरवाड़ा सीट से कांग्रेस के विधायक रहे कमलेश शाह के त्यागपत्र दिए जाने के कारण यहां उपचुनाव हो रहा है। पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ के कट्टर समर्थक माने जाने वाले शाह पिछले साल हुए विधानसभा चुनाव में कांग्रेस से विधायक चुने गए थे।

# मोदी मंत्रिपरिषद में मध्य प्रदेश से छह मंत्री

**भोपाल,** 10 जून (एजेंसियां)। केंद्र में लगातार तीसरी बार सत्तारूढ़ होने वाली राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार के शपथ ग्रहण करने वाले मंत्रियों में मध्य प्रदेश से छह सांसदों को स्थान मिला है। मध्य प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने सभी 29 सीटों पर विजय हासिल की है। रविवार रात हुए शपथ ग्रहण समारोह में कैबिनेट मंत्री के रूप में सर्वश्री शिवराज सिंह चौहान, डॉ. वीरेंद्र कुमार और ज्योतिरादित्य सिंधिया ने शपथ ग्रहण की है, जो क्रमश: राज्य के विदिशा, टीकमगढ़ और गुना संसदीय क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करते हैं।

लगभग 16 साल तक राज्य के मुख्यमंत्री रहे चौहान केंद्र में पहली बार मंत्री बने हैं। वहीं सिंधिया और डॉ. वीरेंद्र कुमार पूर्ववर्ती राजग सरकार में भी मंत्री पद का दायित्व संभाल रहे थे। इसके अलावा राज्य मंत्री के रूप में एल मुरुगन, दुर्गादास उइके और सावित्री ठाकुर शामिल किए गए हैं। मुरुगन मूल रूप से तमिलनाडु निवासी हैं, लेकिन वे वर्तमान में मध्य प्रदेश से राज्यसभा सांसद हैं, इसलिए उन्हें इस राज्य के कोटे से जोड़ा जा रहा है। वे पूर्ववर्ती सरकार में भी राज्य मंत्री पद का दायित्व निभा रहे थे। इसके साथ ही उइके और ठाकुर पहली बार केंद्र सरकार में मंत्री बनाए गए हैं। यह दोनों सांसद जनजातीय वर्ग का प्रतिनिधित्व करते हैं और क्रमश: बैतूल तथा धार संसदीय क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करते हैं। माना जा रहा है कि राज्य से केंद्रीय मंत्रिपरिषद में स्थान पाने वाले सांसदों के चयन में क्षेत्रीय और जातीय समीकरण को ध्यान में रखा गया है। चौहान और सिंधिया जहां अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) का प्रतिनिधित्व करते हैं तो डॉ. वीरेंद्र कुमार अनुसूचित जाति का प्रतिनिधित्व करते हैं। वे टीकमगढ़ के पहले सागर संसदीय क्षेत्र का भी प्रतिनिधित्व कर चुके हैं और वर्तमान मंत्रिपरिषद में इस अंचल के हितों का भी ध्यान रख सकेंगे।



■ भाजपा ने सभी 29 लोकसभा सीटों पर की है विजय हासिल

चौहान मध्य प्रदेश के मध्य अंचल का प्रतिनिधित्व करते हैं। चूंकि चौहान राज्य में 16 वर्ष से अधिक समय तक मुख्यमंत्री रहे हैं, इसलिए उन्हें संपूर्ण राज्य की भौगोलिक, सामाजिक और प्रत्येक कोण से विस्तृत जानकारी है।

## मोहन यादव ने नवनियुक्त केंद्रीय मंत्रियों से की भेंट

**भोपाल।** मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने नई दिल्ली प्रवास के दौरान अनेक केंद्रीय मंत्रियों से भेंट की। डॉ. यादव ने नवनियुक्त केंद्रीय मंत्री डॉ. वीरेंद्र कुमार, शिवराज सिंह चौहान एवं अन्य मंत्रीगणों से उनके निवास जाकर भेंट की। उन्होंने केंद्रीय मंत्री डॉ. वीरेंद्र कुमार खटीक के परिजनों से भी भेंट की। मुख्यमंत्री ने नवनियुक्त केंद्रीय मंत्रीगण को बधाई एवं मंगल कामनाएं दीं और आशा व्यक्त की कि उनके मंत्रालय के सहयोग से मध्य प्रदेश में प्रगति के नए आयाम खुलेंगे। मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने हरियाणा स्टेट गेस्ट हाउस में केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर से सौजन्य भेंट की।



# एक महीने में महायुति के 40 विधायक एमवीए में होंगे शामिल : वडेट्टीवार

## विधानसभा चुनाव से पहले वापस आना का किया दावा



**मुंबई,** 10 जून (एजेंसियां)। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एसपी) के बाद महाराष्ट्र विधानसभा में विपक्ष के नेता विजय वडेट्टीवार ने सोमवार को दावा किया है कि सत्तारूढ़ महायुति के कम से कम 40 विधायक एक महीने में महाविकास अघाड़ी (एमवीए) में शामिल हो सकते हैं। मुंबई में मीडियाकर्मियों से बातचीत के दौरान कांग्रेस नेता विजय वडेट्टीवार ने कहा कि महायुति के घटक दलों शिवसेना और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के विधायक अगले एक महीने में घर वापसी के लिए कांग्रेस और एनसीपी (एसपी) के संपर्क में हैं। रोहित पवार ने कहा था कि अजीत पवार के नेतृत्व वाली एनसीपी के लगभग 19-20 विधायक शरद पवार के पक्ष में लौटना चाहते हैं। हालांकि, एनसीपी और शिवसेना नेताओं ने कहा है कि उनके विधायक उनके साथ हैं। उन्होंने एनसीपी (एसपी)-कांग्रेस के दावों को हताशा से उपजा हुआ बताकर खारिज कर दिया था। वहीं दूसरी ओर राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा-अजित पवार) ने दावा किया है कि उसने महाराष्ट्र के पुणे लोकसभा क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी उम्मीदवार मुरलीधर मोहोल की चुनाव में जीत हासिल करने में बहुत बड़ी भूमिका निभाई है।

पुणे राकांपा प्रमुख दीपक मानकर ने सोमवार को यहां मोहोल को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मंत्री परिषद में शामिल किए जाने का श्रेय लेते हुए कहा कि राकांपा-अप के कार्यकर्ताओं ने उनकी जीत भी बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा कि मोहोल को मोदी सरकार में जगह मिल गई है। मानकर ने शहर के गुप्ते मंगल हॉल में सोमवार को पार्टी का 25वां स्थापना दिवस मनाने के बाद पत्रकारों से बातचीत में यह बात कही।

### कई विधायक हमारे संपर्क में हैं

विजय वडेट्टीवार ने दावा किया, लोकसभा चुनाव और उसके बाद के घटनाक्रम के बाद उनके कई विधायक हमारे संपर्क में हैं। वे अक्टूबर में होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले वापस आना चाहते हैं। विजय वडेट्टीवार का यह बयान एनसीपी (एसपी) विधायक रोहित पवार की तरफ से किए गए इसी तरह के दावे के कुछ दिनों बाद आया है।

## आतंकी हमले में शामिल दहशतगर्दों को बख्शा नहीं जाएगा : मनोज सिन्हा

**जम्मू,** 10 जून (एजेंसियां)। जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा सोमवार को रियासी आतंकी हमले में घायल हुए लोगों के हाल जानने के लिए जीएमसी जम्मू पहुंचे। इस दौरान उन्होंने कहा कि आतंकी हमले में शामिल दहशतगर्दों को बख्शा नहीं जाएगा। आतंकियों की पकड़ के लिए पुलिस, सीआरपीएफ, सेना की तरफ से सयुंक्त ऑपरेशन चलाया जा रहा है। आतंकियों को निश्चित रूप से दंड मिले, इसका प्रयास जारी है। सबसे पहले प्रशासन की प्राथमिकता है कि घायलों को बचाया जा सका। उन्होंने कहा की प्रधानमंत्री मोदी, कैबिनेट मंत्री अमित शाह भी मामले पर नजर बनाए हुए हैं। मोदी ने रियासी में आतंकी हमले की पूरी जानकारी रविवार को ही जम्मू-कश्मीर के एलजी मनोज सिन्हा से ली। मनोज सिन्हा ने ट्वीट कर बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने स्थिति का जायजा लिया और उनसे हालात पर लगातार नजर रखने तथा परिवारों को हर संभव सहायता सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। सुरक्षा बलों ने आतंकवादियों की तलाश के लिए एक संयुक्त अभियान शुरू किया है और हमले के पीछे जो लोग हैं उन्हें बख्शा नहीं जाएगा। इस जघन्य कृत्य के पीछे जो भी लोग हैं, उन्हें जल्द ही दंडित किया जाएगा। प्रधानमंत्री ने यह भी निर्देश दिया है कि सभी घायलों को सर्वोत्तम संभव चिकित्सा देखभाल और सहायता प्रदान की जाए।



**कवायद** *रियासी में श्रद्धालुओं से भरी बस पर हुए आतंकी हमले की जांच में जुटी एनआईए*

# हमले के विरोध में रियासी बंद, शिवखोड़ी पहुंचने वालों की संख्या घटी

■ सुरेश एस डुग्गर

**जम्मू, 10 जून (देशबन्धु)। रियासी हमले में शामिल आतंकियों को तलाशने और उन्हें मार गिराने की कवायद के तहत एनआईए भी जुटी हुई है और हजारों सैनिक भी। दर्जनों मुश्की कुत्ते हमलावरों की थाह पाने की कोशिश में हैं जबकि बीसियों ड्रोन भी आसमान से सैनिकों की आंखें बन धरती पर नजरें रखे हुए हैं।**

इस बीच इस हमले के विरोध में रियासी में बंद रहा और शिवखोड़ी में पहुंचने वालों की संख्या बहुत कम रही। रियासी जिले में श्रद्धालुओं से भरी बस पर हुए आतंकी हमले की जांच एनआईए के हवले कर दी गई है। राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) की टीम पुलिस की मदद करने और जमीनी हालात का आंकलन करने के लिए सोमवार को सुबह जम्मू संभाग के जिला रियासी पहुंच गई थी। एनआईए की फोरेंसिक टीम भी जमीनी स्तर से साक्ष्य जुटाने में मदद करने की कोशिश कर रही है। अधिकारियों ने बताया कि राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए), राज्य जांच एजेंसी (एसआईए) और फोरेंसिक विभाग की टीमों ने आतंकवादी हमले के स्थल का दौरा किया और जांच शुरू की। रियासी में आतंकी हमले को लेकर शिवखोड़ी के आधार शिविर रनसू में सोमवार को बाजार भी बंद रहा। दुकानदारों ने दुकानें बंद रखीं। घोड़ा, पिट्टू और पालकी की सेवा देने वाले लोगों ने सोमवार को हमले के विरोध में अपनी सेवाएं बंद रखी। दुकानदारों ने बाजार में एक जगह एकत्रित होकर धरना दिया। इस दौरान हमले पर कड़ा रोष जताया गया। साथ ही हमले में मारे गए लोगों के परिजनों संग संवेदनाएं व्यक्त कीं। इसके साथ ही घायलों के जल्द स्वस्थ होने की कामना की। रियासी में पुलिस, एसओजी, सीआरपीएफ, सेना के जवानों द्वारा तलाशी अभियान चलाया जा रहा है। वन क्षेत्र में तलाशी के लिए ड्रोन का इस्तेमाल किया जा रहा है। रविवार की शाम को रियासी में तीर्थयात्रियों को ले जा रही एक बस पर आतंकवादियों ने हमला किया था, जिसमें एक मासूम बच्चे समेत नौ श्रद्धालुओं की जान चली गई थी, जबकि कई गंभीर घायल हैं। अधिकारियों ने बताया कि सेना, पुलिस और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) समेत सुरक्षा बलों ने राजौरी जिले की सीमा से लगे तेरयाथ-पोनी-शिव खोरी इलाके की बहुआयामी घेराबंदी कर दी है। उन्होंने बताया कि ड्रोन और खोजी कुत्तों समेत निगरानी उपकरणों से लैस होकर इलाके और जिले के आसपास के इलाकों में व्यापक तलाशी अभियान शुरू हो गया है। सूत्रों ने बताया कि हमले में शामिल आतंकवादियों के पड़ोसी राजौरी और रियासी के ऊपरी इलाकों में छिपे होने की आशंका है। उन्होंने बताया कि इस इलाके में घने जंगल और गहरी खाइयां हैं। रियासी की वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मोहिता शर्मा ने बताया कि इलाके में तलाशी अभियान शुरू कर दिया गया है।




■ आतंकियों को तलाश रहें हजारों सैनिक व ड्रोन

उल्टा पुल्टा

पति : तुम्हारे पापा मानते क्यों नहीं ? जले पर नमक छिड़कने की आदत गई नहीं अब तक उनकी।
पत्नी : क्यों क्या हुआ ?
पति : आज फिर से पूछ रहे थे कि मेरी बेटी से शादी करके खुश तो हो न ?





# दिल्ली में मुनक नहर का रख-रखाव न होने के कारण भारी मात्रा में पानी हो रहा बर्बाद

## राजनिवास में उपराज्यपाल वीके सक्सेना की अध्यक्षता में हुई उच्च स्तरीय बैठक

**नई दिल्ली,** 10 जून (एजेंसियां)। दिल्ली में पानी को लेकर छिड़ी जुबानी जंग के बीच मुनक नहर से पानी चोरी होने व रिसाव के कारण बर्बाद होने का मामला सामने आया। सोमवार को राजनिवास में उपराज्यपाल वीके सक्सेना की अध्यक्षता में उच्च स्तरीय बैठक हुई। इस बैठक में जलापूर्ति के मुद्दे पर जल मंत्री आतिशी मार्लेना, मंत्री सौरभ भारद्वाज, मुख्य सचिव और दिल्ली जल बोर्ड के सीईओ के साथ चर्चा हुई। इस बैठक में बताया गया कि दिल्ली के 9 में से 7 जल शोधन संयंत्रों (डब्ल्यूटीपी) में



मुनक नहर के किनारे टैंकरों की कतार लगी तस्वीरें की साझा

हरियाणा से मिलने वाले पानी के लिए मुनक नहर एक मुख्य स्रोत है। नहर का रखरखाव न होने के कारण भारी मात्रा में पानी चोरी व बर्बाद हो रहा है। निरीक्षण के दौरान नहर के आसपास अनाधिकृत रूप से पानी उठाते हुए देखा गया है। बैठक में उपराज्यपाल ने मंत्रियों के साथ वे तस्वीरें भी साझा कीं जिनमें दिल्ली में मुनक नहर के किनारे टैंकरों की कतार लगी हुई थी और वे अवैध रूप से पानी उठा रहे थे।

### पूरी क्षमता से काम कर रहे डब्ल्यूटीपी

दिल्ली में वजीराबाद डब्ल्यूटीपी को छोड़कर सभी अपनी क्षमता से अधिक काम कर रहे हैं। वजीराबाद डब्ल्यूटीपी यमुना में वजीराबाद बैराज के पीछे बने रिजर्वॉयर से पानी लेता है। पिछले दस सालों में यहां से गाद नहीं निकाली गई जिस कारण इसकी गहराई 4.26 मीटर से घटकर 0.42 मीटर रह गई है। जिससे पानी की क्षमता में 90 प्रतिशत तक की कमी आई है। इसके अलावा लंबित चंद्रावल डब्ल्यूटीपी और द्वारका डब्ल्यूटीपी के चालू होने पर भी चर्चा की गई।

### ठोस योजना बनाए बोर्ड : आतिशी

एलजी ने जर्जर पाइप लाइन के कारण 40 प्रतिशत पानी के रिसने और शहरी क्षेत्र में 54 प्रतिशत पानी का भी मुद्दा उठाया। इस पर मंत्री ने भी अपनी सहमति जताते हुए कहा कि इसके समाधान के लिए जल्द ही डीजेबी द्वारा एक ठोस कार्य योजना तैयार की जाएगी। एलजी ने आश्वासन दिया कि जलापूर्ति के मामले को हरियाणा सरकार के समक्ष उठाएंगे। साथ ही उन्होंने मंत्रियों को व्यर्थ के आरोप-प्रत्यारोप में न पड़ने की सलाह दी है। उन्होंने कहा कि हरियाणा को अपने आबंटित हिस्से से ऊपर अतिरिक्त पानी दे दे, तब भी दिल्ली के पास पानी का ट्रीटमेंट करने और दिल्ली के लोगों को आपूर्ति करने के लिए पर्याप्त डब्ल्यूटीपी और क्षमता नहीं है। मुनक नहर में मरम्मत और चोरी आदि के कारण 25 प्रतिशत पानी की बर्बादी और शहरी क्षेत्र में 54 प्रतिशत पानी, जिसमें 40 प्रतिशत रिसाव और पानी की चोरी शामिल है। इसके कारण जल संकट पैदा हुआ है। इसे रोकने से पानी की समस्या दूर होगी। बैठक में कहा गया कि हिमाचल ने 137 क्यूसेक पानी अतिरिक्त रूप से यमुना में छोड़ा या नहीं इसका पता नहीं चला। एलजी ने मंत्री से इस संबंध में हिमाचल की प्रदेश सरकार के साथ मामला उठाने को कहा है।

# पुरानी दिल्ली की सड़कों की दुर्दशा पर उपराज्यपाल को लिखा पत्र

**नई दिल्ली,** 10 जून (एजेंसियां)। दिल्ली भाजपा के प्रवक्ता प्रवीण शंकर कपूर ने दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना को पत्र लिखकर उनका ध्यान पुरानी दिल्ली में अजमेरी गेट को लाहौरी गेट से जुड़ने वाले श्रद्धानंद मार्ग के साथ ही पुल कुतुब रोड, नया बाजार, खारी बावली, फतेहपुरी चौक एवं चर्च मिशन रोड़ की दुर्दशा की ओर आकृष्ट किया है। उन्होने कहा है की दिल्ली सरकार एवं स्थानीय विधायक इमरान हुसैन और प्रह्लाद सिंह साहनी की लापरवाही के चलते गत दस बारह साल से इन सड़कों का जीर्णोद्धार नहीं हुआ है। सड़कों पर जगह जगह इतने बड़े बड़े गड्ढे हैं की 100 मीटर भी वाहन आराम से चलाना असम्भव है। आये दिन पुरानी दिल्ली की इन सड़कों पर खासकर श्रद्धानंद मार्ग एवं चर्च मिशन रोड़ पर ठेले, रिक्शा एवं ई रिक्शा पलटने की दुर्घटनाएं होती हैं जिनमे लोग तो चोटिल होते ही हैं व्यापारियों को माल का नुकसान भी होता है। प्रवीण शंकर कपूर ने उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना से अनुरोध किया है की वह स्वंय इन सड़कों का निरिक्षण करके दिल्ली सरकार के लोक निर्माण विभाग को सड़कों के जीर्णोद्धार का निर्देश दें।



# अधिकारियों ने कबूला हरियाणा दे रहा पूरा पानी : वीरेंद्र सचदेवा

## आतिशी पर लगाया झूठ बोलने का आरोप

**नई दिल्ली,** 10 जून (एजेंसियां)। दिल्ली में पानी की किल्लत को लेकर सियासी घमासान मचा हुआ है। आम आदमी पार्टी के नेताओं की ओर से लगातार आरोप लगाया जा रहा है कि दिल्ली में हो रही पानी की किल्लत के लिए हरियाणा जिम्मेदार है। दिल्ली सरकार में मंत्री आतिशी ने उपराज्यपाल वीके सक्सेना से मुलाकात की, जिस पर प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने पलटवार किया है। दिल्ली सरकार की मंत्री आतिशी ने सोमवार को दिल्ली के उपराज्यपाल से मुलाकात कर बताया कि हरियाणा की ओर से दिल्ली के लिए पूरी तरह से पानी नहीं छोड़ा जा रहा है, जिसके चलते दिल्ली में पानी की किल्लत हो रही है। आतिशी के इस बयान पर दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा की प्रतिक्रिया सामने आई है। उन्होंने कहा कि हम पहले भी कहते रहे हैं कि दिल्ली सरकार की कमियों के चलते पानी की किल्लत है। दिल्ली के लोग पानी के लिए तरस रहे हैं। इसके लिए सिर्फ और सिर्फ आम आदमी पार्टी जिम्मेदार है। आतिशी को झूठ की मशीन बताते हुए सचदेवा ने कहा कि रविवार को हरियाणा और दिल्ली के अधिकारी मुनक नहर पर गए थे। जहां दोनों राज्यों के अधिकारियों ने माना कि हरियाणा दिल्ली को सरप्लस पानी दे रहा है। अगर हरियाणा कम पानी दे रहा था तो दिल्ली के अधिकारियों ने क्यों कहा कि हरियाणा पूरा पानी दे रहा है। अपने झूठ को छिपाने के लिए आतिशी झूठ बोलती हैं। उन्होंने आगे कहा कि दिल्ली में पानी की दिक्कत केजरीवाल के टैंकर माफियाओं की वजह से है। मुनक नहर के पास टैंकर माफिया का कब्जा है। दिल्ली में पानी की समस्या के लिए दिल्ली सरकार जिम्मेदार है।



## सार संक्षेप

### कुड़ी हरियाणा वाल दी के कलाकारों ने बिखेरा जलवा, जमकर झूमे फैंस

**नई दिल्ली।** दिल्ली के द्वारका स्थित वेगस मॉल अपने प्रशंसकों की एक झलक पाने के लिए पूरी तरह ग्लैमर और उत्साह से भरा रहा। पंजाबी फिल्म कुड़ी हरियाणा वाल दी के कलाकारों की मौजूदगी से वहां उपस्थित प्रशंसकों के लिए यादगार शाम रहा, जहां करीब 3000 से अधिक प्रशंसक पसंदीदा पंजाबी अभिनेताओं एमी विर्क,सोनम बाजवा और अजय हूडा की एक झलक पाने को उत्सुक नजर आए। मॉल में प्रशंसकों की काफी भीड़ जुटी हुई थी और अपने पसंदीदा कलाकारों की झलक पाने को बेताब दिखे। इस दौरान उन्होंने अपनी आगामी फिल्म के बारे में जानकारी साझा की और लोगों को इस फिल्म को 14 जून से सिनेमा घर में जाकर देखने का आग्रह किया। वेगस मॉल के उपाध्यक्ष रविंदर चौधरी ने कहा हम मॉल में कुड़ी हरियाणा वाल दी की स्टार कास्ट की मेजबानी करके रोमांचित हैं। प्रशंसकों ने अपने सितारों को उनकी फिल्म का ट्रेलर की झलक देख़ और उनसे बातचीत करते हुए शानदार समय बिताया।

### एनसीआर को जाम की समस्या से मिलेगी निजात

**नई दिल्ली।** एनसीआर को जाम की समस्या से निजात मिलने की आस जग गई है। केंद्र सरकार की कई योजनाएं एनसीआर में चल रही हैं, जिससे ट्रैफिक जाम से लोग पार पा सकेंगे। इसमें द्वारका एक्सप्रेसवे, अर्बन एक्सटेंशन-2, दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेस वे, दिल्ली-मुंबई कनेक्टर और कटरा एक्सप्रेस-वे शामिल है। साथ ही एलिवेटेड रोड की योजना बनी है। एलिवेटेड रोड वर्तमान सड़क से ऊपर उठकर चलेगा और हल्के वाहन इस एलिवेटेड रोड से आवागमन कर सकेंगे। पॉड टैक्सी भी चलाने की योजना है। दरअसल यह आस एनसीआर के लोगों को तब जगी है जब पूर्वी दिल्ली के सांसद हर्ष मल्होत्रा को सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय में राज्य मंत्री बनाया गया है। पिछले कार्यकाल में नितिन गडकरी ने तैयार की थी योजना। लोगों को उम्मीद है कि केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी के इस महत्वकांक्षी योजना को बतौर केंद्रीय राज्य मंत्री वह सहयोगी हर्ष मल्होत्रा रफ्तार देंगे। फिलवक्त धौला कुआं से मानेसर, गुरुग्राम तक बड़ी संख्या में लोगों का आना-जाना रहता है। इसके चलते घंटों जाम में फंसकर लोगों को परेशान होना पड़ता है। इसे ही देखते हुए पिछले कार्यकाल में नितिन गडकरी ने योजना तैयार की ताकि जाम से मुक्ति मिल सके।

### हेरोइन की तस्करी के आरोप में महिला सहित तीन गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** उत्तर पूर्वी जिला नारकोटिक्स दस्ते ने हेरोइन की तस्करी करने वाली एक महिला और उसके बेटा और बेटी को गिरफ्तार किया है। इनके कब्जे से पुलिस ने 460.64 ग्राम हेरोइन बरामद की है। जिसकी कीमत करीब 20 लाख रुपए आंकी गई है। गिरफ्तार मुख्य आरोपी सीमा नंदनगरी थाने की घोषित बदमाश है और उसे दो साल के लिए तड़ीपार किया गया था। हाल ही में दिल्ली आने के बाद तस्करी करने लगी। गिरफ्तार तस्करों की पहचान नंदनगरी निवासी सीमा (55) आकाश (27) और शिल्पा (29) के रूप में हुई है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि मादक द्रव्य की तस्करी करने वालों पर नारकोटिक्स सेल लगातार निगरानी कर रही थी।

# हरियाणा दे दिल्ली के हक का पानी : आप

## दिल्ली का पानी रोकने पर हरियाणा सरकार के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन

**नई दिल्ली,** 10 जून (एजेंसियां)। हरियाणा की भाजपा सरकार द्वारा दिल्ली के हक का पानी रोकने के खिलाफ आम आदमी पार्टी सड़क पर उतर गई है। सोमवार को आम आदमी पार्टी के दिल्ली प्रदेश उपाध्यक्ष एवं विधायक कुलदीप कुमार, शिव चरण सिंह, विनय मिश्रा व सोमदत्त शर्मा और महिला विंग की दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष सारिका चौधरी ने कार्यकर्ताओं के साथ भाजपा मुख्यालय, हरियाणा भवन, मंडी हाउस और कनॉट प्लेस समेत अन्य जगहों पर जोरदार विरोध प्रदर्शन किया और भाजपा की केंद्र और हरियाणा सरकार से दिल्ली के हक का पानी देने की मांग की। इस दौरान विधायकों और कार्यकर्ताओं ने 'भाजपा वालों, दिल्ली का पानी मत रोको' के पोस्टर्स हाथ लेकर जमकर नारेबाजी की और भाजपा की हरियाणा सरकार को दिल्ली के हक का पानी तत्काल छोड़ने की मांग की। आम आदमी पार्टी के दिल्ली प्रदेश उपाध्यक्ष एवं विधायक कुलदीप कुमार ने कहा कि इस समय दिल्ली में



पानी की बहुत बड़ी समस्या है। इसके लिए हम हिमाचल और हरियाणा की सरकार से मांग कर रहे थे और एलजी साहब से भी कह रहे थे कि वो दिल्ली के पानी को सुनिश्चित करें। हम सुप्रीम कोर्ट भी गए, लेकिन कोर्ट के आदेश के बावजूद हरियाणा सरकार हिमाचल से आने वाले 137 क्यूसेक पानी को नहीं छोड़ रही है। इसके अलावा अन्य नहरों से दिल्ली में आने वाले 200 क्यूसेक पानी को हरियाणा सरकार ने रोक दिया है। ये लोग दिल्ली के लोगों को प्यासा मारना चाहते हैं और दिल्ली से बदला लेना चाहते हैं। हरियाणा की भाजपा सरकार की गंदी राजनीति के खिलाफ हम आज हरियाणा भवन के बाहर अपना विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं।

### दिल्ली की जनता बहुत परेशान है : सारिका चौधरी

आप की दिल्ली महिला विंग की अध्यक्ष सारिका चौधरी ने कहा कि दिल्ली की जनता बहुत परेशान है। रोजमर्रा के काम तो दूर की बात है। इस समय दिल्ली में पीने के लिए भी पानी नहीं है। चुनाव से तीन दिन पहले हरियाणा सरकार से दिल्ली का पानी रोक दिया, ताकि दिल्लीवासी अरविंद केजरीवाल को वोट न करें और उनकी छवि खराब हो। अब सुप्रीम कोर्ट ने भी आदेश दे दिया है, लेकिन हरियाणा सरकार दिल्ली के लोगों को बिल्कुल पानी नहीं दे रही है। इस समय पूरी दिल्ली में त्राहि-त्राहि मची है। लोगों के घरों में पीने के लिए पानी नहीं है। हरियाणा सरकार दिल्ली के लोगों से नफरत क्यों करती है? वो दिल्ली के लोगों को ऐसी हालत में कैसे छोड़ सकती है। हम हरियाणा सरकार और मोदी जी से भी विनती करते हैं कि वो राजनीति करना बंद करें।




■ नई दिल्ली में नीट परीक्षा में हुई धांधली के खिलाफ सड़कों पर उतरकर विरोध प्रदर्शन के दौरान नारेबाजी करते विद्यार्थी। फोटो : इम्तियाज खान

# जम्मू-कश्मीर में श्रद्धालुओं से भरी बस पर आतंकी हमला शर्मनाक : श्रीनिवास बीवी

## युवा कांग्रेस ने रियासी आतंकवादी हमले के मृतकों को दी श्रद्धांजलि

**नई दिल्ली,** 10 जून (एजेंसियां)। युवा कांग्रेस ने जम्मू-कश्मीर के रियासी में तीर्थयात्रियों की बस पर हुए आतंकवादी हमले में मारे गए श्रद्धालुओं को कैंडल मार्च निकाल कर सोमवार को श्रद्धांजलि अर्पित की। युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी वरुण पांडे ने यह जानकारी देते हुए बताया कि संगठन के कार्यकर्ताओं ने युवा कांग्रेस कार्यालय के बाहर एकत्रित होकर कैंडल मार्च निकाला लेकिन पुलिस ने उन्हें आगे नहीं बढ़ने दिया। इसलिए कार्यकर्ताओं ने सड़क पर बैठकर रियासी में आतंकवादी हमले में मारे गए श्रद्धालुओं को




श्रद्धांजलि अर्पित की। पांडे के अनुसार युवा कांग्रेस के अध्यक्ष श्रीनिवास बीवी ने मार्च में शामिल कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि जम्मू-कश्मीर में श्रद्धालुओं से भरी बस पर आतंकवादियों का हमला कायराना, बेहद दुखद तथा शर्मनाक है तथा वह इसकी कड़ी निंदा करते हैं। उन्होंने कहा कि आश्चर्य की बात यह है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हमले की निंदा करने की बजाय पाकिस्तान के प्रधानमंत्री की शुभकामनाएँ स्वीकार करने में व्यस्त हैं। युवा कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि आतंकवाद मानवता के खिलाफ हिंसक कार्रवाई है और इसके खिलाफ पूरा देश एकजुटता से खड़ा है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार दावा करती है कि जम्मू-कश्मीर में शांति का माहौल है लेकिन यह घटना सरकार के दावे पर सवाल खड़ा करती है इसलिए प्रधानमंत्री को इस मुद्दे पर चुप्पी तोड़नी चाहिए।

# राजधानी में गर्मी से कोई राहत के आसार नहीं

**नई दिल्ली,** 10 जून (एजेंसियां)। राष्ट्रीय राजधानी वासियों को अगले सात दिनों तक झुलसाने वाली गर्मी और लू से राहत मिलने के कोई आसार नहीं दिखाई दे रहे हैं। मौसम विभाग ने सोमवार को राजधानी में अगले तीन दिनों के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया। मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के नवीनतम आंकड़ों के मुताबिक एक मई से 10 जून के बीच 40 दिनों में से 32 दिन राष्ट्रीय राजधानी का अधिकतम तापमान 40 डिग्री से ऊपर दर्ज किया गया था। गर्मी ने पिछले 14 सालों का रिकॉर्ड ध्वस्त कर दिए। राजधानी में अगले सात दिनों



■ गर्मी ने पिछले 14 सालों का रिकॉर्ड किए ध्वस्त

तक आसमान साफ रहने और कई स्थानों पर झुलसाने वाली गर्मी और लू चलने और दिन के समय 35 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने की उम्मीद है। इस दौरान दिल्ली में अधिकतम तापमान 44-45 डिग्री सेल्सियस तक रहने का अनुमान है। राजधानी के कुछ अलग-अलग हिस्सों में आज लू भी चली, आसमान साफ रहा और तापमान 45 डिग्री सेल्सियस के आसपास दर्ज किया गया। सोमवार को प्रचंड गर्मी के कारण सुबह और दोपहर को कई सड़कें वीरान नजर आईं।

### मध्यम श्रेणी में आबोहवा बरकरार

राजधानी में हवा की दिशा बदलने से आबोहवा मध्यम श्रेणी में बरकरार है। सोमवार को वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 171 रहा, जोकि मध्यम श्रेणी में है। सर्वाधिक इलाकों में एक्यूआई 200 के पार दर्ज किया। दिल्ली की हवा समग्र रूप से मध्यम श्रेणी में बनी रही। मौसम विभाग के मुताबिक बृहस्पतिवार तक हवा मध्यम श्रेणी में रहने का अनुमान है। सीपीसीबी के अनुसार एनसीआर में ग्रेटर नोएडा का सबसे अधिक वायु गुणवत्ता सूचकांक दर्ज किया। यहां एक्यूआई 185 रहा, यह मध्यम श्रेणी है। गुरुग्राम में सबसे साफ हवा रही, यहां एक्यूआई 95 संतोषजनक श्रेणी में दर्ज किया गया। फरीदाबाद में 170, नोएडा में 156 व गाजियाबाद में 144 एक्यूआई दर्ज किया।

# रमाकांत स्मृति कहानी पुरस्कार को हिंदी के पांच कथाकारों के नाम का चयन

## सितम्बर में दिल्ली में आयोजित होगा पुरस्कार समारोह

**नई दिल्ली,** 10 जून (एजेंसियां)। हिंदी के मशहूर लेखक रमाकांत के नाम पर दिए जाने वाले रमाकांत स्मृति कहानी पुरस्कार के लिए हिंदी के पांच कथाकारों के नाम का चयन किया गया है। रमाकांत स्मृति कहानी पुरस्कार समिति के संयोजक महेश दर्पण ने यह जानकारी देते हुए बताया कि 2019 से 2023 तक के लिए यह पुरस्कार कथाकार निर्देश निधि, अंजू शर्मा, आशा पांडे, अखिलेश श्रीवास्तव तथा गीताश्री को दिया गया है। पुरस्कार समरोह सितम्बर में दिल्ली में आयोजित होगा। पांच पुरस्कारों की घोषणा के साथ ही यह सम्मान पाने वाले कथाकारों की कुल संख्या 25 हो गई है। दर्पण ने घोषित पुरस्कारों का विवरण देते हुए बताया कि 2019 का रमाकांत स्मृति कहानी पुरस्कार निर्देश निधि को कथादेश में प्रकाशित उनकी कहानी मैं ही आयी हूं बाबा को दिया जाएगा। पुरस्कार के लिए इस कहानी का चयन चर्चित कथाकार महेश कटारे ने किया है। कथाकार अंजू शर्मा को 2020 के लिए हंस में छपी उनकी कहानी द हैप्पी बड्डे ऑफ सुमन चौधरी को दिया गया है। उनकी इस कहानी का चयन वरिष्ठ व्यंग्यकार तथा उपन्यासकार प्रदीप पंत ने किया है। कथादेश में प्रकाशित आशा पांडेय की कहानी डेढ़ सेर चांदी का चयन 2021 के रमाकांत स्मृति कहानी पुरस्कार के लिए किया गया है।

इस कहानी का चयन प्रसिद्ध रंगकर्मी देवेंद्रराज अंकुर ने किया है जबकि 2022 का सम्मान अखिलेश श्रीवास्तव चमन की वर्तमान साहित्य में प्रकाशित रचना इच्छा के लिए कवि-अनुवादक केवल गोस्वामी को दिया गया हैं। वर्ष 2023 का पुरस्कार गीताश्री की नई धारा में छपी कहानी शमशान वैराग्य को दिया गया है। इस कहानी का चयन फिल्मकार अनवर जमाल ने किया है। अब तक यह पुरस्कार जिन 20 रचनाकारों को दिया गया है उनमें कथाकार नीलिमा सिंह, कृपाशंकर, अजय प्रकाश, मुकेश वर्मा, नीलाक्षी सिंह, सूरजपाल चौहान, पूरन हार्डी, अरविंद कुमार सिंह, नवीन नैथानी, योगेंद्र आहूजा, उमाशंकर चौधरी, मुरारी शर्मा, दीपक श्रीवास्तव, आकांक्षा पारे काशिव, ओमा शर्मा, किरन सिंह, इंदिरा दांगी, विवेक मिश्र, दिव्या शुक्ला और राकेश तिवारी शामिल हैं। इन पांच पुरस्कारों को मिलाकर अब तक के कुल 25 पुरस्कार हो जाएंगे।

# दिल्ली सबकी व सबको अपनाती है : कक्कड़

**नई दिल्ली,** 10 जून (एजेंसियां)। आम आदमी पार्टी की मुख्य प्रवक्ता प्रियंका कक्कड़ ने सोमवार को संवाददाता सम्मेलन में कहा कि दिल्ली सबकी है और सबको अपनाती है। देशभर के लोग अच्छी शिक्षा, स्वास्थ्य और बेहतर रोजगार के लिए यहां आते हैं। वहीं भाजपा दिल्ली के लोगों के पानी का हक रोक रही है। सड़क से लेकर सुप्रीम कोर्ट कर तक हर जगह संघर्ष करेंगे और भाजपा की नकारात्मक राजनीति दिल्ली में एक बार फिर विफल होगी। 31 मई को दिल्ली सरकार सुप्रीम कोर्ट गई और बताया कि अचानक लू के चलते दिल्ली में तापमान 53 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है और पानी की मांग बढ़ गई है। हमने अदालत को बताया कि हिमाचल प्रदेश सरकार 137 क्यूसेक अतिरिक्त पानी दिल्ली को देने के लिए तैयार हैं।


**उत्तर रेलवे**

आज़ादी का अमृत महोत्सव

इलेक्ट्रॉनिक निविदा ई प्रणाली के अन्तर्गत मदों की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मुख्य सामग्री प्रबन्धक उत्तर रेलवे नई दिल्ली-110001 द्वारा इच्छुक फर्मों से निम्नलिखित मदों के लिये ई-निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| क्र.सं. | निविदा सं0 | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 82248836A | इंसुलिन बाइफैसिक एस्पार्ट इंज (इंसुलिन एस्पार्ट और इंसुलिन एस्पार्ट प्रोटामाइन 30/70) कैट्रिज 100IU प्रति एमएल 3 एमएल प्रत्येक (इंटरमीडिएट एक्टिंग) 15 कार्ट्रिज के साथ एक पेन डिवाइस | 7638 Nos. | 01-07-2024 |

निविदा शर्तें -1. विस्तृत जानकारी IREPS वेबसाइट यानी www.ireps.gov.in पर देखी जा सकती है। 2. मैनुअल निविदा स्वीकृत नहीं की जायेगी।

टेंडर नोटिस स. दिनांक 08.06.2024 1727/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



**यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण**

प्रथम तल, कॉमशियल कॉम्पलेक्स, पी-2, सैक्टर-ओमेगा-1, ग्रेटर नोएडा, जनपद गौतमबुद्ध नगर-201308 (उ0प्र0)

सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम मुस्तफाबाद (गैर आबाद), उप जिलाधिकारी, सदर, से प्राप्त वारिसान प्रमाण पत्र संख्या 904/एस0टी0-एस0डी0एम0/2018 दिनांक 03.08.2018 में मृतक श्री रामपाल पुत्र स्व0 श्री होराम निवासी ग्राम नवादा तहसील व जिला गौतमबुद्धनगर की मृत्यु दिनांक 31.01.2018 को हो चुकी है जिनके स्थान पर उनके वारिसान/सदस्यों के नाम दर्ज किये जाने प्रस्तावित है।

| क्रम संख्या | ग्राम का नाम | खसरा संख्या | मृतक काश्तकार का नाम | मृतक के परिवारिक सदस्यों के नाम | मृतक से संबंध | आयु लगभग | विशेष |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | मुस्तफाबाद (गैर आबाद) | 5स 6 7स 8स 9स 12 | श्री रामपाल पुत्र स्व0 श्री होराम निवासी ग्राम नवादा तहसील व जिला गौतमबुद्धनगर | श्री संजीव कुमार | पुत्र | 43 वर्ष | |
| | | | | श्री हरिन्द्र नागर | पुत्र | 33 वर्ष | |
| | | | | श्रीमती सविता | पुत्री | 38 वर्ष | |
| | | | | श्रीमती पूनम | पुत्री | 35 वर्ष | |

उपरोक्त वारिसानों के संबंध में यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर अपनी आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में मृतक के स्थान पर इनके वारिसानों का नाम 07 प्रतिशत आबादी भूखण्ड एवं 64.7 प्रतिशत अतिरिक्त प्रतिकर संबंधी अभिलेखों में दर्ज करा दिया जायेगा।

तहसीलदार
यमुना एक्सप्रेसवे प्राधिकरण



**यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण**

प्रथम तल, कॉमशियल कॉम्पलेक्स, पी-2, सैक्टर-ओमेगा-1, ग्रेटर नोएडा, जनपद गौतमबुद्ध नगर-201308 (उ0प्र0)

सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम अट्टा गुजरान में उप जिलाधिकारी सदर से प्राप्त परिवार सदस्यता प्रमाण पत्र संख्या 956/एस0टी0-एस0डी0एम0/2023 दिनांक 09.10.2023 मृतक स्व0 श्रीमती श्यामवती पत्नी स्व0 श्री किरनपाल नि0 ग्राम चॉदपुर की मृत्यु दिनांक 16.04.2012 को हो चुकी है उनके स्थान पर उनके वारिसानों के नाम निम्न प्रकार दर्ज दर्ज किया जाना प्रस्तावित है।

| ग्राम का नाम | खसरा संख्या | मृतक काश्तकार का नाम | मृतक के परिवारिक सदस्यों के नाम | मृतक से संबंध | आयु लगभग | विशेष |
|---|---|---|---|---|---|---|
| पचोकरा | 48 | स्व0 श्रीमती श्यावती पत्नी स्व0 श्री किरनपाल नि0 ग्राम पचोकरा | श्री श्यौराज | पुत्र | 47 वर्ष | |
| | | | श्रीमती उर्मिला पत्नी स्व0 अशोक कुमार | पूत्रवधू | 58 वर्ष | |
| | | | श्रीमती रिंकी पुत्री स्व0 अशोक कुमार | पौत्री | 27 वर्ष | विवाहित |
| | | | श्रीमती पिंकी पुत्री स्व0 अशोक कुमार | पौत्री | 25 वर्ष | विवाहित |
| | | | श्रीमती राजबाला पत्नी स्व0 हरीदत्त | पुत्रवधू | 50 वर्ष | |
| | | | श्री सतेन्द्र पुत्र स्व0 हरीदत्त | पौत्र | 27 वर्ष | |
| | | | श्री देववृत भाटी पुत्र स्व0 हरीदत्त | पौत्र | 20 वर्ष | |
| | | | श्रीमती बबीता रानी पुत्र स्व0 हरीदत्त | पौत्री | 25 वर्ष | विवाहित |

उपरोक्त वारिसानों के संबंध में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर अपनी आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में मृतक के स्थान पर इनके वारिसानों का नाम 07 प्रतिशत आबादी भूखण्ड व 64.7 प्रतिशत अतिरिक्त प्रतिकर संबंधी अभिलेखों में दर्ज करा दिया जायेगा।

तहसीलदार
यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण

# कैपिटल ज़ोन

**उवाच**

"नगर निगम कचरा पृथक्करण को लेकर प्रतिदिन शहर वासियों को जागरूक किया जा रहा है। डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन वहां भी कचरा पृथक्करण के लिए जन-जन को जागरुक किया जा रहा है। स्वच्छ भारत मिशन की टीम भी अभियान के रूप में आंतरिक वार्डों में जाकर प्रतिदिन शहर के निवासियों को कचरा पृथक्करण के लिए सक्रिय हैं। डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन वाहनों में भी चार प्रकार के कंपार्टमेंट लगे हुए हैं।"

**विक्रमादित्य मलिक, नगर आयुक्त गाजियाबाद**

## छात्रों को दाखिला दिलाने के नाम पर ठगी करने वाले 6 गिरफ्तार



- 5.6 करोड़ के 61 चेक बरामद
- नामी कॉलेज में दाखिला दिलाने का देते थे झांसा

**नोएडा,** 10 जून (देशबन्धु)। नोएडा एनसीआर में भोले भाले 12वीं पास छात्रों को अलग-अलग विश्वविद्यालय में दाखिला दिलाने के नाम पर ठगी करने वाले 6 लोगों को थाना सेक्टर-113 पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इसमें दो युवतियां शामिल है। इनके पास से 61 चेक 5 करोड़ 6 लाख 50 हजार रुपए के बरामद किए गए है। साथ ही करीब 4 लाख रुपए कैश बरामद किया गया। इन लोगों ने सेक्टर-58 में एक ऑफिस खोला था। वहीं से ठगी की घटना को अंजाम दे रहे थे।

एडीसीपी मनीष मिश्र ने बताया कि इनकी पहचान राहुल कुमार पुत्र योगेन्द्र सिंह, अनुपम कुमार पुत्र सतेन्द्र कुमार, दयानन्द पांडे उर्फ मोहित पुत्र दिनेश पांडे, सचिन सिंह पुत्र रामकेश सिंह, विदुषी लोहिया पुत्री चन्द्रगुप्त लोहिया, निकिता उपाध्याय पुत्री संजय उपाध्याय हुई है। एडसीपी ने बताया कि सोनू कुमार उर्फ रणवीर सिंह, गिरफ्त में आया राहुल कुमार और अनुपम तीनो पार्टनर है। इन तीनों ने मिलकर एक आफिस नोएडा और दूसरा पुणे में खोला है। ये लोग सोसल नेटवर्किंग साइट्स पर नेक्स्ट एजुकेशन, कैरियर कॉर्नर, गुरुकुल, एजुकेशन 5, एजुकेशन कंसलटेंसी, करियर प्लान, एडमिशन साथी आदि के जरिए स्टूडेंट्स का बायोडाटा हासिल करते थे। इस डेटा में स्टूडेंट्स का मोबाइल नंबर होता है। जिस पर चैटिंग और कॉलिंग कर ये उनकी जरुरत के हिसाब से एमबीबीएस, बीएएमएस, बीडीएस, बीएचएमएस, एमडीएम, फार्मेसी, बीई, बीटेक, एलएलबी आदि में दाखिला दिलाने का आश्वासन देते थे। एक बार राजी होने पर उनके फोन पर नामी गिनामी कॉलेज के एडमिशन फार्म भेजते थे। जिसमें एन एल डालमिया इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट स्टडी एंड रिसरर्च, वैल्लोर इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, जेपी इंस्टीट्यूट ऑफ इंफोर्मेशन टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट जीएल बजाज के अलावा एनएब्ल्यूएसी और आईएमटी शामिल है। इसके अलावा भी देश और विदेश की नामी यूनीर्विसिटी के फर्जी एडमिशन फार्म भेजते थे। एक बार स्टूडेंट कंवेंस हो जाए तो उससे फार्म भरवाकर विश्वास दिलाया जाता है कि आपका दाखिला नामी गिनामी कॉलेज में हो गया है। इसके बाद उनको दाखिला फीस और डोनेशन बताकर मोटी रकम धोखे से ली जाती थी। अधिकांश रकम चेक और कैश में ली जाती थी। एक बार चेक कैश होने पर ये नंबर बदल लेते थे या फिर बात चीत करना बंद कर देते थे।

### कैसे किया गया गिरफ्तार

एडसीपी ने बताया कि इनपुट मिलने पर थाना सेक्टर-113 नोएडा पुलिस सब्जी मण्डी सेक्टर 77 के पास जांच कर रही थी। इस दौरान एफएनजी रोड पर किया सैल्टोज गाड़ी नं बीआर 01 ईडब्ल्यू 0011 में सवार राहुल कुमार और अनुपम कुमार को गिरफ्तार किया गया। जिनकी निशान देही पर आईकोनिक टावर ए41 व ऑफिस योर नेक्स्ट स्टैप स्मार्ट शॉल्यूशन सेक्टर-62 नोएडा में छापा मारा गया। यहां से दो युवती समेत चार लोगों को गिरफ्तार किया गया। जिनके कब्जे से अलग-अलग बच्चो से लिए गए कुल 61 चेक जिनकी कुल धनराशि 5 करोड़ 6 लाख 50 हजार रुपए व 3 लाख 90 हजार रुपए नकद। इसके अलावा 2 लेपटॉप, 16 मोबाइल फोन। स्वयं लिखित डायरी, अन्य प्रपत्र आदि बरामद किए गए। एडीसीपी ने बताया कि इनके और भी साथी है जिनकी गिरफ्तारी जल्द की जाएगी।

## पब बार संचालकों की शराब मिक्सिंग पर होगी कार्रवाई



**नोएडा,** 10 जून (देशबन्धु)। गार्डन गैलेरिया/एंटरटेनमेंट सिटी मॉल का निरीक्षण रविवार रात को किया गया। इसा दौरान एक बैठक बार एंड रेस्टोरंट संचालकों के साथ भी की गई। इसमें एडीसीपी मनीष मिश्र, एसीपी नोएडा प्रथम प्रवीण कुमार सिंह, सेक्टर-39 थाना प्रभारी और आबकारी निरीक्षक की मौजूदगी में मॉल में मौजूद बार एंड रेस्टोरेंट के संचालकों को महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिए गए। सभी रेस्टोरेंट के संचालकों को किसी भी छोटी या बड़ी घटना के संबंध में तत्काल चौकी प्रभारी और थाना प्रभारी को सूचित करने के लिए निर्देशित किया गया। रेस्टोरेंट के अंदर सुरक्षा संबंधी सभी उपकरण जिसमें फायर सेफ्टी, इमरजेंसी एग्जिट गेट की व्यापक व्यवस्था हो। सभी बार रेस्टोरेंट को अवगत कराया गया कि मानकों के अनुरूप सभी रेस्टोरेंटों को खोला व बंद किया जाए। किसी भी प्रकार झगड़ा या घटना होने पर तत्काल चौकी प्रभारी अवगत कराने के निर्देश दिए गए।

सभी बार रेस्टोरेंट को निर्देशित किया गया है कि किसी भी प्रकार की शराब मिक्सिंग न होने पाए, यदि ऐसी शिकायत प्राप्त होती है तो कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। अक्सर देखा गया है कि चोरी छिपे शराब में अधिक एल्कोहल बेस बना दिया जाता है। जिससे पार्टी का एंजाए करने आए लोग अपने आपे से बाहर हो जाते है। यही वजह लड़ाई झगड़े की होती है। ऐसे में शराब मिक्सिंग नहीं होनी चाहिए।

**सभी पब बार में नाइट वीजन कैमरे लगाए जाए**

सभी बार एवं रेस्टोरेंट के अंदर नाइट विजन सीसीटीवी कैमरे लगे होने चाहिए। एक माह की रिकॉर्डिंग के साथ उपलब्ध हो। पुलिस प्रशासन के मांगने पर ये रिकार्डिंग उपलब्ध कराई जा सके। मानको के अनुसार ही काम किया जाए।

**सार** संक्षेप

### एनईए ने दी सांसद महेश शर्मा को बधाई

**नोएडा।** सोमवार को नोएडा प्राधिकरण की नोएडा एम्पलाइज एसोसिएशन ने गौतमबुद्ध नगर लोकसभा से तीसरी बार सांसद बनने एवं उत्तर प्रदेश में सबसे बड़ी जीत दर्ज करने पर डॉ. महेश शर्मा को बधाई दी, माननीय सांसद द्वारा प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया गया कि कर्मचारी हित के मुद्दों पर उनका पूरा सहयोग प्राप्त होता रहेगा। प्रतिनिधिमंडल में अध्यक्ष चौ राजकुमार सिंह, महासचिव जितेंद्र कुमार, उपाध्यक्ष धर्मेन्द्र शर्मा, सचिव नीरज राणा, अमित कुमार, राकेश भाटी, श्रवण चौहान, बिजेंद्र शर्मा, प्रमोद यादव मुख्य रूप से सम्मिलित रहे।

### जम्मू कश्मीर में हुए आतंकी हमले में घायल श्रद्धालुओं की सहायता कंट्रोल रुम स्थापित

**नोएडा।** जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा के निर्देश पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अतुल कुमार ने बताया कि जम्मू कश्मीर में आतंकियों ने शिवखोड़ी धाम से दर्शन कर लौट रही श्रदालुओं की बस पर अंधाधुंध गोली बारी की। जिसमें ड्राइवर को गोली लगने से बस अनियंत्रित होकर गहरी खाई में जा गिरी। इस घटना में कुछ श्रद्धालुओं की मृत्यु हुई है। कुछ गंभीर रूप में घायल हो गए है। कुछ श्रद्धालुओं के शव की पहचान नहीं हो पा रही है। इस सम्बन्ध में घायल उत्तर प्रदेश के नागरिकों का उपचार व उन्हें सकुशल उत्तर प्रदेश वापस लाने के लिए अपर जिलाधिकारी (न्यायिक), मोन- (9103778282) की अध्यक्षता में एक टीम गठित कर जम्मू के लिए रवाना की गई है। जनपद गौतमबुद्धनगर मुख्यालय में जिला इमरजेंसी ऑपरेशन सेंटर (कंट्रोल रुम) स्थापित किया गया है, जिसका दूरभाष नं-0120-2978231 व 0120-2978232 एवं 0120-2978233 है। किसी भी अन्य जानकारी हेतु उपरोक्त नम्बरों पर सम्पर्क किया जा सकता है।

### महाराणा प्रताप जयंती के उपलक्ष्य में रक्तदान शिविर का आयोजन



**बुलंदशहर।** सोमवार को महाराणा प्रताप जंयती के उपलक्ष्य में साप्ताहिक कार्यक्रम के अन्तर्गत स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन महाराणा प्रताप भवन अम्बा कॉलोनी बुलन्दशहर पर महाकाल ग्रुप एवं राजपूत सभा परिवार द्वारा नीलम ब्लड सैंपल के सहयोग से आयोजित किया गया, रक्तदान शिविर का आरम्भ ठा0 सुनील सिंह, संरक्षक राजपूत सभा एवं ठा0 सूर्य प्रकाश सिंह, एडवोकेट अध्यक्ष राजपूत सभा द्वारा फीता काटकर किया गया। इस अवसर पर नीलम ब्लड सेम्पल के प्रशिक्षित स्टाफ द्वारा निशान्सु राजपूत, अनूज राजपूत, रवि राजपूत, महेश एवं गौरव आदि यूवाओं द्वारा रक्तदान किया गया। इस अवसर पर रक्तदान शिविर के आयोजक दीपक ठाकुर (महाकाल भईया) द्वारा अवगत कराया गया कि समाज के कल्याण एवं जरूरत मंदो को रक्त उपलब्ध कराने हेतु महाराणा प्रताप जंयती पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया।

## जिलाधिकारी ने कार्यालय में सुनी जन शिकायतें



**अधिकारियों को दिए त्वरित निस्तारण के आदेश**

**गाजियाबाद,** 10 जून (देशबन्धु)। जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह ने सोमवार को कलैक्ट्रेट स्थित अपने कार्यालय पर जन सुनवाई की गई। जिलाधिकारी ने सम्बधित अधिकारियों को शिकायतों के त्वरित समाधान/निस्तारण हेतु आदेशित किया गया। उन्होंने कहा कि शिकायतकर्ताओं को शिकायत के निस्तारण के लिए बार-बार अधिकारियों के चक्कर न काटने पड़े। इसलिए सभी अधिकारी शिकायतों के निस्तारण की ओर विशेष ध्यान दें और शिकायत का गुणवत्तापूर्ण, समयान्तराल निस्तारण किया जाए। जन सुनवाई के लिए लम्बी कतार लगी रही। जिलाधिकारी ने क्रमवार तरीके से सभी की शिकायतों को सुना। इस दौरान एडीएम एल/ए शल सौरभ भाटिया, सिटी मजिस्ट्रेट अजय अम्बेष्ठ ने भी जनता की शिकायतें सुनी।

## कांग्रेस आज से नौ ब्लॉक में निकालेगी धन्यवाद यात्रा



**नोएडा,** 10 जून (देशबन्धु)। नोएडा में 11 से 15 जून तक कांग्रेस विधानसभा के सभी 9 ब्लाक में धन्यवाद यात्रा निकालेगी। प्रदेश कांग्रेस कमेटी उपाध्यक्ष विदित चौधरी ने प्रेस वार्ता में कहा कि लोकसभा चुनाव में कांग्रेस ने प्रदेश में 6 सीटें जीती हैं। वहीं देशभर में 99 सीट पर जीत हासिल की है। अब आम जनता का विश्वास फिर से कांग्रेस में जुड़ा है। उसे पता है कि कांग्रेस ही बेहतर सुशासन दे सकती है। उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी प्रदेश महासचिव ओमवीर यादव ने कहा कि 11 जून को जगह-जगह कार्यकर्ता लोगों से मिलेंगे। अपार समर्थन देने पर उनका आभार जताएंगे।

उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी प्रदेश सचिव पुरुषोत्तम नागर ने कहा कि कांग्रेस के धन्यवाद यात्रा 11 से 15 जून तक तीनों विधानसभा में धन्यवाद यात्रा निकालेंगे। यात्रा के दौरान लोगों का धन्यवाद करेंगे साथ ही कांग्रेस और उसके वीजन के बारे में जानकारी देंगे। बता दे पूरे प्रदेश में इस तरह की यात्रा कांग्रेस की ओर से निकाली जा रही है। इसकी शुरुआत नोएडा से होगी। गौतमबुद्ध नगर में कुल पांच विधानसभा सीट है।

जिसमें दो विधानसभा सीट खुर्जा और सिकंदराबाद है। बाकी नोएडा, दादरी और जेवर है। फिलहाल नोएडा के 9 ब्लॉक में यात्रा निकाली जाएगी। बता दे गौतमबुद्ध नगर में सपा-कांग्रेस गठबंधन के प्रत्याशी ने चुनाव लड़ा था। वो भाजपा के डॉक्टर महेश शर्मा से हार गए थे। गठबंधन का प्रत्याशी गौतमबुद्ध नगर में दूसरे स्थान पर रहा।

## व्यापारियों ने मसाला व तंबाकू अलग अलग बेचे जाने का किया विरोध

**नोएडा,** 10 जून (देशबन्धु)। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के पदाधिकारियों ने पान मसाला व तंबाकू को अलग-अलग दुकानों पर बिक्री करने का सरकारी आदेश का विरोध जताया है। व्यापारियों का कहना है कि इससे छोटे दुकानदार पूरी तरह से तबाह व बर्बाद हो जाएंगे और रोज कमाने खाने वालों को भारी नुकसान उठाना पड़ेगा। उनके समक्ष भुखमरी की स्थिति उत्पन्न हो जाएगी। अगर इसे नहीं रोका गया तो व्यापारी सड़क पर उतरकर अपना विरोध-प्रदर्शन दर्ज करेंगे।

उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल की हरौला में आयोजित एक अहम बैठक में अध्यक्ष नरेश कुच्छल व चेयरमैन राम अवतार सिंह ने कहा कि उत्तर प्रदेश में अब एक ही दुकान पर पान मसाला और तंबाकू की बिक्री पर रोक लगा दी गई है। निश्चय ही यह आदेश पूर्ण रूप छोटे-छोटे व्यापारियों खासकर रेहड़ी, ठेली, पटरी पर दुकान लगाने वाले दुकानदारों को प्रभावित करेगा। साथ ही उनके रोजी-रोटी पर लाले पड़ जाएंगे। उन्होंने प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से इस आदेश को हटाने की मांग मीडिया के माध्यम से की है। उन्होंने कहा कि पान मसाला अब व्यापारिक है, क्योंकि पान मसाला और तंबाकू का व्यवसाय हर गली, नुक्कड़ एवं चौराहे पर होता है। जिसकी अधिकतम गरीब वर्ग के व्यापारी दुकान किए हुए हैं और अपने परिवार का भरण-पोषण कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि पान मसाला और तंबाकू के जो थोक निर्माता हैं, वह तो पान मसाला के लिए अलग फैक्ट्री और तंबाकू के लिए अलग फैक्ट्री कर लेंगे। एक ही दुकान पर पान मसाला व तंबाकू पाउच बेचते पकड़े जाने पर पहले नोटिस, फिर मुकदमा व सुनवाई के बाद जुर्माना की कार्रवाई होगी। अधिकतम दो लाख रुपए तक जुर्माना का प्रावधान रखा गया है।

## विशेषज्ञों की टीम ने एमिटी के छात्रों को ब्लॉकचेन के बारे में किया जागरूक



**नोएडा,** 10 जून (देशबन्धु)। छात्रों को ब्लॉकचेन जैसे आधुनिक तकनीक का उपयोग करके स्टार्टअप प्रारंभ करने और एमिटी के साथ सहयोग के संभावित क्षेत्रों का पर विचार विमर्श किया गया। इस मौके पर ब्लॉकचेन फॉर प्रॉडक्टीविटी फोरम भारत के चेयरमैन डा सत्या एन गुप्ता ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि ब्लॉकचेन तकनीक एक उन्नत तंत्र है जो किसी भी व्यवसायिक नेटवर्क के भीतर सूचनाओं को साझा करने की अनुमति देता है। इसके संग्रहीत डेटा, एक ब्लॉकचेन डेटाबेस ब्लॉक में जमा होता है जो एक श्रृखंला में जुड़े होते है। एसटीपीआई (सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क ऑफ इंडिया) सॉफ्टवेयर निर्यातकों को सेवाएं प्रदान करने में सिंगल विंडो के रूप में कार्य करता है।

## जयंत चौधरी को मंत्री बनाए जाने पर चित्तौड़ा गांव में मना जश्न

**गाजियाबाद,** 10 जून (देशबन्धु)। चितौड़ा गांव में भूत पूर्व प्रधानमंत्री किसान मसीहा भारत रत्न परम श्रद्धेय चौ. चरण सिंह की प्रतिमा पर मालार्पण कर देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा राष्ट्रीय अध्यक्ष राष्ट्रीय लोक दल चौ. जयंत सिंह को केंद्र सरकार में मंत्री स्वतंत्र प्रभार बनाए जाने पर सभी ने प्रधानमंत्री मोदी का आभार व्यक्त किया और सभी ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी मनाई। इसके अलावा चित्तौड़ा वासियों ने इस खुशी के अवसर पर



चौधरी साहब की मूर्ति पर अपनी परंपरागत होली बजाकर खुशी का इजहार किया। इस अवसर पर सहकारिता प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष चैयरमैन अमरजीत सिंह बिड्डी, राष्ट्रीय प्रवक्ता एड अजय वीर सिंह, प्रदेश महासचिव कुंवर अयूब अली, अजय प्रमुख, प्रदेश सचिव रणवीर दहिया, प्रदीप मुखिया, विनय फफराना, बिट्टू खंजरपुर, लोकेन्द्र सिंह, विनोद गौतम, बीर सिंह सलेमाबाद, दिलावर सिंह, हरेंद्र फौजी, सोनपाल सिंह, आनंद सिंह, ऋषिपाल सिंह, इंद्रपाल सिंह, बलजीत सिंह, सुशील कुमार, जितेंद्र सिंह, मानसिंह, जोगिंदर सिंह, समरजीत सिंह, रामकुमार सिंह, समीर चौधरी, राजवीर सिंह, कुशल पाल सिंह, श्रीपाल सिंह आदि सैकड़ो लोग इस अवसर पर मौजूद रहे।

## व्यवसायिक भूखंड में बिना बिकी संपत्ति का डाटा होगा एकत्रित

### एम्स मैक्स गार्डेनिया बिल्डर की बुकिंग से संबंधित साक्ष्य किए जा रहे एकत्रित

**नोएडा,** 10 जून (देशबन्धु)। एम्स मैक्स गार्डेनिया बिल्डर के सेक्टर-75 स्थित व्यवसायिक भूखंड में बिना बिकी संपत्ति का नोएडा प्राधिकरण ने डाटा निकालना शुरू कर दिया है। प्राधिकरण स्तर पर गठित कमेटी ने बिल्डर से बुकिंग से जुड़े साक्ष्य एकत्रित करने शुरू कर दिए हैं।

नोएडा प्राधिकरण ने बीते सप्ताह एम्स मैक्स गार्डेनिया के व्यवसायिक भूखंड का आवंटन निरस्त कर दिया था। बकाया जमा नहीं करने की वजह से आवंटन निरस्त किया गया था। प्राधिकरण के रिकॉर्ड के अनुसार बिल्डर की सेक्टर-75 स्थित इको सिटी पर 1717 करोड़ रुपए बकाया हैं। वहीं बिल्डर का दावा है कि उसके आंकलन के हिसाब से 600 करोड़ रुपए बकाया हैं। इसको लेकर मामला उच्च न्यायालय में विचाराधीन है। बकाया नहीं देने पर प्राधिकरण ने इको सिटी के 60 हजार वर्ग मीटर में बने व्यावसायिक भूखंड का आवंटन निरस्त कर दिया था। इस भूखंड पर स्पेक्ट्रम मॉल बना हुआ है। यह ए, बी, सी और डी टावर में बना हुआ है। मॉल में कई जगह रेस्टोरेंट, ऑफिस व अन्य चीजें संचालित हो रही हैं। प्राधिकरण अधिकारियों का कहना है कि व्यावसायिक भूखंड में जल्द बिना बिकी संपत्ति को सील किया जाएगा। इससे पहले बिना बिकी संपत्तियों का डाटा एकत्रित किया जा रहा है। प्राधिकरण ने यहां पर चेतावनी के रूप में नोटिस भी चस्पा करा दिया है। अधिकारियों का कहना है कि दो-तीन दिन में डाटा सामने आने पर सीलिंग की कार्रवाई की जाएगी।

**सेक्टर-18 में बनने वाले क्लॉक टावर के स्थान में होगा बदलाव**

**नोएडा।** सेक्टर-18 में लगने वाले क्लॉक टावर की जगह बदली जाएगी। अगर सेक्टर-18 में ही दूसरी जगह देखी जा रही है। अगर यहां जगह नहीं मिलती है तो दूसरे सेक्टर में क्लॉक टावर लगाया जाएगा। इस क्लॉक टावर की ऊंचाई करीब 70 फिट होगी। पहले प्राधिकरण ने इसके लिए तिकोना पार्क के पास की जगह का चयन किया था। यहां पर क्लॉक टावर लगाने के साथ ही सेल्फी प्वाइंट भी बनाया जाना था। इसलिए प्राधिकरण ने नई जगह तलाशने का निर्णय लिया है। अगले हफ्ते तक लोकेशन फाइनल कर दी जाएगी। नोएडा प्राधिकरण की एसीईओ वंदना त्रिपाठी ने बताया कि नई जगह की तलाशने के निर्देश दिए गए हैं। जगह का चयन होने के बाद क्लॉक टावर बनवाने का काम शुरू करवाया जाएगा। क्लॉक टावर उस जगह बनाया जाएगा जहां पर ट्रैफिक न फंसे।

नगर निगम की वेस्ट से बेस्ट मुहिम

## मंदिर में चढ़े हुए फूलों से बन रही धूप बत्ती





**शहर की सफाई में ग्रहणियों की अहम भागीदारी, स्वच्छता सभी की है जिम्मेदारी : नगर आयुक्त**

- **प्लास्टिक बोतलों से हैंगिंग बॉस्केट**

**गाजियाबाद,** 10 जून (देशबन्धु)। नगर निगम की वेस्ट से बेस्ट मुहिम रंग ला रही है। जिसके तहत मुहिम मंदिर में चढ़े हुए फूलों से बन रही धूप बत्ती, प्लास्टिक बोतलों से हैंगिंग बॉस्केट बनाये जा रहे हैं। लोग नगर निगम की इस मुहिम की प्रशंसा कर रहे हैं।

नगर आयुक्त विक्रमादित्य मलिक ने बताया कि नगर निगम कचरा पृथक्करण को लेकर प्रतिदिन शहर वासियों को जागरूक किया जा रहा है। डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन वहां भी कचरा पृथक्करण के लिए जन-जन को जागरुक किया जा रहा है। स्वच्छ भारत मिशन की टीम भी अभियान के रूप में आंतरिक वार्डों में जाकर प्रतिदिन शहर के निवासियों को कचरा पृथक्करण के लिए सक्रिय हैं। डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन वाहनों में भी चार प्रकार के कंपार्टमेंट लगे हुए हैं। जिनके लिए एसबीएम टीम जन-जन को जागरुक करते हुए अलग-अलग कंपार्टमेंट में ही कचरे के प्रकार के क्रम में कचरा डलवाती है साथ ही घरों के अंदर भी गीला कचरा अलग तथा सूखा कचरा अलग करने के लिए अपील की जा रही है। जिसमें गाजियाबाद नगर निगम सफल होता दिखाई दे रहा है शहर के पांचो जोन में अधिकांश घरों में गीला कचरा अलग तथा सूखा कचरा अलग रखा जा रहा है जो की सराहनीय है जनप्रतिनिधियों का विशेष सहयोग निगम को मिल रहा है। उन्होंने बताया कि ग्रहणियों ने कचरा पृथक्करण में अहम भूमिका निभाई है गाजियाबाद नगर निगम को सहयोग मिला है एक गीला कचरा के लिए तथा एक सूखे कचरे के लिए जिसके क्रम में ही गाजियाबाद नगर निगम के कूड़ा कलेक्शन वाहनों में कूड़ा डाला जाता है। जागरूक महिलाओं द्वारा वेस्ट से बेस्ट का कार्य भी किया जा रहा है जिस शहर के कदम स्वच्छता की ओर बढ़ रहे हैं, कवि नगर जोन अंतर्गत सबसे अधिक बेस्ट सेग्रीगेशन पर कार्य किया जाता है नगर आयुक्त द्वारा स्वास्थ्य विभाग की टीम को कचरा पृथक्करण महिम पर और अधिक बेहतर कार्य करने के निर्देश दिए गए हैं। जागरूकता अभियान से प्रेरित होकर वार्ड संख्या 45 करेड़ा मोहन नगर जो अंतर्गत कई कुशल ग्रहणियों द्वारा अपने घरों पर फूलों से एकत्र होने वाले वेस्ट से धूप बत्ती बनाने का कार्य भी घर के अंदर ही किया जा रहा है। जो की अन्य शहर वासियों के लिए प्रेरणादायक विषय है, वार्ड संख्या 67 कवि नगर जोन अंतर्गत कुशल ग्रहणियों द्वारा वेस्ट से वेस्ट की मुहिम को आगे बढ़ते हुए घर के कचरे का इस्तेमाल करते हुए घर की उपयोगी वस्तुएं बनाने का कार्य किया जा रहा है जिसमें कई कुशल ग्रहणियों द्वारा वेस्ट से हैंगिंग बॉस्केट बनाने का कार्य किया गया है। वेस्ट सूखे कचरे से उपयोगी वस्तुएं बनाने का कार्य किया जाता है जिसमें पेंसिल के स्टैंड, नाइट लैंप, हैंगिंग बॉस्केट, कपड़े की थैली बना रहे हैं।

गुटखा खाकर कहीं भी न थूकने तथा रेड स्पॉट ना बने के लिए अपील की जा रही है, इसी प्रकार क्लीन टॉयलेट का अभियान भी चलाया जा रहा है जिसमें राहगिरियों को कहीं भी खुले में शौचालय न करने की अपील की जाती है।

## गंगाजल सप्लाई को लेकर सौंपा ज्ञापन

**खोड़ा,** 10 जून (देशबन्धु)। पाइपलाइन द्वारा गंगाजल सप्लाई की मांग को लेकर खोड़ा रेजिडेंट एसोसिएशन के कार्यकर्ताओं ने जिलाधिकारी कार्यालय को ज्ञापन देकर पेयजल की समस्या का समाधान कराने की मांग की। 15 जून को मुख्यमंत्री आवास लखनऊ तक साइकिल यात्रा निकालने की जानकारी दी गई। ज्ञापन में कहा गया कि बारह लाख आबादी को पेयजल की किल्लत का सामना करना पड़ रहा है। पानी की समस्या दिनों दिन विकराल होती जा रही है। लोग बूंद बूंद पानी के लिए तरस रहे है। पिछले पांच सात वर्षों में दर्जनों बार धरना प्रदर्शन और भूख हड़ताल के बावजूद बारह लाख की आबादी को शुद्ध पेयजल की समस्याओं जूझना पड़ रहा है। दर्जनों बार नगर पालिका परिषद के अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों के आश्वासन मिलने के बाद भी समस्या के समाधान से लोग कोसों दूर खड़े दिखाई पड़ते है। निजी बोरो पर पांच से सात लाख रुपए खर्च करने पड़ते है। पेयजल के अभाव में लोगो को छह से सात बार तक बोर करवाने पड़ रहे है। कालोनी के बसावट के दौरान 40 फिट दो तीन वर्ष बाद 80 से 120 फिट उसके बाद 200 फिट 300 फिट 400 और अब 500 से 700 फिट तक बोर कराने पड़ते है। बोरो में तीन चार हार्सपावर की मोटर इस्तेमाल होने की वजह से लोगो को बिजली का बिल डबल भरना पड़ रहा है। लोग मजबूरी में मकानों को किराए पर देकर नोएडा दिल्ली और गाजियाबाद की ओर शिफ्ट कर रहे है। पानी का टीडीएस तीन हजार से अधिक पानी अत्यंत दूषित और खारा होने की वजह से त्वचा रोग का खतरा भी बना रहता है। जिलाधिकारी कार्यालय में ज्ञापन सौंपते समय केआर ए अध्यक्ष दीपक जोशी, अमरचंद ठेकेदार, हंसादत्त बेलवाल, बृजमोहन गोसाई, गोपाल पाण्डेय, उमेश सिंह, सतपाल, ललित मिश्र, नवीन गढ़ाकोटी मुकेश शर्मा पदम सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

उवाच

भारत में 2014-15 से व्हील चेयर क्रिकेट की शुरुआत हुई थी, हमने कई देशों के साथ मैच खेला है। व्हीलचेयर की दूसरी सीरीज भारत में हो रही है, मैं जरूर जीतेंगे। व्हीलचेयर मैच के पहले अंतरराष्ट्रीय मानक के तहत बहुत सारे चलेंगे आते हैं जिनको हम पूरा कर रहे हैं।

**अभय प्रताप सिंह, व्हील चेयर क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ इंडिया अध्यक्ष**



# फिल्म सिटी के निर्माण को लेकर विकासकर्ता कंपनी 22 से 24 जून के बीच लेगी जमीन पर कब्जा

- जमीन पर कब्जा लेने से पहले विकासकर्ता ने किया एसपीवी कंपनी का गठन, बैंक की गारंटी की प्रक्रिया पूरी
- जमीन पर कब्जा मिलने पर छह माह के अंदर करना होगा निर्माण कार्य शुरू
- प्रथम चरण में 230 एकड़ में विकसित होगी फिल्म सिटी, निर्माण पर 1510 करोड़ होंगे खर्च

**फिल्म सिटी के प्रथम चरण के निर्माण के लिए प्राधिकरण पहले से ही जमीन पर कब्जा ले चुका है। 24 जून को बेव्यू प्रोजेक्ट्स को जमीन पर कब्जा दे दिया जाएगा। 90 साल की लीज पर जमीन दिया गया। यमुना प्राधिकरण फिल्म सिटी के लिए संपर्क मार्ग का निर्माण करेगा। कंपनी जमीन का ट्रांसफर, सब लीज आदि नहीं कर पाएगी। सिर्फ किसी को भी सब लाइसेंस देने की छूट होगी : डॉ. अरुणवीर सिंह, सीईओ यमुना प्राधिकरण।**

**ग्रेटर नोएडा,** 10 जून (देशबन्धु)। यमुना प्राधिकरण क्षेत्र में विकसित वाली अंतरराष्ट्रीय फिल्म सिटी निर्माण को लेकर विकासकर्ता कंपनी मेसर्स बेव्यू प्रोजेक्ट्स 22-24 जून के बीच जमीन पर कब्जा लेगी। जमीन पर कब्जा लेने पर छह माह के अंदर कंपनी को निर्माण कार्य शुरू करना होगा। जमीन पर कब्जा लेने से पहले बेव्यू प्रोजेक्ट्स को समझौता ज्ञापन की अन्य शर्तों को पूरा करना होगा। बेव्यू प्रोजेक्ट्स के सीईओ व फिल्म निर्माता निर्देशक बोनी कपूर अपने कंपनी के अन्य अधिकारियों के साथ यमुना एक्सप्रेस वे प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी डॉ. अरूणवीर सिंह के पिछले दिनों बैठक कर 15 जून को जमीन पर कब्जा देने की मांग रखी। एसपीवी कंपनी और बैंक गारंटी की प्रक्रिया पूरी न कर पाने के लिए जमीन पर कब्जा लेने की तिथि आगे बढ़ा दी। हालांकि विकासकर्ता की तरफ से कहा गया है कि एसपीवी कंपनी व बैंक गांरटी की प्रक्रिया एक-दो दिन पूरी हो जाएगी। इसके बाद यमुना प्राधिकरण के साथ समझौता ज्ञापन कर जमीन पर कब्जा लेगा। कब्जा मिलने के बाद जल्द से जल्द निर्माण कार्य शुरू करने का आश्वसन बोनी कपूर की तरफ से दिया गया। कंपनी द्वारा लगाई गई सबसे बड़ी आर्थिक बिड के हिसाब से विकासकर्ता का चयन किया गया था। मार्च में बेव्यू कंपनी को मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ के हाथों से आवंटन पत्र सौंपा गया था।

230 एकड़ में फिल्म सिटी पहला चरण विकसित किया जाएगा जिस पर करीब 1510 करोड़ रुपए होने का अनुमान है। फिल्म सिटी के निर्माण से क्षेत्र में विकास को गति मिलने के साथ ही रोजगार के अवसर भी पैदा होंगे।

फिल्म सिटी निर्माण को लेकर फरवरी में आर्थिक निविदा खोली गई थी। जिसमें फिल्म निर्माता व निर्देशक बोनी कपूर की कंपनी बेव्यू प्रोजेक्ट्स एलएलपी ने रियल इस्टेट कंपनी भूटानी ग्रुप के साथ मिलकर सबसे ज्यादा 18 फीसदी रेवेन्यू शेयरिंग की बोली लगाकर प्रथम चरण के निर्माण के लिए विकासकर्ता कंपनी का अधिकार प्राप्त किया था। यमुना एक्सप्रेस वे प्राधिकरण ने सेक्टर-21 में प्रथम चरण के लिए 230 एकड़ से ज्यादा जमीन पर कब्जा लेकर तार फेसिंग कर चुका है। जमीन पर कब्जा लेने से पहले विकासकर्ता को एक विशेष वाहन (एसपीवी) कंपनी का गठन करना होगा। कार्य सम्पादन जमानत यानी बैंक गारंटी 80 करोड़ रूपए जमा करना होगा। इसके लिए प्राधिकरण के साथ समझौता ज्ञापन करना होगा। बोनी कपूर की तरफ से आश्वासन दिया गया कि 22-25 जून से पहले सारी प्रक्रिया पूरी कर जमीन पर कब्जा लेंगे। कंपनी का प्रयास होगा कि जमीन पर कब्जा मिलते ही निर्माण प्रक्रिया शुरू कर दी जाए।

यमुना एक्सप्रेस वे शहर के सेक्टर-21 में 1000 एकड़ में प्रस्तावित अंतरराष्ट्रीय फिल्म सिटी का प्रथम चरण 230 एकड़ में विकसित किया जाना है। इसमें 155 एकड़ में फिल्म उद्योग से जुड़ी इंडस्ट्री और आवासीय सुविधा होगी, जबकि 75 एकड़ में व्यवसायिक गतिविधियां होटल, मॉल और प्लॉजा होंगे। वहीं दूसरे चरण में विला, गोल्फ कोर्स व मनोरंजन पार्क होंगे। प्रथम चरण की परियोजना को 7 जोनों में बांटकर विकसित किया जाएगा, जिनकी अनुमानित लागत 1510 करोड़ रुपए है। अंतरराष्ट्रीय फिल्म सिटी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का ड्रीम प्रोजेक्ट है। इसके मूर्तरूप लेने के 8 साल बाद विकासकर्ता कंपनी को होने वाली कुल आय का 18 फीसदी हिस्सा प्राधिकरण को मिलेगा।

इसके अलावा आंतरिक विकास से लेकर फिल्म सिटी की डिजाइन, फाइनेंस आपरेट, राजस्व इकट्ठा इन सब की जिम्मेदारी विकासकर्ता कंपनी की होगी।

# लखनावली अस्थाई डंपिंग ग्राउंड पर खड़ा कूड़े का पहाड़ एक साल में हो जाएगा गायब

**लखनावली के समीप स्थित अस्थायी डंपिंग ग्राउंड पर जमा कूड़े का एक साल में निस्तारण हो जाएगा। इसके लिए प्राप्त हुई निविदा 14 जून को खोली जाएगी। चयनित कंपनी वैज्ञानिक तरीके से कूड़े का निस्तारण करेंगी। उम्मीद है कि जल्द ही इसकी प्रक्रिया शुरू हो जाएगी : संतोष कुमार, ओएसडी, ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण।**

- 14 जून को होगा कंपनी का चयन, वैज्ञानिक तरीके से किया जाएगा कूड़े का निस्तारण
- मानसून को देखते हुए कंपनी को तीन माह का अतिरिक्त समय भी दिया जाएगा
- एनजीटी के सख्त रुख को देखते हुए प्राधिकरण ने उठाया कदम
- इस बीच दनकौर के अस्तौली के पास सैनिटरी लैंडफिल साइड का काम पूरा हो जाएगा

**ग्रेटर नोएडा,** 10 जून (देशबन्धु)। लखनावली गांव के समीप स्थित अस्थाई डंपिंग ग्राउंड पर खड़ा कूड़े का पहाड़ एक साल में गायब हो जाएगा। कूड़े के निस्तारण के लिए निकाली गई निविदा 14 जून को खोली जाएगी। चयनित कंपनी को एक साल में काम पूरा करना होगा। हालांकि आगामी मानसून को देखते हुए तीन माह का अतिरिक्त समय दिया जाएगा। कंपनी को कुल छह लाख मीट्रिक टन कूड़ा वैज्ञानिक तरीके से निस्तारित करना होगा। उम्मीद है कि कूड़े निस्तारित करने की प्रक्रिया इस माह के अंत तक शुरू कर दी जाएगी। वहीं इस बीच दनकौर क्षेत्र के अस्तौली के पास स्थित सैनिटरी लैंडफिल साइड बनकर तैयार हो जाएगी।

दरअसल ग्रेटर नोएडा में स्थायी डंपिंग ग्राउंड न होने की वजह से घरों से निकलने वाले कूड़े को लखनावली गांव के समीप पड़ी खाली जमीन पर पिछले कई सालों से डाला जा रहा है। मौजूदा समय में यहां पर कूड़े का पहाड़ खड़ा हो गया। इस समय लगभग चार लाख मीट्रिक टन कूड़ा जमा है। आबादी के नजदीक डंपिंग ग्राउंड होने की वजह से लखनावली, मलकपुर, मुबारकपुर के अलावा आसपास स्थित सीआरपीएफ, सीआईएसएफ व आईटीबी कैंप में रहने वाले जवानों को भी परेशानी होती थी। इसको लेकर एनजीटी द्वारा भी आपत्ति जताई गई थी। एनजीटी के दिशा निर्देश पर कूड़े को निस्तारित करने की प्रक्रिया शुरू की गई। कूड़ा निस्तारित करने के लिए आगे आई कंपनियों के साथ हुई प्री बिड मीटिंग में उनके द्वारा दिए गए सुझावों को मानते हुए निविदा की शर्तों को अंतिम रूप दे दिया गया है। 14 जून को खोली जाने वाली निविदा में जिस कंपनी का चयन किया जाएगा, उसे कुल 6 लाख मीट्रिक टन कूड़ा निस्तारित करना होगा। अभी डंपिंग ग्राउंड पर 4 लाख मीट्रिक टन कूड़ा पड़ा है, जो बढ़कर 6 लाख मीट्रिक टन हो जाएगा। घरों से निकलने वाला अभी अस्थाई डंपिंग ग्राउंड पर भी डाला जा रहा है। इसके लिए कंपनी को 10 माह के अलावा 2 माह का अतिरिक्त समय दिया जाएगा। साथ ही आगामी मानसून को देखते हुए 3 माह का अतिरिक्त समय और दिया जाएगा। अस्थाई डंपिंग ग्राउंड पर जमा कूड़े को हटाना प्राधिकरण के सामने बड़ी चुनौती थी।

वहीं अस्तौली के पास स्थित सैनिटरी लैंडफिल साइड पर ग्रेटर नोएडा और नोएडा दोनों शहरों का कूड़ा निस्तारित किया जाएगा। लैंडफिल साइड का काम तेजी से चल रहा है।

## फुट प्रिंट भूखंड योजना से यमुना को मिले 14.71 करोड़ रुपए

**ग्रेटर नोएडा,**10 जून (देशबन्धु)। यमुना एक्सप्रेस वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण ने लोकसभा चुनाव से फुट प्रिंट के भूखंड की योजना निकाली थी। आचार सहिंता लागू होने के कारण ई-ऑक्शन नहीं हो पाया था। सोमवार को प्राधिकरण कार्यालय में पारदर्शी तरीके से भूखंड की योजना का ई-ऑक्शन किया गया। योजना में चार भूखंड के लिए पांच आवेदन आए थे। फुट प्रिंट के लिए प्राधिकरण ने बिड प्रीमियम 13.9 करोड़ रूपए निर्धारित कर रखा था। जिसके सापेक्ष प्राधिकरण को 14.71 करोड़ रूपए की बोली लगी। योजना से प्राधिकरण को करीब 74 करोड़ रूपए का लाभ हुआ और करीब 50 लोगों को रोजगार मिलेगा।

## कांग्रेस पार्टी सभी विधान सभा में निकालेगी धन्यवाद यात्रा

**ग्रेटर नोएडा,**10 जून (देशबन्धु)। जिला कांग्रेस कमेटी गौतमबुद्ध नगर के जिला अध्यक्ष दीपक भाटी चोटीवाला ने ग्रेटर नोएडा प्रेस क्लब परिसर में एक प्रेस वार्ता का आयोजन किया। पत्रकार वार्ता को सम्बोधित करते हुए दीपक चोटीवाला ने बताया कि हाल ही में संपन्न हुए लोकसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश में इंडिया गठबंधन व कांग्रेस पार्टी को मिले जन समर्थन से कांग्रेस कार्यकर्ताओं में नए उत्साह का संचार हुआ है। इसी के ध्यान में रखते हुए उत्तर प्रदेश कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व की तरफ से पूरे प्रदेश व जनपद की सभी विधानसभाओं में धन्यवाद यात्रा कार्यक्रम किया जाना सुनिश्चित किया गया है। इसी क्रम में जिला गौतमबुद्ध नगर संगठन क्षेत्र की विधानसभा दादरी व विधानसभा जेवर में कांग्रेस धन्यवाद यात्रा कार्यक्रम आयोजित करेगी। विधानसभा क्षेत्र दादरी में 14 जून व विधानसभा क्षेत्र जेवर में 15 जून को विधानसभा स्तरीय धन्यवाद यात्रा कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। जिला अध्यक्ष दीपक चोटीवाला ने साथ ही साथ बताया कि आने वाले एक माह में जिला, ब्लॉक, न्याय पंचायत व ग्राम पंचायत कमेटियों का पुनर्गठन पूर्ण कर लिया जाएगा। इस अवसर पर किसान कांग्रेस के जिला चेयरमैन गौतम अवाना, जिला संयोजक कल्पना सिंह, जिला सचिव गौरव लोहिया उपस्थित रहे।





## भाकियू महाशक्ति ने किया संगठन विस्तार

**रबूपुरा,** 10 जून (देशबन्धु)। सोमवार को गांव फलैदा में भारतीय किसान यूनियन महाशक्ति की बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें क्षेत्रीय समस्याओं पर विचार विमर्श करते हुए यमुना विकास प्राधिकरण पर जल्द महापंचायत करने का निर्णय लिया गया। इसके साथ ही संगठन विस्तार करते हुए योगेश भाटी प्रदेश उपाध्यक्ष, हरि सिंह मंडल सचिव, दीपक भाटी जिला महासचिव नियुक्त किया गया तथा कुछ अन्य लोगों को संगठन में जिम्मेदारी सौंपी गई और दर्जन से अधिक लोगों को सदस्यता ग्रहण कराई। इस दौरान राजन राणा, सुनील सिंह, बंटी सिंह लोधी, राजेश उपाध्याय, दिनेश सोलंकी, संदीप भाटी, ऋषि प्रताप, सोनू ठाकुर आदि मौजूद रहे।

## जिला वेटलैंड समिति के साथ जिलाधिकारी ने की बैठक

**ग्रेटर नोएडा,**10 जून (देशबन्धु)। जिला वेटलैंड समिति की बैठक जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट के सभागार में हुई। जिलाधिकारी ने राष्ट्रीय हरित अधिकरण नई दिल्ली में विचाराधीन कुसुम गुप्ता बनाम यू पी स्टेट वाद एवं तालाबों की वर्तमान स्थिति के संबंध में समीक्षा करते हुए तहसील एवं प्राधिकरण के अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। साथ ही तहसील एवं प्राधिकरण के अधिकारियों को निर्देश दिए कि एनजीटी में जो पहले रिपोर्ट प्रेषित की गई थी उसके बाद जो कार्रवाई की गई है उसकी भी रिपोर्ट तैयार करते हुए यथाशीघ्र उपलब्ध कराये। जिलाधिकारी ने बैठक में संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि अतिक्रमित तालाबों को मिटीगेशन में शामिल करने के कार्रवाई की जाए तथा धारा 67 के अंतर्गत विधिक कार्रवाई पूर्ण की जाए। साथ ही बीडीओ निर्देश दिए कि गांव में मॉडर्न तालाब बनवाए जाएं एवं पूर्व में जो तालाब हैं उनका भी जीर्णोद्धार कराया जाए। उन्होंने वन अधिकारी से कहा कि हिंडन नदी के किनारे जो खाली जमीन है उन पर भी पौधारोपण की कार्रवाई की जाए। बैठक में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अतुल कुमार, उप जिलाधिकारी दादरी विवेकानंद मिश्र, प्रभागीय वनाधिकारी प्रमोद कुमार, जिला विकास अधिकारी सुधा कुमारी तथा तहसील एवं प्राधिकरण के वरिष्ठ अधिकारी तथा अन्य संबंधित अधिकारी गण उपस्थित रहे।



- हिंडन नदी के किनारे खाली पड़ी जमीन पर कराएं पौधारोपण, ग्रामीण क्षेत्र में बने मॉडर्न तालाब

**LOST & FOUND**

I,Rajat Sharma S/o Vinod Kumar Sharma R/o F-18, 3rd Floor, Lajpat Nagar Delhi have lost my original Allotment letter & Transfer letter of Flat No. 8, Arsh Complex, Alpha-1, Greater Noida U.P.

**NAME CHANGE**

I, Sita Ram Singh S/o Rajendra Singh R/o G-305, Greater Noida Alpha-2, Rampur Jagir, Gautam Buddha Nagar, Surajpur, U.P.-201306 have changed the name to my minor Shabd Singh alias Aarav Singh aged 15 years and he shall hereafter be known as Aarav Singh.

## बीटेक में प्रवेश के लिए पंजीकरण आज से शुरू

**ग्रेटर नोएडा,**10 जून (देशबन्धु)। डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय के बीटेक प्रथम वर्ष में प्रवेश के लिए पंजीकरण प्रक्रिया मंगलवार 11 बजे से शुरू हो जाएगी। अभ्यर्थी 10 जुलाई तक पंजीकरण करा सकते हैं। जेईई मेंस की मेरिट के आधार पर छात्रों को प्रवेश दिया जाएगा। यूपीटेक की वेबसाइट पर जाकर छात्र अपना पंजीकरण करा सकते हैं। वहीं बीटेक बायोटेक और एग्रीकल्चर में प्रवेश के लिए पंजीकरण सीयूईटी यूजी के परिणाम घोषित होने के बाद होगा। समन्वयक प्रो. एके कटियार के अनुसार बीटेक के अलावा अन्य पाठ्यक्रमों में प्रवेश की सूचना जल्द ही विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर दी जाएगी।

- एकेटीयू के इंजीनियरिंग पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए शुरू हुई काउंसलिंग प्रक्रिया

## धर्म छिपाकर महिला से की शादी शिकायत के बाद जांच में जुटी पुलिस

**दनकौर,**10 जून (देशबन्धु)। दनकौर कस्बे की रहने वाली एक महिला ने अपने पति पर गंभीर आरोप लगाए हैं।

उनका कहना है कि हरियाणा के रहने वाले एक व्यक्ति ने चार वर्ष पहले धर्म छिपाकर उससे शादी कर ली थी। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी। महिला का कहना है कि वह पश्चिम बंगाल की रहने वाली है और उसका परिवार काफी वर्षों से दनकौर कस्बे में रह रहा है। चार वर्ष पहले हरियाणा के रहने वाले एक युवक ने अपना धर्म छिपाकर उसे प्यार के जाल के फंसाया और शादी कर ली। शादी के बाद उसे एक बच्चा भी पैदा हुआ। महिला का कहना है कि उसका पति अन्य धर्म से संबंध रखता है। इसकी जानकारी होने पर वह अपने घर लौटना चाहती थी। लेकिन आरोपी पति ने जान से मारने की धमकी दे डाली। किसी तरह आरोपी के चंगुल से निकलकर महिला सोमवार को अपने परिजनों के पास दनकौर कस्बा पहुंची। साथ ही पुलिस से मामले की शिकायत भी की।

कोतवाली प्रभारी संजय कुमार सिंह का कहना है कि मामले की जांच कर आगे में की कार्रवाई की जाएगी।

## गुर्जर समाज के दो सांसदों को मंत्रिमंडल में शामिल करने पर खुशी का माहौल

**ग्रेटर नोएडा,**10 जून (देशबन्धु)। गुर्जर समाज के दो सांसदों को केंद्रीय मंत्रिमंडल में शामिल करने पर संपूर्ण गुर्जर समाज में खुशी लहर है। ज्ञातव्य है कि 2024 के लोकसभा चुनावो में विभिन्न दलों से गुर्जर समाज के जीते सांसदों की कुल संख्या 7 है, जिनमें से जीते दो भाजपा सांसदों को केंद्रीय मंत्रिमंडल राज्य मंत्री बनाया है। इसके प्रति गुर्जर समाज ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का हार्दिक आभार जताया है। मंत्री बनने वालों में कृष्ण पाल गुर्जर को पुन: मंत्रिमंडल में शामिल किया गया है। कृष्ण पाल गुर्जर फरीदाबाद सीट से भाजपा के टिकट पर एक बार फिर सांसद चुने गए है जबकि महाराष्ट्र की रावेर सीट से रक्षा खडसे भाजपा की सांसद चुनी गई हैं। गौरतलब है कि यह पहली बार हुआ है जब केंद्रीय मंत्री मंडल में गुर्जर समाज के दो सांसदों को जगह मिली है। गुर्जा विद्या सिमित मिहिर भोज कालेज दादरी के आंनद आर्य ने इस पर खुशी जाहिर करते हुए प्रधानमंत्री को बधाई दी है।

## बेरोजगार युवक-युवतियों के लिए रोजगार पाने का सुनहरा अवसर

**ग्रेटर नोएडा,**10 जून (देशबन्धु)। बेरोजगार युवक-युवतियों को रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 12 जून को राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान दादरी में मिशन रोजगार के अंतर्गत राजकीय आईटीआई नियर कोट पुल नंगला नैनसुख रोड दादरी में रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा, जिसमें लगभग छह प्रतिष्ठित कंपनिया प्रतिभाग करेंगी। आयोजित होने वाले रोजगार मेले में प्रतिभाग करने के लिए अभ्यार्थी की आयु 18 से 26 वर्ष एवं शैक्षिक योग्यता आई.टी.आई उत्तीर्ण होना अनिवार्य है। पात्रता रखने वाले इच्छुक बेरोजगार युवक-युवतियां 12 जून को आयोजित होने वाले रोजगार मेले में अपना बायोडाटा एवं सभी मूल प्रमाण-पत्र के साथ छाया प्रति सहित 2 पासपोर्ट साइज फोटो, पैन कार्ड, आधार कार्ड आदि दस्तावेजों के साथ निर्धारित स्थान पर पहुंचकर प्रतिभाग कर सकते हैं।

पत्र नहीं मित्र
देशबन्धु
पश्चिमी उत्तर प्रदेश ब्यूरो कार्यालय
209 कृष्णा अपरा प्लाजा अल्फा कॉमर्शियल बेल्ट, ग्रेटर नोएडा
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के लिए संम्पर्क करें
खोया-पाया/ सूचना/ नाम परिवर्तन/ आवश्यकता
फोन:- 0120-4270009

पत्र नहीं मित्र
देशबन्धु
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के संपर्क करें
क्षेत्रिय कार्यालय रबुपुरा
Mob: 9411492655

Shiv Mahima Enterprises
सभी प्रकार के विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें
नाम परिवर्तन, खोया पाया, सूचना, अवश्यकता
Mob.: 9910280173
Off.-221, 2nd Floor, Meridian View Plaza, Alpha Comm. Belt, Gr. Noida

## भारत व श्रीलंका के बीच व्हीलचेयर टी-20 क्रिकेट सीरीज आज से शुरू



- शहीद विजय सिंह पथिक स्टेडियम में 11 जून से 16 जून तक चलेगी सीरीज

**ग्रेटर नोएडा,**10 जून (देशबन्धु)। अपोलो व्हीलचेयर क्रिकेट टी20 ट्रॉफी 11 जून से 16 जून, 2024 तक शहीद विजय पथिक स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, ग्रेटर नॉएडा उत्तर प्रदेश में शुरू होने जा रहा है। भाईचारे और सांस्कृतिक आदान-प्रदान के लिए श्रीलंकाई व्हीलचेयर टीम भारत पहुंच गईं है। सोमवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान, श्रीलंकाई कोच मुंगुला और कप्तान थुसिथा महिंदा ने कहा कि यह अब तक की सबसे अच्छी व्यवस्था है जो मैंने सभी देशों में देखी है। यह देखना बहुत खुशी की बात है कि भारत विकलांगता क्रिकेट को आगे ले जा रहा है और नए मानक स्थापित कर रहा है। भारतीय कप्तान सोमजीत ने कहा कि हमारी टीम मानसिक फिटनेस सहित खेल के सभी पहलुओं में लगन से तैयारी कर रही है। हमें अपने एब पर भरोसा है और हम अपने क्रिकेट से दर्शकों का मनोरंजन करने के लिए तत्पर हैं। व्हील चेयर क्रिकेट एसोसिएशन ऑफइंडिया के अध्यक्ष अभय प्रताप सिंह ने बताया कि भारत में 2014-15 से व्हील चेयर क्रिकेट की शुरुआत हुई थी, हमने कई देशों के साथ मैच खेला है।

व्हीलचेयर की दूसरी सीरीज भारत में हो रही है, मैं जरूर जीतेंगे। व्हीलचेयर मैच के पहले अंतराष्ट्रीय मानक के तहत बहुत सारे चलेंगे आते हैं जिनको हम पूरा कर रहे हैं। भारतीय दिव्यांग क्रिकेट परिषद (डीसीसीआई) के सचिव पी.वी. चौहान ने व्हीलचेयर क्रिकेट की यात्रा में क्वेंट को एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर बताया।

चौहान ने कहा कि हमारी भारतीय बधिर क्रिकेट टीम इंग्लैंड जाने के लिए तैयार है और हमारी व्हीलचेयर क्रिकेट टीम घरेलू मैदान पर श्रीलंका के खिलाफ सीरीज खेलने के लिए तैयार है। कॉरपोरेट कम्युनिकेशन कमेटी, पीडी क्रिकेट, डीसीसीआई के अध्यक्ष रईश भारद्वाज ने टूर्नामेंट पर खुशी व्यक्त की।

## यूपी कबड्डी लीग के लिए लगी बोली, अर्जुन देसवाल को 3.10 लाख में खरीदा

**ग्रेटर नोएडा,**10 जून (देशबन्धु)। उत्तर प्रदेश कबड्डी लीग (यूपीकेएल) 2024 के लिए बहुप्रतीक्षित मेगा नीलामी सोमवार को नोएडा स्थित सरोवर पोर्टिको में संपन्न हुई। इस दौरान अलग-अलग टीमों ने 120 खिलाड़ियों के लिए बोली लगाई। जिनमें सबसे ज्यादा बोली लगाते हुए लखनऊ लॉयन ने अर्जुन देसवाल को 3.10 लाख में और यमुना योद्धा ने विनय को 3.10 लाख में खरीदा। इनके अलावा संगम चैलेंजर्स ने अभिजीत मलिक को 2.60 लाख में, नोएडा निंजा ने अमित नागर को 1.45 हजार में और अवध रामदूत ने आशु सिंह को 1.5 लाख में खरीदा। सभी टीमों ने 15-15 खिलाड़ी खरीदे और हर टीम ने खिलाड़ियों पर 12 लाख रुपए इन्वेस्ट किए। नीलामी में हिस्सा लेनी वाली टीमों में बृज स्टार, गंगा किंग्स ऑफमिर्जापुर, काशी किंग्स, जेडी नोएडा निन्जा, यमुना योद्धा, लखनऊ लायंस, अवध रामदूत और संगम चैलेंजर्स शामिल रहीं। नीलामी में उपस्थित 394 खिलाड़ियों को चार अलग-अलग श्रेणियों- ए, बी, सी, डी में विभाजित किया गया था। इस आयोजन में भारतीय कबड्डी की दुनिया के कई अंतरराष्ट्रीय स्तर के प्रसिद्ध खिलाड़ी मौजूद रहे। यूपीकेएल के संस्थापक संभव जैन ने कहा कि देश के कल्चर से जुड़े खेलों को महत्व मिलना चाहिए, इसी भावना के साथ इस लीग की परिकल्पना की गई है। उन्होंने बताया कि लीग मुकाबले 11 जुलाई 2024 से शुरू होंगे और विजेता टीम को इनाम 10 लाख रुपए व रनर अप टीम को 5 लाख रुपए मिलेंगे।



## डॉ. खुशबू सिंह को मिली अमेरिकी विवि से मानद उपाधि, आईईए ने किया सम्मानित

**ग्रेटर नोएडा,**10 जून (देशबन्धु)। डॉक्टरेट की डिग्री हासिल करना कई लोगों के लिए एक उपलब्धि है। कई लोगों को जीवन में अन्य प्रतिबद्धताओं के कारण समय पर अपनी डिग्री पूरी करना कठिन लगता है। जो कोई भी स्नातक हो जाता है और मानद डॉक्टरेट उपाधि अर्जित करता है वह एक सितारा है जो गर्व के साथ बधाई का पात्र है। हस्तशिल्प कारोबार से जुड़ी खुशबू सिंह को अमेरिकन कॉस्ट कोस्ट विश्वविद्यालय द्वारा अंतरराष्ट्रीय व्यापार उद्यमिता और वैश्वीकरण में मानद डॉक्टरेट की उपाधि से सम्मानित किया गया है। कार्यक्रम का आयोजन द ललित दिल्ली में आयोजित एक समारोह में दिया गया। डॉ. खुशबू सिंह के घर पर जाकर आईआई के पदाधिकारियों ने सम्मानित किया है। इस दौरान आईईए के अध्यक्ष अमित उपाध्याय, सुनील दत्त सहित कई लोगों ने सम्मानित किया। आईईए ने गुरदीप तुली को भी मानद उपाधि मिलने पर बधाई दी है। खुशबू सिंह आज हैंडीक्राफ्ट एवं हस्त शिल्प आभूषण जगत में जाना माना नाम है, इनका जन्म देश की राजधानी नई दिल्ली में एक मध्यम वर्ग परिवार में हुआ। खुशबू सिंह आर्या फैशन की स्वामिनी है और देश विदेश में एक नए शिखर की तरफ प्रेतरित है। उनको रत्न व आभूषण क्षेत्र में उत्तर प्रदेश सरकार में मुख्य मंत्री योगी आदित्यनाथ ने सम्मानित किया गया है तथा टेक्सटाइल्स मंत्री व सरकार के संगठनों ने भी खुशबू सिंह को समय समय पर सम्मानित किया है।



- हस्तशिल्प आभूषण के क्षेत्र में वैश्विक स्तर पर मिली है पहचान

{ संपादकीय }

नई दिल्ली, मंगलवार 11 जून 2024

*संस्थापक-सम्पादक* : स्व. मायाराम सुरजन

# अब इंडिया की राह क्या हो ?

रविवार को नरेन्द्र मोदी ने तीसरी बार प्रधानमंत्री का पद सम्हाल लिया है और उनकी सरकार ने एक तरह से कामकाज शुरू भी कर दिया है। 2014 और 2019 के मुकाबले एक बड़ी चुनौती को पार करने के बाद मोदी अपनी सरकार फिर से बनाने में कामयाब तो हो गये हैं लेकिन उनके सामने खड़े कांग्रेस एवं संयुक्त प्रतिपक्षी गठबन्धन इंडिया ने उससे कहीं बड़ी बाधाओं को पार करते हुए खुद को ऐसी मजबूत स्थिति में ला खड़ा किया है जहां भाजपा का मुकाबला संसद के भीतर व बाहर दोनों जगहों पर दमदारी से किया जा सकता है। मोदी के तीसरी बार सरकार बनने के पहले से ही, सच कहा जाये तो 4 जून की रात से ही साफ हो गया था कि वह अपने पैरों पर नहीं खड़ी है। इसलिए अनुमान जताये जा रहे हैं कि यह सरकार बहुत लम्बा चलने से रही। विवादास्पद मुद्दों को लेकर जब भारतीय जनता पार्टी के सहयोगी दलों- खासकर तेलुगु देसम पार्टी (टीडीपी) एवं जनता दल यूनाइटेड (जेडीयू) से टकराव बढ़ेगा तो इस सरकार के गिरने के अनुमान जाहिर किये जा रहे हैं।

तो क्या इंडिया को इन अंतर्विरोधों के बढ़ने और भाजपा प्रणीत नेशनल डेमोक्रेटिक एलायंस (एनडीए) के अपने आप गिरने का इंतज़ार करना चाहिये ? इसका जवाब ढूंढने के लिये कई आयामों पर गौर करना होगा। पहली बात, यह तो सच है कि परस्पर टकरावों के कारण इस सरकार के गिरने का अंदेशा कई राजनीतिक विश्लेषक व्यक्त कर रहे हैं। कई तो इसकी समयावधि तक निर्धारित करने से नहीं चूक रहे हैं। यह अवधि कुछ दिनों से लेकर कुछ महीनों तक की है। इस तरह के कयासों के कई आधार हैं। इनमें प्रमुख है विभागों का वितरण। अनुमान जतलाये जा रहे हैं कि गठबंधन के जिन सहयोगी दलों को प्रभावशाली मंत्रालय, जिन्हें 'मलाईदार विभाग' भी कहा जाता है, न मिलें तो खींचतान होगी। माना जा रहा था कि सबसे रौबदार विभाग यानी गृह, रेल, विदेश और रक्षा मंत्रालयों के लिये भी कहा-सुनी सम्भावित है। इस सभी सहयोगी दल, खासकर बड़े घटक अपने पास रखना चाहेंगे। इनमें टीडीपी एवं जेडीयू शामिल हैं जिनके क्रमश: 16 व 12 सदस्य हैं और जिन पर सरकार काफी-कुछ निर्भर करती है। किसी भी एक के हाथ खींचने की देर है और मोदी सरकार का पतन हो जायेगा। दूसरा अहम मुद्दा होगा लोकसभा के अध्यक्ष पद का। आने वाली राजनीतिक परिस्थितियों में इस पद का बहुत महत्व होगा। खासकर, टकराव की स्थिति में आसंदी पर बैठे व्यक्ति का आदेश व उसकी प्रतिबद्धता मोदी सरकार के लिये निर्णायक होगी। अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार के समय टीडीपी ने ही अपने सांसद जीएमसी बालयोगी को इस पद पर बिठाने में सफलता पायी थी। बड़ी बात नहीं कि इस बार भी वह इसकी कोशिश करे। देखना यह होगा कि क्या इस बार जेडीयू यह पद पाना चाहेगा। वैसे अनुमान लगाये जा रहे थे कि दोनों दल ज्यादा मंत्री पद चाहेंगे पर इनके एक-एक सदस्य को ही केबिनेट मंत्री बनाया गया है। फिलहाल तो कोई विवाद होता नहीं दिख रहा है। राकांपा ज़रूर नाराज़ है जिसे केवल एक राज्य मंत्री का पद दिया जा रहा था। इसलिये उसका कोई प्रतिनिधि रविवार को हुए शपथ ग्रहण समारोह में शामिल नहीं हुआ।

इंडिया के लिये असली संदेश तो यही है कि वह एनडीए में विवादों के पनपने और उनके इस कदर बड़ा होने का इंतज़ार न करे जिससे सरकार गिरे। अगर यह होना है तो वह अपने समय व कारणों से होता रहेगा लेकिन विपक्ष को अपने तईं प्रयासों को जारी रखना होगा। क्या हैं वे प्रयास ? उसे वही करना है जो वह पिछले दो वर्षों से करती आई है। 2014 व 2019 के मुकाबले कांग्रेस को बड़ा जनादेश मिला है और दस वर्षों में उसके सदस्यों का आंकड़ा दहाई को छूने जा रहा है। राहुल गांधी द्वारा वायनाड या रायबरेली की एक सीट छोड़ने पर वहां से जो भी कांग्रेस प्रत्याशी लड़े, जीतेगा। इस तरह कांग्रेस 100 तक पहुंच जायेगी। दो राष्ट्रव्यापी यात्राओं के बाद राहुल का कद तो बढ़ा ही है, एक सर्वे में उन्हें पीएम के रूप में देखने वाले मोदी के मुकाबले 4 प्रतिशत ज्यादा पाये गये- यूपी में पीएम की पहली पसंद के तौर पर 36 फीसदी लोगों ने राहुल गांधी और 32 फीसदी लोगों ने नरेंद्र मोदी को चुना। यह उनकी लोकप्रियता के साथ स्वीकार्यता को भी दर्शाता है। एक उत्तर व दूसरी दक्षिण भारत की सीट जीतकर राहुल विपक्ष के नेता के सहज ही दावेदार बन जाते हैं। उनकी इसी बढ़ी ताकत से कांग्रेस पुनर्जीवित हुई है और अन्य दलों ने उसका नेतृत्व स्वीकार किया है।

ऐसे में कांग्रेस लोकसभा में वैसे ही मोदी सरकार के कारनामों का पर्दाफाश करती रहे, जैसी वह राहुल के नेतृत्व में 17वीं लोकसभा की आखिरी बैठक तक करती रही थी। मोदी द्वारा अपने मित्र कारोबारियों- गौतम अदानी व मुकेश अंबानी की होती सहायता, इलेक्टोरल बॉन्ड्स, ईवीएम के जरिये होने वाली हेराफेरी, कोरोना वैक्सीन, अग्निवीर योजना आदि ऐसे अनेक मुद्दे हैं जो कांग्रेस व इंडिया संसद के भीतर व बाहर उठाती रही है। भारत जोड़ो यात्रा, न्याय यात्रा, चुनाव प्रचार आदि में भी विपक्ष ने ये मुद्दे जोर-शोर से उठाये थे। इनका असर भी पड़ा। महिलाओं, युवाओं, किसानों, मजदूरों, आदिवासियों आदि के लिये जो वादे कांग्रेस ने अपने न्याय पत्र में किये थे, उन्हें आधार मानकर पूरे इंडिया ब्लॉक को एक मजबूत आवाज दोनों सदनों में उठानी होगी। सामाजिक न्याय के लिये जातिगत जनगणना की वह मांग कर सरकार की घेराबन्दी करे। इंडिया के घटक दलों पर मोदी सरकार के आक्रमण और भी होंगे, तो भी वह अपनी लड़ाई को आगे बढ़ाये।

# मजबूरी का नाम एनडीए



राजेंद्र शर्मा

> यह किसी से छुपा हुआ नहीं था कि यह चुनाव, भारत का अब तक का सबसे नाबराबरी का चुनाव था। यह एक ऐसा चुनाव था जिसमें बराबरी के मुकाबले की यह न्यूनतम से न्यूनतम शर्त भी पूरी नहीं हो रही थी कि चुनाव आयोग, जिस पर स्वतंत्र व निष्पक्ष चुनाव कराने का दायित्व था, कम से कम निष्पक्ष दिखाई देने की कोशिश करेगा।

बेशक, 9 जून की शाम को राष्ट्रपति भवन के कोर्टयार्ड में पूरे बहत्तर सदस्यों के जंबो मंत्रिमंडल के शपथ ग्रहण के साथ, नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार की तीसरी पारी शुरू हो गयी है। लेकिन, यह तीसरी पारी कितनी असामान्य होने जा रही है, इसका अंदाजा एक इसी तथ्य से लगाया जा सकता है कि इस चुनाव में कौन जीता है और कौन हारा है, इसके विवाद पर सरकार के शपथग्रहण के बावजूद, संतोषजनक तरीके से विराम नहीं लग पाया है। इसमें शक नहीं कि 4 जून को देर शाम 18वीं लोकसभा के चुनाव की मतगणना लगभग पूरी होने तक, जब इंडिया गठबंधन की गिनती 240 पर रुक गयी और दूसरी ओर भाजपा और उसके 2024 के चुनाव के सहयोगियों की गिनती बहुमत के 272 के आंकड़े को पार कर 290 पर पहुंच गयी, तभी इतना तो सभी यथार्थवादी प्रेक्षकों के सामने साफ हो गया था कि नरेंद्र मोदी लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ जरूर लेंगे। यह इसके बावजूद था कि कुल मिलाकर इस चुनाव में जिस तरह का जनादेश आया है, उसे देखते हुए खुद संघ-भाजपा के समर्थकों के भी एक हिस्से को यह मानने में हिचक थी कि इस चुनाव का फैसला, नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार के जारी रहने के पक्ष में है। 2024 के चुनाव से निकली लोकसभा सदस्यों की गिनती बेशक, भाजपा और उसके सहयोगियों के मिलकर सरकार बनाने का रास्ता बनाती थी, लेकिन इस चुनाव का जनादेश कुछ और ही कह रहा था।

यह किसी से छुपा हुआ नहीं था कि यह चुनाव, भारत का अब तक का सबसे नाबराबरी का चुनाव था। यह एक ऐसा चुनाव था जिसमें बराबरी के मुकाबले की यह न्यूनतम से न्यूनतम शर्त भी पूरी नहीं हो रही थी कि चुनाव आयोग, जिस पर स्वतंत्र व निष्पक्ष चुनाव कराने का दायित्व था, कम से कम निष्पक्ष दिखाई देने की कोशिश करेगा। इसका नतीजा यह हुआ कि एक ओर सत्ताधारी पार्टी, चुनावी मुकाबले में विपक्ष को पंगु करने के लिए, शासन के सभी दमनकारी साधनों का खुलेआम इस्तेमाल करते हुए, जिसमें विपक्षी मुख्यमंत्रियों को जेल में डालने से लेकर विपक्षी पार्टियों के खाते जाम करना तक शामिल था, निष्पक्षता की धज्जियां उड़ा रही थी। तो दूसरी ओर सत्ताधारी पार्टी को अपने शीर्ष नेताओं से लेकर नीचे तक, विपक्ष के खिलाफ सरासर झूठे और सांप्रदायिक प्रचार को हथियार बनाने के जरिए, जनता के जानकारी पर आधारित चुनाव करने के अधिकार की जड़ें ही काटने की खुली छूट मिली हुई थी। इसके ऊपर से सत्ताधारी पार्टी को मुख्यधारा के मीडिया को न सिर्फ पैसे तथा मीडिया धन्नासेठों के समर्थन के बल पर अपने लिए छेक लेने का बल्कि तरह-तरह के सर्वेक्षणों के जरिए उसे मारक हथियार बनाने का और कुल मिलाकर बेशुमार पैसा बहाने तथा विपक्ष के संसाधनों के सारे स्रोत सुखाने का भी, मौका मिला हुआ था। इसके बावजूद, इस चुनाव में जनता ने जो फैसला सुनाया था, साफ तौर पर भाजपा के खिलाफ था।

बेशक, चार सौ पार के जो दावे सत्तापक्ष और उसके मीडिया में छाए प्रचारकों द्वारा विधिवत चुनाव प्रचार शुरू होने से महीनों पहले से शुरू कर, एक्जिट पोलों तक के जरिए किए जा रहे थे, उन सबके सामने, सत्ताधारी भाजपा का 240 के आंकड़े पर और सहयोगियों को भी जोड़कर, 292 के आंकड़े पर अटक जाना भी, किसी हार से कम नहीं था। लेकिन, बात सिर्फ इतनी ही नहीं थी। इससे बड़ी बात यह थी कि जहां अकेले भाजपा के 370 पार और संगियों के साथ मिलकर चार सौ पार जाने का दम भरा जा रहा था, जब नतीजे आए भाजपा खुद 240 सीटों पर सिमट गयी और सहयोगियों के साथ मिलकर मुश्किल से बहुमत का आंकड़ा पार कर पायी। इतना ही नहीं, 2019 के चुनाव में भाजपा को जो 303 सीटें हासिल हुई थीं, उनमें पूरे 20 फीसद यानी 63 सीटों की कमी इस चुनाव में जनता ने कर दी और उसके गठजोड़ की सीटों में से भी करीब इतनी ही कमी। साफ है कि जनता ने पिछले चुनाव के मुकाबले, सत्ताधारी दल और उसके गठजोड़ को ठुकराया ही है, उसे अपनी करनियों और अकरनियों के लिए राजनीतिक सजा ही दी है।

इसी का एक और साक्ष्य, पिछले चुनाव के मुकाबले भाजपा और उसके गठजोड़ के मत प्रतिशत में भी बहुत ज्यादा न सही, फिर भी कुछ न कुछ गिरावट का ही होना है। खुद भाजपा के मत फीसद में यह गिरावट इसलिए और भी उल्लेखनीय हो जाती है कि 2024 में उसने तमिलनाडु, पंजाब जैसे राज्यों में सभी सीटों पर चुनाव लड़ते हुए, पिछले चुनाव के मुकाबले काफी ज्यादा सीटों पर चुनाव लड़कर भी, पिछली बार के मुकाबले करीब 1 फीसद कम वोट हासिल किया है। चुनाव आयोग के आंकड़ों के अनुसार, 2019 में भाजपा को 37.36 फीसद वोट मिला था, जो इस चुनाव में घटकर 36.56 फीसद ही रह गया है। इस चुनाव में सहयोगियों के साथ मिलकर भी सत्तापक्ष का मत फीसद 42.5 फीसद से ज्यादा नहीं बैठता है।

बेशक, यह कहा जा सकता है कि लोकसभा सदस्यों की गिनती के हिसाब जनादेश भाजपा के खिलाफ होने के बावजूद, गठबंधन के हिस्से के तौर पर तो भाजपा जनादेश का दावा कर ही सकती है। वास्तव में खुद नरेंद्र मोदी ने भी गठबंधन की आड़ लेकर ही, जनादेश का दावा करने की कोशिश की है। एनडीए संसदीय दल की बैठक में अपने भाषण में नरेंद्र मोदी ने गठबंधन का ही सहारा लेकर यह दावा किया था कि "न हम हारे थे, न हम हारे हैं!" इसके लिए हाथ की सफाई का सहारा लेते हुए, मोदी ने यह दावा किया था कि 'किसी से पूछो कि पहले क्या था, एनडीए था, अब क्या है, एनडीए है', वही तब भी जीता था, वही अब भी जीता है, आदि। इसमें हाथ की सफाई अन्य बातों के अलावा इसमें थी कि 2024 के चुनाव के बाद, चंद्रबाबू नायडू की तेलुगू देशम की जिन 16 और जनता दल यूनाइटेड की 12 सीटों के समर्थन के बल पर नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बहुमत का दावा किया जा रहा है, ये दोनों ही पार्टियां इस चुनाव के दौरान ही भाजपा द्वारा विशेष ऑपरेशन चलाकर, जिसमें विभिन्न रूपों में सरकारी मशीनरी का इस्तेमाल भी शामिल है, एनडीए में शामिल की गयी थीं। याद रहे कि चंद्रबाबू नायडू की तेलुगू देशम् ने 2019 का चुनाव भाजपा के खिलाफ लड़ा था, जबकि जनता दल यूनाइटेड के सुप्रीमो नीतीश कुमार, 2024 के चुनाव के लिए ही बने इंडिया एलाइंस के सूत्रधारों में रहने के बाद, अचानक पल्टी खिलाकर भाजपा के पाले में ले आए गए थे। जाहिर है कि उनके समर्थन के बल पर 'एनडीए जीता था, एनडीए जीता है' का दावा करना, अर्द्धसत्य का ही सहारा लेना है।

एनडीए के संसदीय दल की बैठक में नरेंद्र मोदी ने भले ही एनडीए के 30 साल की दुहाई दी हो, सच्चाई यह है कि 2014 में नरेंद्र मोदी के सत्ता में आने के बाद गुजरे दस साल में, एक राजनीतिक गठबंधन के रूप में एनडीए कॉमा की अवस्था में ही पड़ा रहा है, जिसका होना न होने के बराबर ही रहा है। हां! विशेष मौकों पर नुमाइश के लिए जरूर पांच-पांच साल पर उसे सहारा देकर कुर्सी पर बैठा दिया जाता है। दूसरी ओर, सच्चाई यह है कि नरेंद्र मोदी के राज में सभी स्तरों पर जिस तरह के सारी सत्ता का केंद्रीयकरण किया गया है, खुद सत्ताधारी भाजपा भी उससे बच नहीं पायी है, फिर उसके नेतृत्व में बने किसी बहुदलीय गठबंधन के बचे रह जाने का तो सवाल ही कहां उठता है। इसीलिए, हैरानी की बात नहीं है कि इन दस वर्षों में न तो मोदी की भाजपा ने एनडीए के किसी साझा कार्यक्रम की जरूरत समझी और न ही एनडीए की तालमेल समिति जैसे किसी निकाय की ही गुंजाइश छोड़ी है। हां! सत्ता के लाभों में थोड़ी-बहुत हिस्सेदारी की गाजर और केंद्रीय एजेंसियों का डंडा दिखाने के जरिए जरूर, उसने सहयोगी पार्टियों को साथ लगाए रखने की कोशिश की है।

इसीलिए, हैरानी की बात नहीं है कि इन दस वर्षों में शिव सेना, अकाली दल, तेलुगू देशम, जदयू, अन्नाद्रमुक आदि अनेक पार्टियां विभिन्न मुद्दों पर मोदी की भाजपा का साथ छोड़कर छिटक गयी हैं। वास्तव में मोदी के दूसरे कार्यकाल में तो, एनडीए का शायद ही कभी नाम भी लिया गया होगा। गठबंधन की किसी भी प्रकार की सामूहिकता के बजाए, इन पांच वर्षों में तो "मोदी-मोदी" और "एक अकेला सब पर भारी" की ही हवा बनायी जा रही थी। वह तो जब इंडिया गठबंधन से वास्तविक खतरा नजर आने लगा, तब इस गठबंधन के जवाब में अचानक मोदी की भाजपा को अपने गठबंधन की याद आ गयी और कॉमा में पड़े एनडीए को बाहर निकाल लाया गया। लेकिन, चूंकि इस एनडीए में सिर्फ गिनती के लिए गिनाए जा रहे संगठनों का कोई असर नहीं था, चुनाव की तैयारियों के बीच विशेष अभियान चलाकर जदयू, तेलुगू देशम् जैसी पार्टियों को दोबारा भाजपा के पाले में लाया गया।

इसलिए, एनडीए के नाम पर इन पार्टियों को जोड़-बटोर कर, नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने के लिए जरूरी गिनती तो जुटायी जा सकती है, लेकिन सत्ता की मलाई के लालच की गाजर और केंद्रीय एजेंसियों के डंडे के सहारे खड़ी की गयी यह एकता, ज्यादा दिन चल पाएगी इसमें संदेह की ही पूरी गुंजाइश है। इसकी वजह यह है कि नरेंद्र मोदी की भाजपा के तानाशाहाना मिजाज का, विभिन्न मुद्दों पर अपने से भिन्न नजरिया रखने वाली राजनीतिक पार्टियों के साथ सहमति तथा आम राय बनाकर चलने के मिजाज से मेल बैठ ही नहीं सकता है। ऐसे में मोदी की भाजपा, दूसरी पार्टियों को वास्तव में साथ लेकर चलने का लचीलापन दिखाने के बजाए, इन पार्टियों में तोड़-फोड़ कर के और खरीद-फरोख्त के जरिए, अपने अल्पमत को बहुमत में तब्दील करने की ही कोशिश करेगी, जिससे दूसरी पार्टियों के समर्थन पर निर्भरता की मजबूरी से मुक्त होकर अपनी मनमर्जी चला सके। और ठीक यही चीज तेलुगू देशम्, जदयू जैसी पार्टियों को, जिनके अपने राजनीतिक-समर्थन आधार कई मामलों में उन्हें मोदीशाही के खिलाफ भी करते हैं, जाहिर है कि खुद अपने ही राजनीतिक हितों के लिए, मोदी के नेतृत्व वाले एनडीए के खोखल को छोड़कर बाहर निकलने के लिए भी मजबूर कर सकती है। एनसीपी-अजित पवार के फिलहाल मंत्रिमंडल से बाहर ही बैठने से, शपथग्रहण के साथ ही कसमसाहट की।

**( लेखक साप्ताहिक पत्रिका लोक लहर के संपादक हैं।)**

# नेतन्याहू के राजनीतिक भविष्य के लिए निर्णायक समय

■ **जेम्स एम डोर्सी**

> नेतन्याहू की समस्या यह है कि इजरायल के प्रधानमंत्री और उनके अति-राष्ट्रवादी और अति-रूढ़िवादी साझेदारों के साथ बाइडेन की हताशा का इजरायल के लिए अमेरिकी समर्थन की कीमत से कोई लेना-देना नहीं है, बल्कि संभवत: यह संयुक्त राज्य अमेरिका और इजरायल के बीच एक 'विशेष संबंध' में उभरते ऐतिहासिक बदलाव से अधिक है।

आने वाले एक या दो सप्ताह प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के राजनीतिक भाग्य का निर्धारण कर सकते हैं और इज़रायल के गाजा युद्ध के लिए बाइडेन प्रशासन के समर्थन को नया आकार दे सकते हैं। यानी, अगर नेतन्याहू युद्ध कैबिनेट के सदस्य बेनी गैंट्ज़ की इस मांग को पूरा करने में विफल रहते हैं कि प्रधानमंत्री युद्ध के बाद के प्रशासन के लिए एक योजना तैयार करें, तो उनके साथ युद्ध कैबिनेट के सदस्य और इज़राइल रक्षा बलों (आईडीएफ) के पूर्व चीफ ऑफ स्टाफ़गैबीईसेनकोट भी शामिल हो सकते हैं।

गैंट्ज़ के पास अपनी चेतावनी पर अड़े रहने के अच्छे कारण हैं। हाल ही में हुए एक इजरायली जनमत सर्वेक्षण से पता चलता है कि भले ही वह चुनाव जीत जायेंगे, लेकिन सरकार में उनकी मौजूदगी उन्हें नुकसान पहुंचा रही है। सर्वेक्षण में गैंट्ज़ को 38प्रतिशत वोट मिले, जो जनवरी में उनके 46प्रतिशत के उच्चतम स्तर से कम है, जबकि नेतन्याहू के वोटों की संख्या छह महीने पहले के 24प्रतिशत से बढ़कर 30प्रतिशत हो गयी। हालांकि नेतन्याहू फिर भी चुनाव हार जायेंगे, लेकिन सर्वेक्षण से पता चलता है कि गैंट्ज़ अपनी लोकप्रियता को और जोखिम में डालने का जोखिम नहीं उठा सकते।

गैंट्ज़ क्या निर्णय लेते हैं, इस पर निर्भर करते हुए चार परिदृश्यों में से एक के सामने आने की संभावना है और संभवत: यह अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन के हमास और इजरायल दोनों पर दबाव बनाने के लिए कतर और मिस्त्र समर्थित युद्धविराम योजना की आधिकारिक घोषणा करने के निर्णय का हिस्सा था।

नेतन्याहू 24 जुलाई को अमेरिकी कांग्रेस को संबोधित करने तक युद्धविराम टाल सकते हैं। वह अपने सबसे उग्रवादी अति-राष्ट्रवादी और अति-रूढ़िवादी गठबंधन सहयोगियों को छोड़ सकते हैं, जिनका प्रतिनिधित्व राष्ट्रीय सुरक्षा मंत्री इटमारबेनग्वीर और वित्त मंत्री बेज़ेलस्मोट्रिच करते हैं, जो युद्धविराम समझौते का विरोध करते हैं, जिससे हमास द्वारा बंधक बनाये गये लोगों की रिहाई होगी। इसके बजाय, नेतन्याहू गैंट्ज़, विपक्षी नेता यायरलैपिड और दो धार्मिक गठबंधन सहयोगियों, शास और यूनाइटेड टोरा यहूदी धर्मावलम्बी, जो युद्ध विराम और बंधक समझौते के पक्षधर हैं, के साथ मिलकर सरकार बना सकते हैं।

एक और संभावना यह है कि नेतन्याहू पासा पलट सकते हैं और गैंट्ज़ और ईसेनकोट के इस्तीफ़ा देने पर तुरंत चुनाव की घोषणा कर सकते हैं। अंत में, गैंट्ज़ और ईसेनकोट इस्तीफ़ा दे सकते हैं, जिससे नेतन्याहू और भी ज़्यादा ज़िम्मेदार बन सकते हैं। बेनग्वीर और स्मोट्रिच ने युद्ध विराम वार्ता में नेतन्याहू के स्थान को सीमित करने की कोशिश की, क्योंकि उनके हज़ारों समर्थक 1967 के मध्य पूर्व युद्ध में पूर्वी यरुशलम पर इज़राइल की विजय का जश्न मनाने के लिए यरुशलम के मुस्लिम क्वार्टर से यरुशलम ध्वज दिवस पर मार्च कर रहे थे।

मार्च में भाग लेते हुए, बेनग्वीर ने कहा कि इसने हमास को संदेश दिया कि 'यरूशलम हमारा है।' पुराने शहर के एक गेट का जिक्र करते हुए, जिसका मुस्लिम चार्टर हिस्सा है, और मंदिर पर्वत जो इस्लाम के तीसरे सबसे पवित्र स्थल अलअक्सा मस्जिद की मेज़बानी करता है, बेनग्वीर ने जोर देकर कहा कि 'दमिश्कगेट हमारा है। मंदिर पर्वत हमारा है, और, ईश्वर की इच्छा से, पूरी जीत हमारी है।'

उग्रवादी बेनग्वीर अनुयायियों ने फ़िलिस्तीनी निवासियों और पत्रकारों पर हमला किया, 'अरबों की मौत', 'तुम्हारा गांव जल जाये,' और 'शुआफ़त आग की लपटों में है' के नारे लगाये, जो पूर्वी यरुशलम के फ़िलिस्तीनी इलाके का संदर्भ था। गैंट्ज़-ईसेनकोटवॉक-आउट जो नेतन्याहू को बेनग्वीर और स्मोट्रिच पर और भी अधिक निर्भर बना देगा, रक्षा मंत्री गैलेंट पर दबाव बढ़ायेगा, ताकि वे भी ऐसा ही करें और इज़राइल के लिए बाइडेन के समर्थन को जटिल बना दें।

'मुझे पता है कि इज़राइल में ऐसे लोग हैं जो इस योजना से सहमत नहीं होंगे और युद्ध को अनिश्चित काल तक जारी रखने का आह्वान करेंगे' कुछ तो सरकारी गठबंधन में भी हैं। और उन्होंने यह स्पष्ट कर दिया है: वे गाजा पर कब्जा करना चाहते हैं, वे वर्षों तक लड़ते रहना चाहते हैं, और बंधक उनके लिए प्राथमिकता नहीं हैं... मैंने इजरायल के नेतृत्व से इस सौदे के पीछे खड़े होने का आग्रह किया है, चाहे जो भी दबाव आये,' बाइडेन ने अपने प्रस्तावित युद्धविराम सौदे को आगे बढ़ाते हुए कहा, जो नेतन्याहू द्वारा समर्थित एक मसौदे पर आधारित प्रतीत होता है। वास्तव में, बाइडेन नेतन्याहू को चेतावनी दे रहे थे कि वे ऐसी स्थिति की अनुमति न दें जिसमें वे बेनग्वीर और स्मोट्रिच पर अपनी निर्भरता कम करने के बजाय उसे बढ़ायें।

साथ ही, इजरायली विश्लेषकों का सुझाव है कि नेतन्याहू के दिमाग में, प्रधानमंत्री और गैलेंट के युद्ध अपराध के आरोपों पर गिरफ्तारी के लिए संभावित अंतरराष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय (आईसीसी) वारंट गाजा युद्ध की निरंतरता को एक परिसंपत्ति के बजाय एक दायित्व में बदल रहा है जो सुनिश्चित करेगा कि वह पद पर बने रहें।

संयुक्त राज्य अमेरिका और 16 अन्य देश जिनके नागरिकों को 7अक्टूबर को हमास द्वारा बंधक बनाया गया था, ने नेतन्याहू पर दबाव बढ़ा दिया और एक संयुक्त बयान जारी किया जिसमें इजरायल और हमास से युद्धविराम समझौता करने का आह्वान किया गया। इस बीच, संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद, जिसमें नेतन्याहू संभावित रूप से एक चौराहे पर हैं, ने बाइडेन की युद्धविराम योजना का समर्थन करने वाले प्रस्ताव पर चर्चा करने में देरी की है।

संयुक्त राज्य अमेरिका ने शुरू में योजना के समर्थन में एक मसौदा प्रस्ताव प्रसारित किया था, जिसे वीटो किये जाने की संभावना थी क्योंकि इसने स्वीकृति का भार हमास पर डाल दिया था। ऐसा करना अधिक कठिन होगा क्योंकि इजरायल सरकार में अधिकांश 'वयस्क' नहीं हैं। संयुक्त राज्य अमेरिका इजरायल के प्रति अपने अड़ियल समर्थन के कारण कम असुरक्षित है, जैसा कि कई लोग मानते हैं। नेतन्याहू को लग सकता है कि वह अपने कांग्रेस के भाषण का उपयोग करके गैंट्ज़ और ईसेनकोट के जाने से होने वाले किसी भी परिणाम से बच सकते हैं।

नेतन्याहू शायद सही हों कि संयुक्त राज्य अमेरिका को शब्दों के बजाय कामों से इज़राइल पर शिकंजा कसने के लिए कम दबाव महसूस होता है। निश्चित रूप से, यूक्रेन और गाजा युद्धों के प्रति अपने दृष्टिकोण में कथित दोहरे मानकों के कारण अमेरिका ने नैतिक स्थिति खो दी है। मानवाधिकारों और कानून के शासन का प्रचार करने वाले अमेरिकी राजनयिकों को शायद ही हंसी में उड़ाया जायेगा।

फिर भी, खाड़ी के देश और कई एशियाई देश अभी भी संयुक्त राज्य अमेरिका को शहर में एकमात्र सुरक्षा खेल के रूप में देखते हैं। इसके अलावा, इज़राइल के समर्थन से संयुक्त राज्य अमेरिका को आर्थिक रूप से बहुत कम नुकसान हुआ है, सिवाय स्टारबक्स जैसी खाद्य फ्रेंचाइज़ी के, जिन्हें कई मध्य पूर्वी देशों में बहिष्कार का सामना करना पड़ रहा है।

बाइडेन प्रशासन, इज़राइली रक्षा मंत्री योवगैलेंट और वरिष्ठ इज़राइली सैन्य कमांडर गैंट्ज़ की निराशा को साझा करते हैं। फिर भी, सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात जैसे देश कृत्रिम बुद्धिमत्ता सहित प्रौद्योगिकी पर चीन की तुलना में अमेरिका के साथ सहयोग करना पसंद करते हैं। इसने खाड़ी देशों को चीनी प्रौद्योगिकी में निवेश करने से नहीं रोका है।

यूनाइटेड अरब अमीरात की जी 42 आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस होल्डिंग कंपनी ने अप्रैल में माइक्रोसॉफ्ट के साथ साझेदारी की थी, जिसके बाद उसने अमेरिकी वाणिज्य विभाग के उद्योग और सुरक्षा ब्यूरो के साथ सहमति जताई थी कि वह चीन में अपनी उपस्थिति कम करेगी या फिर उसे दंडात्मक प्रतिबंधों का सामना करना पड़ सकता है।

नेतन्याहू की समस्या यह है कि इजरायल के प्रधानमंत्री और उनके अति-राष्ट्रवादी और अति-रूढ़िवादी साझेदारों के साथ बाइडेन की हताशा का इजरायल के लिए अमेरिकी समर्थन की कीमत से कोई लेना-देना नहीं है, बल्कि संभवत: यह संयुक्त राज्य अमेरिका और इजरायल के बीच एक 'विशेष संबंध' में उभरते ऐतिहासिक बदलाव से अधिक है।

## पावन प्रसंग

# संस्कृत भाषा की उपादेयता

संस्कृत दिव्य समृद्ध भाषा है। ऐतिहासिकता की दृष्टि से यह संसार को सभी भाषाओं की जननी है। संस्कृत संसार की प्राचीनतम एवं प्रथम भाषा है। भारतीय आर्ष ग्रंथ का समस्त ज्ञान इसी भाषा में लिपिबद्ध है। संस्कृत ज्ञान की अभिव्यक्ति की भाषा है। भारत की आत्मा संस्कृत है। यदि आज के पाठ्यक्रम के साथ संस्कृत का संबंध स्थापित कर लिया जाए तो संस्कृत परिवर्द्धित होगी। संस्कृत में जोड़ने की शक्ति है, इसीलिए इसे बढ़ावा दिया जाना चाहिए। सन् 1994 में सुप्रीम कोर्ट ने निर्णय दिया था कि संस्कृत शिक्षा का एक अविभाज्य भाग होना चाहिए।

सृष्टि के आदिकाल में हमें जो ज्ञान प्राप्त हुआ था, वह ज्ञान आज भी विश्व में स्वीकृत प्राचीनतम ज्ञानग्रंथ है। ब्राह्मण ग्रंथ गृहस्थ जीवन और समस्त संस्कारों का आधार है। दर्शन शास्त्र सत्यासत्य का निर्णायक है। जबकि व्याकरण शास्त्र कुंजी है। रामायण भारतीय मर्यादा का प्रतीक है। गीता कर्ममय ज्ञान का उपदेश देती है तो मनुस्मृति व्यवस्थित शासन व आत्मानुशासन की संस्थापक है। आयुर्वेद समस्त प्राणियों को आरोग्य प्रदान करने वाला है। कौटिल्य का अर्थशास्त्र राजसत्ता को विधिसम्मत बनाता है। भारत का यह सारा अमृततुल्य ज्ञान जिस भाषा में व्यक्त हुआ वह संस्कृत है। जहां विश्व के दूसरे देश भारत के इस अमरत्व को जानने के लिए संस्कृत भाषा और साहित्य का अध्ययन कर रहे हैं वहीं विडम्बना यह है कि अपने देश में संस्कृत को बचाने के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है।

20वीं सदी से संस्कृत के अध्ययन में कमी आई है। 2011 जनगणना के अनुसार 14,135 व्यक्तियों ने संस्कृत भाषा को अपनी मातृभाषा माना है। 1991 में 49,736 लोग संस्कृत को अपने मातृभाषा मानते थे। 1991 से 2001 के बीच ऐसे लोगों की संख्या में 71,58 फीसदी की कमी आई है। उत्तर प्रदेश में संस्कृत बोलने और समझने वालों की संख्या सर्वाधिक है। आज कोई संस्कृत पढ़ना नहीं चाहता। इसे केवल कर्मकांड और पूजा-पाठ की भाषा माना जा रहा है। वर्तमान समय में संस्कृत की उपयोगिता हमारे देश में कम और विदेशों में ज्यादा है। अमेरिका के लगभग हर विश्वविद्यालय में संस्कृत पढ़ाई जा रही है। अमेरिका में बच्चों को बचपन से ही संस्कृत की शिक्षा दी जाती है। हम अंगरेजी को सर्वाधिक महत्व देते हैं। यह हमारे पाश्चात्य सभ्यता के अनुकरण का परिणाम है अन्यथा जो स्थान संस्कृत का था, वह अंगरेजी का कैसे हो गया ?

जब दुनिया का हर देश अपनी भाषा में बात करता है तो क्यों हम अपनी भाषा को समाप्त करने पर तुले हुए हैं। हम बड़ा बनने की बात करते हैं, पर श्रेष्ठ मानव बनना भूलते जा रहे हैं। हमारे नीति-निर्माताओं की दृष्टि और सोच इस विषय की ओर जाना चाहिए।

**अखंड ज्योति**

## आपके पत्र

# एआई संचालित प्रयोगशाला की बड़ी उपलब्धि

एक हालिया उपलब्धि में कृत्रिम बुद्धि (एआई) द्वारा प्रबंधित स्वचालित प्रयोगशालाओं की एक टीम ने ऐसे पदार्थ की खोज करने में सफलता प्राप्त की है जो अत्यंत कार्य-कुशलता से लेज़र उत्पन्न करता है। साइंस जर्नल में प्रकाशित रिपोर्ट के अनुसार इस विशिष्ट उपलब्धि से लगता है कि एआई संचालित प्रयोगशालाएं अनुसंधान के कुछ क्षेत्रों में मानव वैज्ञानिकों को पछाड़ सकती हैं, खासकर वे ऐसी खोज कर सकती हैं जो मनुष्यों की नज़रों से चूक गई हों।

दरअसल, नए अणु और सामग्री बनाने के पारंपरिक तरीके अक्सर धीमे और श्रम-साध्य होते हैं। शोधकर्ताओं को कई विधियों से और अभिक्रिया की कई स्थितियों में प्रयोग करना पड़ता है, प्रत्येक चरण में नए यौगिकों के साथ वही परीक्षण दोहराना पड़ता है और बड़े पैमाने पर उत्पादन के लिए उनकी क्षमता का मूल्यांकन करना होता है।

पिछले दशक से इनमें से कई तरह की अभिक्रियाओं को दोहराने का काम रोबोट्स ने संभाल लिया है। मसलन 2015 में, इलिनॉय युनिवर्सिटी के रसायनज्ञ मार्टिन बर्क द्वारा छोटे अणुओं के संश्लेषण के लिए एक स्वचालित प्रणाली शुरू की गई थी। इस प्रणाली में एआई को शामिल करने से फीडबैक लूप तैयार किया जा सका जिससे नई विशेषता वाले यौगिकों का डैटा भविष्य के संश्लेषण प्रयासों का मार्गदर्शन कर सकता है। इस आधार पर, बर्क और टोरंटो विश्वविद्यालय के रसायनज्ञ एलन असपुरु-गुज़िक ने समन्वित रूप से काम करने वाली स्व-चालित प्रयोगशालाओं के नेटवर्क की कल्पना की। उन्होंने कई प्रयोगशालाओं - दक्षिण कोरिया के इंस्टीट्यूट फॉर बेसिक साइंस, ग्लासगो विश्वविद्यालय, ब्रिटिश कोलंबिया युनिवर्सिटी (यूबीसी) और जापान की क्यूशू युनिवर्सिटी की प्रयोगशाला - को जोड़ा। प्रत्येक प्रयोगशाला की संश्लेषण की प्रक्रिया में अपनी विशेषज्ञता थी। लक्ष्य था अत्यधिक शुद्ध लेज़र प्रकाश उत्सर्जित करने में सक्षम कार्बनिक यौगिकों की खोज करना। इससे उन्नत किस्म के डिस्प्ले और दूरसंचार तंत्र स्थापित करने में मदद मिलेगी।

सबसे पहले ग्लासगो और यूबीसी प्रयोगशालाओं ने थोड़ी मात्रा में आधारभूत सामग्री का निर्माण किया। फिर इन्हें बर्क और असपुरु-गुज़िक की टीमों को भेजा गया, जहां रोबोट ने इन पदार्थों से विभिन्न संयोजन (मिश्रण) बनाए। इन संभावित उत्सर्जकों को टोरंटो प्रयोगशाला भेजा गया, जहां अन्य रोबोट ने उनके प्रकाश उत्सर्जक गुणों का मूल्यांकन किया। सबसे अच्छे प्रदर्शन करने वाले उत्सर्जकों को यूबीसी भेजा गया, जहां यह पता किया गया कि बड़े पैमाने पर उपयोग के लिए इन पदार्थों का संश्लेषण और शोधन कैसे किया जाएगा, और फिर इन्हें व्यावहारिक लेज़रों में परिवर्तित करने और उसके परीक्षण के लिए क्यूशू विश्वविद्यालय भेजा गया।

इस पूरी प्रक्रिया को क्लाउड-आधारित एआई प्लेटफॉर्म द्वारा संचालित किया गया था, जिसे मुख्य रूप से टोरंटो और दक्षिण कोरिया की टीमों द्वारा विकसित किया गया है। इस प्लेटफॉर्म ने प्रत्येक प्रयोग से सीखा और अगली पुनरावृत्तियों में फीडबैक को शामिल किया, जिससे एक कुशल और फुर्तीली शोध प्रक्रिया विकसित हुई।

इस सहयोगी प्रयास से 621 नए यौगिक तैयार हुए, जिनमें 21 ऐसे थे जो अत्याधुनिक लेज़र उत्सर्जकों से मेल खाते थे और एक तो ऐसा था जो किसी भी अन्य ज्ञात कार्बनिक पदार्थ की तुलना में अधिक कुशलता से नीले रंग की लेज़र रोशनी उत्सर्जित करता था।

गौरतलब है कि हाल ही में मिली सफलता एआई-संचालित प्रयोगशाला अनुसंधान में एकमात्र सफलता नहीं है। पिछले साल, मिलाद अबुलहसानी की प्रयोगशाला ने रिकॉर्ड-सेटिंग फोटोल्यूमिनेसेंस के साथ नैनोकणों का निर्माण किया था।

एआई के क्षेत्र में भविष्य की संभावनाओं को देखते हुए बर्क को उम्मीद है कि स्वचालन और एआई में प्रगति वैश्विक स्तर पर अधिक प्रयोगशालाओं को सहयोग करने में सक्षम बनाएगी। इस तरह की साझेदारी वैज्ञानिकों को ढर्रा कार्यों से मुक्त करेगी, ताकि वे अनुसंधान के अधिक जटिल और रचनात्मक पहलुओं पर ध्यान केंद्रित कर सकें। **( स्त्रोतफीचर्स )**

*प्रकाशक, मुद्रक : राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा. लि. के लिए 506, आई.एन.एस. बिल्डिंग, 9, रफी मार्ग, नई दिल्ली से प्रकाशित एवं बीएफएल इंफोटेक लि., सी 9, सेक्टर-3, नोएडा से मुद्रित। सम्पादक : राजीव रंजन श्रीवास्तव, ( पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार )। आर.एन.आई. नं. DELHIN/2008/24216. दिल्ली कार्यालय :फोन: 011-23718195,23357784, फैक्स: 011-43581404, नोएडा कार्यालय: फोन: 0120-4114404 फैक्स: 0120-4273770*

*ई-मेल: deshbandhudelhi@gmail.com वेब: www.deshbandhu.co.in*

## अदन की खाड़ी में दो मालवाहक जहाजों पर हमला

**वाशिंगटन,** 10 जून (एजेंसियां)। यमन के विद्रोही अंसार अल्लाह आंदोलन ने अदन की खाड़ी में अमेरिका के दो मालवाहक जहाजों पर जहाज रोधी मिसाइलों से हमला किया। अमेरिकी सेंट्रल कमांड (सेंटकॉम) ने सोमवार को कहा कि पिछले 24 घंटों में, ईरान समर्थित हूती विद्रोही ने यमन के हौथी नियंत्रित क्षेत्रों से अदन की खाड़ी में दो एंटी-शिप बैलिस्टिक मिसाइलों (एएसबीएम) से दो मालवाहक जहाजों पर हमला किया। उन्होंने बताया कि दोनों जहाजों को नुकसान पहुंचने के बाद भी तैरते रहे। बयान में कहा गया कि अमेरिकी सेना ने यमन के हौथी-नियंत्रित क्षेत्रों में एक 'मानव रहित हवाई प्रणाली', दो क्रूज मिसाइलों और एक मिसाइल लांचर को भी नष्ट कर दिया।

# इजरायल के वॉर कैबिनेट मंत्री बेनी गैंट्ज ने दिया इस्तीफा

**यरूशलेम,** 10 जून (एजेंसियां)। इजरायल के वॉर कैबिनेट मंत्री बेनी गैंट्ज़ ने प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की सरकार से इस्तीफा देने की घोषणा की है और नए चुनावों का आह्वान किया है। इसके जवाब में, नेतन्याहू ने रविवार को एक बयान जारी कर कहा कि इजरायल कई मोर्चे पर अस्तित्व की लड़ाई लड़ रहा है। बेनी, यह छोड़ कर भागने का समय नहीं है। समाचार एजेंसी सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, गैंट्ज़ ने टेलीविज़न पर प्रसारित एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में नेतन्याहू पर आरोप लगाया कि वे अपने राजनीतिक अस्तित्व को प्राथमिकता दे रहे हैं, युद्धविराम समझौते पर आगे नहीं बढ़ रहे हैं, जिससे गाजा में लगभग 100 बंधकों की रिहाई नहीं हो पा रही है। गैंट्ज ने रविवार को कहा कि नेतन्याहू हमें जीत की ओर बढ़ने से रोक रहे हैं। राजनीतिक विचारों के कारण निर्णय लेने में वो झिझक रहे हैं। नेतन्याहू की सरकार के खिलाफ बढ़ते जन विरोध को देखते हुए गैंट्ज़ ने कहा कि आने वाली सर्दियों में चुनाव कराए जाने



**नेतन्याहू हमें जीत की ओर बढ़ने से रोक रहे हैं, राजनीतिक विचारों के कारण निर्णय लेने में वो झिझक रहे हैं : गैंट्ज**

चाहिए। उन्होंने नेतन्याहू से चुनाव के लिए एक तिथि निर्धारित करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि हमारे लोगों को अलग-थलग न होने दें।

नेतन्याहू की दक्षिणपंथी गठबंधन सरकार से समर्थन वापस लेने के गैंट्ज़ के फैसले के बाद अब सरकार में रूढ़िवादी मंत्री ही बचे हैं, जो गाजा पट्टी पर फिर से कब्जा करने और वहां इजरायली बस्ती का विस्तार करने की वकालत करते हैं। गैंट्ज़ ने इस्तीफे से पहले मई में दक्षिणपंथी प्रधानमंत्री को अल्टीमेटम दिया था।

## कोरियाई प्रायद्वीप पर तनाव रोकना जरूरी : जापान

**टोक्यो।** जापानी सरकार ने सोमवार को कहा कि उत्तर कोरिया ने दक्षिण कोरिया में कूड़े से भरे गुब्बारे भेजना फिर से शुरू कर दिया है, जिसके बाद कोरियाई प्रायद्वीप पर तनाव बढ़ाने से बचना की सलाह दी है, साथ ही सोल ने प्रचार प्रसारण फिर से शुरू करने की कसम खाई है।

जापानी मुख्य कैबिनेट मंत्री योशिमासा हयाशी ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि यह महत्वपूर्ण है कि इससे दोनों कोरियाई देशों के बीच संघर्ष एवं तनाव न बढ़े या स्थिति और खराब न हो। हम प्रासंगिक जानकारी एकत्र करने और उसका विश्लेषण करना चाहते हैं। दक्षिण कोरिया सहित विभिन्न देशों के साथ सहयोग करते हुए जरुरत पड़ने पर अपनी प्रतिक्रिया देने के लिए तैयार रहेंगे।

समाचार एजेंसी योनहाप ने देश की सेना के हवाले से बताया कि पहले उत्तर कोरिया ने दक्षिण कोरिया की ओर हवाई गुब्बारे में कचरा भरकर भेजे हैं। जिसके बाद, प्रतिक्रिया में दक्षिण कोरिया ने उत्तर कोरिया की सीमा पर रविवार को लाउडस्पीकर प्रचार प्रसारण शुरू कर दिया।( उत्तर कोरियाई शीर्ष नेता किम जोंग उन की बहन और वर्कर्स पार्टी की केंद्रीय समिति की उप विभाग निदेशक किम यो जोंग ने दक्षिण कोरिया द्वारा नए प्रचार पत्रक और प्रसारण शुरू करने की स्थिति में प्रतिक्रिया देते हुए चेतावनी दी। गौरतलब है की पिछले सप्ताह उत्तर कोरिया ने कहा था कि उसने दक्षिण कोरिया को 15 टन कचरा ले जाने वाले 3,500 हवाई गुब्बारे भेजे हैं, जो हाल ही में दक्षिण कोरियाई कार्यकर्ताओं द्वारा उत्तर कोरिया को प्योंगयांग विरोधी पर्चे भेजने के जवाब में है। जवाबी कार्रवाई में, दक्षिण कोरियाई सेना ने कहा कि वह उत्तर कोरिया के पास के असैन्यीकृत क्षेत्र और द्वीपों के क्षेत्र में सभी सैन्य गतिविधियों को फिर से शुरू करेगी, जो अंतर-कोरियाई सैन्य समझौते द्वारा प्रतिबंधित थे। उन्होंने कहा कि स्थिति बिगड़ने पर इसकी पूरी जिम्मेदारी उत्तर कोरिया की होगी।

## मैक्सिको में शीनबाम ने राष्ट्रपति चुनाव में जीत दर्ज की

**मेक्सिको सिटी,** 10 जून (एजेंसियां)। मेक्सिको में सत्तारुढ़ पार्टी की उम्मीदवार क्लाउडिया शीनबाम ने राष्ट्रपति चुनाव में जीत दर्ज की है।



मेक्सिको के चुनाव आयोग के मुताबिक गत दो जून को हुए आम चुनावों के वोटों की गिनती पूरी कर ली गई है और सत्तारूढ़ पार्टी की उम्मीदवार क्लाउडिया शीनबाम के राष्ट्रपति पद के चुनाव में जीत की पुष्टि हुई है।

नेशनल इलेक्टोरल इंस्टीट्यूट (आईएनई) ने यह घोषणा करने के लिए एक असाधारण सत्र आयोजित किया कि सत्तारूढ़ राष्ट्रीय उत्थान आंदोलन (मुरैना) के नेतृत्व वाले गठबंधन की उम्मीदवार क्लाउडिया शीनबाम ने 59.75 प्रतिशत वोट के साथ जीत हासिल की। आईएनई के कार्यकारी सचिवालय कार्यालय के प्रमुख क्लाउडिया एडिथ सुआरेज़ ने कहा कि अगला कदम फेडरेशन की न्यायिक शाखा (टीईपीजेएफ) के चुनावी न्यायाधिकरण के लिए अंतिम गणना करना और परिणाम का समर्थन करना है।

आईएनई ने बताया कि चुनाव में विपक्षी गठबंधन फुएर्ज़ा वाई कोराज़ोन पोर मेक्सिको के ज़ोचिटल गैलवेज़ को 27.45 प्रतिशत वोट मिले, जबकि तीसरे उम्मीदवार सिटीजन मूवमेंट पार्टी के जॉर्ज अल्वारेज़ को 10.32 प्रतिशत वोट मिले। आईएनई के अनुसार 61.04 प्रतिशत मतदान के लिए 60,115,184 पंजीकृत मतदाताओं ने मताधिकार का प्रयोग किया। राष्ट्रपति एंड्रेस मैनुअल लोपेज ओब्रेडोर का कार्यकाल सितंबर के अंत में समाप्त हो रहा है।

## सुडोकू 6582

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | 5 | | 4 | |
| | | 5 | | 4 | | 6 | | |
| 4 | 3 | 8 | 2 | | | | | |
| | | | | 2 | | | 6 | |
| 7 | | 3 | | | | 1 | | 2 |
| | 4 | | | 8 | | | | |
| | | | | | 2 | 7 | 9 | 4 |
| | | 2 | | 3 | | 5 | | |
| | 6 | | 7 | | | | | |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

ग्रह स्थिति : मंगलवार 11 जून, 2024 ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष 4

### राशिफल

मेष - आज आप अत्यधिक इमोशनल रहेंगे। किसी व्यक्ति का कठोर व्यवहार आपकी भावनाओं को ठेस पहुंचा सकता है। तन-मन में अस्वस्थता और भय का अनुभव होगा। मां की तबीयत खराब होने से आपको चिंता रह सकती है।

वृषभ - शारीरिक तथा मानसिक रूप से अच्छा अनुभव करेंगे। आनंद का अनुभव होगा। रिश्तेदारों तथा पारिवारिक काम में आपको लाभ होगा। मित्रों के साथ घूमने जाएंगे। वित्तीय मामलों में ध्यान देना पड़ सकता है।

मिथुन - आपके निर्धारित काम पूरे होने में विलंब होगा। वित्तीय योजनाएं अच्छी तरह पूरी कर सकेंगे। स्वादिष्ट भोजन का आनंद लेंगे। विद्यार्थियों की पढ़ाई के लिए दिन मध्यम रहेगा।

कर्क - आज आप बहुत इमोशनल रहने वाले हैं। मित्रों, परिवार के सदस्यों और रिश्तेदारों के साथ किसी गहरी चर्चा में उतर सकते हैं। घूमने- फिरने और स्वादिष्ट भोजन करने का अवसर मिलेगा। शुभ प्रसंग में उपस्थित हो सकेंगे।

सिंह - मन में अस्थिरता और भावना की दुर्बलता के कारण आप अस्वस्थता का अनुभव करेंगे। गलत वाद-विवाद या चर्चाओं में न पड़ें। कानूनी मामलों में सावधानी रखें। वाणी और व्यवहार पर अंकुश रखें।

कन्या - आज आप अनेक तरह के लाभ प्राप्त कर सकेंगे। आपके व्यापार और आय में वृद्धि होगी। नौकरी में भी लाभ प्राप्त कर सकेंगे। मित्रों के साथ रमणीय स्थल पर घूमने जाने की संभावना है। मित्रों से लाभ होने की संभावना है।

तुला - आपके परिवार में खुशी और उत्साह का वातावरण रहेगा। नौकरी और ऑफिस में पदोन्नति होने तथा आय में वृद्धि होने की संभावना बनी रहेगी। माता से आर्थिक लाभ होगा। आप घर की सजावट का काम शुरू करेंगे।

वृश्चिक - आज आप नकारात्मक विचारों में रह सकते हैं। भय का अनुभव होगा, थकान लगेगी, स्फूर्ति का अभाव महसूस होगा। नौकरी या व्यवसाय में कठिनाई हो सकती है। अधिकारी के साथ वाद-विवाद ना करें।

धनु - आप वाणी पर नियंत्रण नहीं रखेंगे, तो किसी के साथ झगड़ा हो सकता है। आपका स्वास्थ्य खराब हो सकता है। आज मन किसी चिंता में रहेगा। खर्च होने की संभावना है।

मकर - आपको काम की चिंता रहेगी। सगे- सम्बंधियों के साथ दिन मौज-मस्ती में दिन व्यतीत होगा। आप दोस्तों के साथ बाहर घूमने-फिरने का आनंद ले पाएंगे। सुखी दांपत्यजीवन गुजार सकेंगे। आपके व्यापार में वृद्धि हो सकेगी।

कुंभ - आप जो काम करेंगे, उसमें आपको सफलता मिलेगी। परिवार में मेल-जोल बना रहेगा। शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ अनुभव करेंगे। नौकरी में सहकर्मियों का सहयोग मिलता रहेगा।

मीन - आज काल्पनिक दुनिया में विहार करना आपको पसंद आएगा। लेखन और साहित्य के क्षेत्र में अपनी रचनात्मकता प्रदर्शन कर सकेंगे। विद्यार्थियों के लिए समय अच्छा है।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

## इराकी अदालत ने सात ड्रग डीलरों को मौत की सजा सुनाई

**बगदाद,** 10 जून (एजेंसियां)। इराक की अदालत ने एक विदेशी समेत सात ड्रग डीलरों को मौत की सजा सुनाई है।

सर्वोच्च न्यायिक परिषद के मीडिया कार्यालय के एक बयान में विदेशी की राष्ट्रीयता का खुलासा किए बिना कहा गया कि केंद्रीय आपराधिक न्यायालय ने एक विदेशी सहित सात ड्रग डीलरों को फांसी देने का फैसला सुनाया है, जिन्हें नशीले पदार्थों की तस्करी का दोषी ठहराया गया था। बयान में कहा गया है कि दोषियों को पड़ोसी देशों से नशीले पदार्थों के आयात और निर्यात के लिए मौत की सजा सुनाई गई है। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2003 में अमेरिकी आक्रमण के बाद से इराक में फैली अराजकता और संघर्ष ने इराकी सरकारों को नशीली दवाओं के खतरे को प्रभावी ढंग से संबोधित करने से रोक दिया है। ईराक के प्रधान मंत्री मोहम्मद शिया अल-सुदानी ने मई 2023 में ड्रग्स पर युद्ध छेड़ने के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा था कि ड्रग डीलिंग आतंकवाद के वित्तपोषण के मुख्य तरीकों में से एक है, और ड्रग्स का प्रचलन आतंकवाद की निगरानी में बढ़ता है।



# हमले के बाद दुखी और स्तब्ध हूं : फ्रेडरिक्सन

**कोपेनहेगन,** 10 जून (एजेंसियां)। डेनमार्क की प्रधानमंत्री मेटे फ्रेडरिक्सन पर शुक्रवार को कोपेनहेगन में एक व्यक्ति ने हमला कर दिया था। मामूली चोट के लिए उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। हमले के बार पहली बार पीएम मेटे फ्रेडरिक्सन ने बयान दिया है। शुक्रवार की घटना के बाद उनके समर्थन में कई मैसेज आए। पीएम फ्रेडरिक्सन ने इसके लिए इंस्टाग्राम पर अपना आभार व्यक्त किया।

उन्होंने लिखा कि मैं शुक्रवार की घटना से दुखी और स्तब्ध हूं, लेकिन इसके अलावा मैं ठीक हूं। एक बार, मुझे शांति और स्थिरता की जरूरत है। शरीर और आत्मा दोनों के लिए। मुझे अपने परिवार के साथ रहने की जरूरत है और मुझे कुछ समय के लिए खुद के साथ रहने की जरूरत है। पीएम फ्रेडरिक्सन ने अपने कार्यक्रम रद्द कर दिए और कहा कि रविवार को भी वो किसी पब्लिक कार्यक्रम में भी शामिल नहीं होंगी। शुक्रवार की शाम को 46 वर्षीय प्रधानमंत्री को कोपेनहेगन में एक व्यक्ति ने हमला कर दिया था, जब वह चुनाव प्रचार के लिए निकली थीं। पुलिस ने तुरंत एक संदिग्ध को गिरफ्तार कर लिया। उसने अदालत में अपना



**■ यह हमला राजनीति से प्रेरित नहीं था : पुलिस**

अपराध स्वीकार करने से इनकार कर दिया है। उस व्यक्ति ने कहा कि उसे पीएम फ्रेडरिक्सन से कोई शिकायत नहीं है। वह वास्तव में एक अच्छी प्रधानमंत्री हैं और वह सड़क पर उनसे मिलकर हैरान हो गया था। हमले की जांच कर रही पुलिस का मानना है कि यह हमला राजनीति से प्रेरित नहीं था। डेनमार्क की समाचार एजेंसी रित्ज़ाउ ने बताया कि व्यक्ति उस समय नशे में था। वह पोलैंड का नागरिक था जो लंबे समय से डेनमार्क में रह रहा था।ज्पीएम फ्रेडरिक्सन पर हमले के बाद यूरोपीय नेताओं ने भी हमले की निंदा की। हमले की निंदा करने वालों में नाटो महासचिव जेन्स स्टोलटेनबर्ग, यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन और जर्मन चांसलर ओलाफ स्कोल्ज भी शामिल थे।

# वैश्विक बदलाव की पुष्टि है ब्रिक्स का विस्तार : लावरोव

**मॉस्को,** 10 जून (एजेंसियां)। रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने सोमवार को कहा कि ब्रिक्स का विस्तार एक बहुध्रुवीय वैश्विक व्यवस्था के गठन की प्रक्रिया का प्रमाण है, जहां अमेरिका और उसके सहयोगियों के अपना प्रभुत्व बनाने की कोशिशों के बावजूद समानता और विविधता के लिए नए राजनीतिक केंद्र खड़े हैं।

लावरोव ने ब्रिक्स मंत्रिस्तरीय बैठक में कहा कि ब्रिक्स का विस्तार बहुध्रुवीय वैश्विक व्यवस्था के गठन की प्रक्रिया की स्पष्ट पुष्टि है। वैश्विक दक्षिण और पूर्व के देशों के बीच से वैश्विक रूप से महत्वपूर्ण राजनीतिक निर्णय लेने के लिए नए केंद्रों का उदय हुआ है। उन्होंने कहा कि ये वे देश हैं जो राज्यों की संप्रभु समानता और सभ्यतागत विविधता के आधार पर निर्मित एक ज्यादा न्यायसंगत वैश्विक व्यवस्था के लिए परिवर्तन की मांग कर रहे हैं, जो एक पूरा ऐतिहासिक युग लगेगा और कठिन होगा।

उन्होंने यह भी कहा कि हाल की अंतरराष्ट्रीय घटनाओं ने उन लोगों को बेनकाब किया है जो अभी तक नियम-आधारित आदेश की आड़ में



**वैश्विक दक्षिण और पूर्व के देशों के बीच से महत्वपूर्ण राजनीतिक निर्णय लेने के लिए नए केंद्रों का उदय हुआ है : लावरोव**

सार्वभौमिक मूल्यों को परिभाषित करने के लगभग विशेष अधिकार के अपने दावों में मुखर रहे हैं। लावरोव ने कहा कि अमेरिका और उसके सहयोगी अपने प्रभुत्व को बनाए रखने और बहुध्रुवीयता गठन की प्रक्रियाओं को धीमा करने के अपने प्रयासों में लगे हुए हैं। प्रतिबंधों के दबाव और वित्तीय ब्लैकमेल के माध्यम से, वे संप्रभु देशों द्वारा विकास मॉडल और व्यापार भागीदारों की पसंद को प्रभावित करने की कोशिश कर रहे हैं।

## जीप के नदी में गिरने से छह लोगों की मौत, 10 लापता

**इस्लामाबाद,** 10 जून (एजेंसियां)। पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर के नीलम जिले में एक जीप के नीलम नदी में गिरने से कम से कम छह लोगों की मौत हो गई, दो घायल हो गए और 10 अन्य लापता हो गए।

बचाव सेवा ने बताया कि यह दुर्घटना रविवार को जिले के करीमाबाद इलाके के पास तब हुई, जब क्षतिग्रस्त सड़क पर चढ़ते समय जीप फिसल कर नदी में गिर गयी। स्थानीय लोगों ने पाकिस्तानी सेना के जवानों के साथ मिलकर बचाव अभियान चलाया। बचाव अभियान के दौरान छह शव बरामद किए गए, जबकि लापता लोगों की तलाश अब भी जारी है।

स्थानीय मीडिया ने बताया कि बचाव अभियान में काफी समय लगा क्योंकि कई पीड़ित नदी में बह गए। उसने बताया कि दुर्घटना के समय जीप में 18 लोग सवार थे।

## वर्ग पहेली 6582

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ | | २ | | ३ | | ४ | | ५ | |
| | | | | ६ | | | | | |
| ७ | | | | | | ८ | | | ९ |
| | | | | १० | | | | | |
| | ११ | | १२ | | | | १३ | | |
| | | | | | १४ | | | | |
| १५ | | १६ | | | | | १७ | १८ | |
| | | | | १९ | | २० | | | |
| २१ | | | | | | २२ | | | २३ |
| | | २४ | | | | | | | |

**बायें से दायें:-**

१. जिसकी अत्थी तरह से योजना बनाकर किया गया हो
४. आवेश में आना, क्रोधित होना
६. सादर, सौगंध (उर्दू)
७. गिनती गिनना
८. श्रीरामचंद्र
१०. योग्यता, लायक
११. परोपकार
१३. मुक्ति, कल्याण
१४. हेतु, लिये
१५. समर्थक, हिमायती, चिड़िया
१७. दक्षिण भारत का एक प्रसिद्ध पर्वत
२०. नियम, तरीका
२१. कमल (उर्दू)
२२. भौंरा, मिलिंद
२४. प्राप्ति के अनुसार

**ऊपर से नीचे:-**

१.सधवा
२. भावी कार्य पद्धति की रूपरेखा बनाने वाला
३. जांच-पड़ताल (उर्दू)
४. विवरण (उर्दू)
५. कछुआ
९. अंधकारपूर्ण
११. अप्रत्यक्ष
१२. तरंग, लहर
१३. बढ़िया, श्रेष्ठ
१४. फैसला
१५. पढ़ने योग्य
१६. अर्जुन
१८. युद्ध करना, झगड़ना
१९. हत्यारा, बधिक (उर्दू)
२०. कीमत, भाव
२३. संबंध, लगाव

### वर्ग पहेली-6581

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ दृ | ष्टि | २ गो | च | ३ र | ■ | ४ सु | प्र | ५ सि | द्ध |
| ढ़ा | ■ | पा | ■ | ६ ज | न्मां | ध | ■ | पा | ■ |
| ७ यु | ग | ल | ■ | नी | ■ | ८ र | स | ही | ९ न |
| ध | ■ | ■ | ■ | १० क | स | ना | ■ | ■ | र्त |
| ■ | ११ अ | धि | १२ भा | र | ■ | ■ | १३ अ | र्त | न |
| ■ | चं | ■ | जि | ■ | १४ कु | मु | द | ■ | झि |
| १५ प्र | भा | १६ वि | त | ■ | मा | ■ | १७ ब | १८ जा | य |
| ति | ■ | ष | ■ | १९ प | री | २० क्षा | ■ | य | ■ |
| २१ यो | ज | क | ■ | ह | ■ | २२ र | ह | ज | २३ नी |
| गी | ■ | २४ न्या | या | ल | य | ■ | ■ | ■ | चे |

युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

## आज का इतिहास

1770-कैप्टन जेम्स कुक ने ऑस्ट्रेलिया के ग्रेट बैरियर रीफ की खोज की।
1776-अमेरिका की स्वतंत्रता का घोषणा पत्र तैयार करने के लिए समिति बनाई गई।
1866-इलाहाबाद उच्च न्यायालय की स्थापना हुई। इसे पहले आगरा उच्च न्यायालय के नाम से जाना जाता था।
1897-महान् स्वतन्त्रता सेनानी राम प्रसाद बिस्मिल का जन्म।
1921-ब्राजील में महिलाओं को चुनाव में मतदान का अधिकार मिला।
1935-एडविन आर्मस्ट्रांग ने पहली बार एफएम का प्रसारण किया।
1940-यूरोपीय देश इटली ने मित्र देशों के खिलाफ लड़ाई की घोषणा की।
1948-भारतीय राजनीतिज्ञ एवं बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव का जन्म।
1955-पहले मैग्निशियम जेट हवाई जहाज ने उड़ान भरी।
1964-प्रथम भारतीय प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू की इच्छानुसार उनकी अस्थियों की भस्म पूरे देश में बिखेरी गई।
1983-भारत के उद्योगपति, स्वतंत्रता-संग्राम सेनानी तथा बिड़ला परिवार के एक प्रभावशाली सदस्य घनश्यामदास बिड़ला का निधन।
1987-160 वर्षों में पहली बार मार्गरेट थैचर लगातार तीसरी बार ब्रिटिश प्रधानमंत्री बनीं।
1989-भारतीय पैरा-बैडमिन्टन खिलाड़ी मानसी जोशी का जन्म।
2001-अमेरिका के ओकलाहोमा शहर में 1995 में एक संघीय इमारत पर बम फेंकने वाले टिमोथी मैग्वेग को मौत की सजा।

**तैयारी** *ऑस्ट्रेलिया धूम्रपान, वेपिंग विरोधी अभियान में टिकटॉक का उपयोग करेगी*

# टेलीविजन, रेडियो व सोशल मीडिया पर चलेगा अभियान

**कैनबरा, 10 जून (एजेंसियां)। ऑस्ट्रेलिया की सरकार ने लोगों को धूम्रपान और वेपिंग छोड़ने के लिए प्रोत्साहित करने के वास्ते एक नए अभियान की शुरुआत की है। स्वास्थ्य मंत्री मार्क बटलर ने सोमवार को धूम्रपान और वेपिंग से स्वास्थ्य को होने वाले नुकसान के बारे में जागरुकता बढ़ाने के लिए 6.34 करोड़ ऑस्ट्रेलियाई डॉलर (4.17 करोड़ अमेरिकी डॉलर) के विज्ञापन अभियान की घोषणा की। अभियान ने पहली बार चिह्नित किया कि संघीय सरकार ने लगभग 10 वर्षों में पहली बार जनता को वेपिंग के जोखिमों और हानियों के बारे में विज्ञापन दिया है और यह इसका पहला राष्ट्रीय धूम्रपान विरोधी विज्ञापन अभियान है।**

**■ तम्बाकू से प्रति वर्ष 24 हजार लोगों की हो रही मौत**
**■ जागरूकता बढ़ाने के लिए 6.34 करोड़ ऑस्ट्रेलियाई डॉलर की घोषणा**

यह अभियान टेलीविजन, रेडियो और सोशल मीडिया पर चलेगा। पहली बार टिकटॉक का उपयोग संघीय सरकार के विज्ञापन अभियान में किया जाएगा।

श्री बटलर ने एक बयान में कहा कि निकोटीन अत्यधिक नशे की लत है और इससे पहले कि आप इसे समझें, यह कभी-कभी से शुरू हुआ सिलसिला कुछ ज्यादा गंभीर हो जाता है और लत में तब्दील हो जाता है। लत छोड़ने के लिए कभी भी देर नहीं हुई होती है। गैर सरकारी संगठन कैंसर काउंसिल के अनुसार, तम्बाकू धूम्रपान ऑस्ट्रेलिया में रोकथाम योग्य मृत्यु और बीमारी का प्रमुख कारण है, जिसके कारण प्रति वर्ष 24,000 लोगों की मौत होती है। सरकार द्वारा 2022-23 में किए गए राष्ट्रीय ड्रग रणनीति घरेलू सर्वेक्षण के अनुसार, जिसे फरवरी में जारी किया गया, पता चला कि 21-18 आयु वर्ग के 24 प्रतिशत और 9.7 प्रतिशत 14 से 17 आयु वर्ग के ऑस्ट्रेलियाई लोगों ने पिछले 12 महीनों में ई-सिगरेट का इस्तेमाल किया, जो क्रमश: 2019 में 1.8 प्रतिशत से बढ़कर 5.3 प्रतिशत हो गया।बटलर ने मार्च में संसद में कानून पेश किया जो ऑस्ट्रेलिया में गैर-चिकित्सीय और डिस्पोजेबल एकल-उपयोग वाले वेप्स के घरेलू विनिर्माण, विज्ञापन, आपूर्ति और वाणिज्यिक कब्जे को गैरकानूनी घोषित करेगा। सरकार ने जनवरी में डिस्पोजेबल, एकल-उपयोग वाले वेप्स के आयात पर प्रतिबंध लगा दिया है।

## बेल्जियम के प्रधानमंत्री ने चुनाव में हार के बाद दिया इस्तीफा

**ब्रूसेल्स।** बेल्जियम के प्रधानमंत्री अलेक्जेंडर डी क्रू ने राष्ट्रीय और यूरोपीय संघ के चुनावों में पार्टी की हार के बाद इस्तीफा दे दिया है।

प्रधानमंत्री ने सोमवार को राजा फिलिप को इस्तीफा सौंप दिया। उन्होंने इस्तीफा स्वीकार कर लिया और श्री डी क्रू से कहा कि नई सरकार बनने तक वे मौजूदा मामलों को संभालते रहें। राजा फिलिप की संघीय सरकार बनाने की प्रक्रिया शुरू करने के लिए राजनीतिक हस्तियों से परामर्श करने की उम्मीद है। वह रविवार को चुने गए सबसे बड़े दलों के नेताओं से आज मुलाकात करेंगे।

## दुनिया को जानें

### चीन का पहला राष्ट्रीय महासागर बड़ा डेटा सेवा प्लेटफॉर्म जारी

**बीजिंग,** 10 जून (एजेंसियां)। चीन का पहला राष्ट्रीय महासागर बड़ा डेटा सेवा प्लेटफॉर्म जारी किया गया। फुच्येन प्रांत के श्यामन शहर में आयोजित विश्व महासागर दिवस समारोह में चीन का पहला राष्ट्रीय महासागर बड़ा डेटा सेवा प्लेटफ़ॉर्म और 'महासागर डेटा ओपन शेयरिंग कैटलॉग' का पहला बैच जारी किया गया।

'राष्ट्रीय महासागर बड़ा डेटा सेवा प्लेटफ़ॉर्म' महासागर डेटा और सूचना उत्पादों के लिए एक राष्ट्रीय ऑनलाइन सेवा प्लेटफ़ॉर्म है। यह राष्ट्रीय वैश्विक महासागर 3-डी अवलोकन नेटवर्क से डेटा एकत्र कर सकता है, महासागर से संबंधित विभागों के बीच महासागर सूचना विनिमय की सुविधा प्रदान कर सकता है, सार्वजनिक कल्याण डेटा उत्पाद एकीकरण सेवाएं प्रदान कर सकता है और अंतरराष्ट्रीय महासागर सूचना डेटा विनिमय और सहयोग का समर्थन कर सकता है। इस बार जारी किए गए 'महासागर डेटा ओपन शेयरिंग कैटलॉग' में सात प्रमुख महासागर विषय और 83 प्रकार के तत्व शामिल हैं। यह चीन के स्वतंत्र रूप से प्राप्त महासागर डेटा, स्वतंत्र रूप से विकसित महासागर सूचना उत्पादों और वैश्विक महासागर पर्यावरण डेटा को एकीकृत करता है।

# प्रादेशिकी


## पंजाब फ्रंटियर के डीआईजी, कमांडेंटों का उच्च स्तरीय सम्मेलन आयोजित

**जालंधर,** 10 जून (एजेंसियां)। सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने सोमवार को जालंधर स्थित बीएसएफ फ्रंटियर मुख्यालय में पंजाब फ्रंटियर के डीआईजी और कमांडेंटों का एक उच्च स्तरीय सम्मेलन आयोजित किया गया। सम्मेलन की अध्यक्षता बीएसएफ पंजाब फ्रंटियर के आईपीएस महानिरीक्षक डॉ अतुल फुलजेले ने की। बैठक में सीमांत क्षेत्र के वरिष्ठ अधिकारियों ने महत्वपूर्ण परिचालन, प्रशासनिक और रसद पहलुओं पर चर्चा की और रणनीति बनाने के लिये एक साथ आए। मुख्य विषयों में परिचालन संबंधी तैयारियां, वर्तमान सुरक्षा परिदृश्यों की समीक्षा और किसी भी खतरे से निपटने के लिए इष्टतम तत्परता सुनिश्चित करना शामिल था। इसके अलावा, बीएसएफ कर्मियों और उनके परिवारों के लिए कल्याणकारी पहलों, प्रशिक्षण गतिविधियों, ढांचागत विकास और निर्बाध सीमा प्रबंधन के लिए तकनीकी नवाचारों पर भी चर्चा की गई। आने वाले महीनों में संभावित बाढ़ की स्थिति से प्रभावी ढंग से निपटने के उपायों पर भी विचार-विमर्श किया गया।

# समझौते के अनुसार दिल्ली को पानी देगा हिमाचल : सुक्खू

**शिमला,** 10 जून (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने पत्रकारों से अनौपचारिक वार्ता के दौरान कहा कि प्रदेश सरकार दिल्ली सरकार के साथ किए गए समझौते के अनुसार दिल्ली को पानी देने के लिए प्रतिबद्ध है।

उन्होंने तीन विधानसभा क्षेत्रों में होने वाले उपचुनावों के बारे में कहा कि इन क्षेत्रों में मतदाओं द्वारा निर्दलीय विधायक चुने गए थे जो विधानसभा में विभिन्न मुद्दों पर प्रदेश सरकार या विपक्ष का साथ दे सकते थे। इसके बावजूद उन्होंने अपनी सदस्यता को त्यागने का निर्णय किस आधार पर लिया है, यह बात उन्हें जनता के सामने रखनी चाहिए। यह बात स्पष्ट है कि उन्होंने अपनी सदस्यता को निजी लाभों के लिए दांव पर लगाया है। यह भी देखना होगा कि क्या भाजपा इन पूर्व तीन निर्दलीय विधायकों को अपना उम्मीदवार घोषित करती है या नहीं। उन्होंने कहा कि इन तीन विधानसभा क्षेत्रों के मतदाता इन पूर्व विधायकों से यह प्रश्न करेंगे कि जब उन्हें पांच वर्षों के लिए अपने क्षेत्र का नेतृत्व करने के लिए चुना गया था तो फिर उन्होंने किन कारणों के चलते राज्य पर उपचुनाव का बोझ डाला गया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने जम्मू-कश्मीर के रियासी जिले में तीर्थ यात्रियों से भरी बस पर हुए आतंकवादी हमले की कड़ी निंदा की। इस हमले में अब तक 9 लोगों की मृत्यु हुई है।



■ मुख्यमंत्री ने की तीर्थ यात्रियों से भरी बस पर हुए आतंकवादी हमले की कड़ी निंदा

### इलेक्ट्रिक बसों के लिए 517 करोड़ रुपए का बजट

मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने हिमाचल पथ परिवहन निगम (एचआरटीसी) की बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि निगम राज्य के लोगों को परिवहन सुविधाएं प्रदान करने में सबसे महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने निगम के संचालन के लिए प्रदेश सरकार द्वारा हर संभव सहयोग प्रदान करने का आश्वासन दिया। ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि यात्रियों की सुविधा के लिए निगम द्वारा 25 नई वॉल्वों बसें तथा 50 टैम्पों ट्रैवलर खरीदे जाएंगे। इसके अतिरिक्त निगम के बेड़े में इलैक्ट्रिक बसें शामिल की जाएंगी, जिनके प्रापण के लिए प्रक्रिया जारी है।

## कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में लगातार ध्वस्त हो रही कानून व्यवस्था : रणधीर

**शिमला।** भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं नैना देवी से विधायक रणधीर शर्मा में पीएम नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री और राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा को दूसरी बार केंद्रीय मंत्री बनने पर बधाई देते हुए कहा की एनडीए की सरकार जन सेवा के लिए कटिबद्ध है। इसका सबसे बड़ा उद्धारण किसान सम्मान निधि है। रविवार को प्रधानमंत्री पद की शपथ लेने के बाद सोमवार की सुबह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी साउथ ब्लॉक पहुंचे। साउथ ब्लॉक पहुंचे ही तीसरे कार्यकाल का पीएम मोदी ने धमाकेदार आगाज किया। दरअसल तीसरे कार्यकाल के अपने पहले फैसले में पीएम मोदी ने किसान निधि के 20 हजार करोड़ रुपए जारी किए। इससे देश के 9.3 करोड़ किसानों को फायदा होगा। अधिकारियों ने इसकी जानकारी दी। शर्मा ने कहा कि आने वाले दिनों में पीएम मोदी सरकार किसानों और कृषि क्षेत्र के लिए और काम करेगी। उन्होंने कहा की वर्तमान कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में लगातार कानून व्यवस्था ध्वस्त हो रही है। बरमाणा थाना के तहत ग्राम पंचायत सिकरोहा के चंदपुर गांव में अज्ञात लोगों ने बुजुर्ग दंपती की हत्या कर दी।

■ पीएम मोदी ने दिया किसान सम्मान निधि का बड़ा तोहफा

# मंत्रिमंडल मे उत्तराखंड को स्थान मिलना सुखद : चौहान

**देहरादून,** 10 जून (देशबन्धु)। भाजपा के प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर सिंह चौहान ने उत्तराखंड को केंद्रीय मंत्रिमंडल मे स्थान मिलने के लिए केंद्र का आभार और राज्य के लिए सुखद बताया। उन्होंने राज्य को मंत्रिमंडल मे स्थान को लेकर कांग्रेस की प्रतिक्रिया को हास्यास्पद बताया और कहा कि राज्य गठन से लेकर राज्य को विकास की अग्रिम पंक्ति मे लाने के लिए भाजपा ने अब तक साबित किया है। वहीं उन्होंने केंद्रीय मंत्रिमंडल में राज्य के प्रतिनिधित्व को लेकर कांग्रेसी बयानबाजी को उनकी दलित विरोधी सोच बताया है।



चौहान ने कहा कि उत्तराखंड के लिए यह सुखद है कि केंद्र की हर भाजपा सरकार ने राज्य की सुध ली और भरपूर मदद की। अटल जी ने पृथक राज्य दिया तो पीएम मोदी उसे संवार रहे हैं। जहां तक काग्रेस का सवाल है तो कांग्रेस ने तो भाजपा के दिए विशेष पैकेज को भी छीन लिया और तब राज्य की पांच लोक सभा सीटों पर काबिज कांग्रेसी सांसद मूकदर्शक बने रहे। उस समय सांसदों ने अपने हाईकमान के सामने राज्य हित की बात भी नही उठाई। कांग्रेस काल मे राज्य को मिली मदद का भाजपा सरकार से तुलना की जाए तो यह ऊंट के मुंह मे जीरे से समान है। कांग्रेसियों को तुलनात्मक अध्ययन की जरूरत है। चौहान ने कांग्रेस के महिला शासक्तिकरण को भी ढोंग करार देते हुए कहा कि जो पार्टी राज्य से एक भी महिला को सांसद प्रत्याशी के योग्य नही मानती और टिकट वितरण मे हमेशा ही उपेक्षित रखती है उसे नारी सम्मान की बात शोभा नही देती। उन्होंने कहा कि भाजपा ने हर क्षेत्र मे जिस तरह महिलाओं को सम्मान दिया है उसके परिणाम यह है कि मातृ शक्ति का आशीर्वाद भाजपा के साथ हमेशा रहा है। वहीं कांग्रेस महिलाओं को वोट बैंक मानती रही है। चौहान ने कहा कि यह उत्तराखंड का सौभाग्य है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी राज्य के मार्गदर्शक हैं। पीएम मोदी के मार्गदर्शन और सीएम पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व मे आज राज्य मे 2 लाख करोड़ से अधिक की योजनाएं संचालित हो रही है। हवाई और सड़क कनेक्टिविटी मे हुए क्रांतिकारी कार्यों की बदौलत आज राज्य पर्यटन के क्षेत्र मे लगातार आगे बढ़ रहा है। पीएम मोदी के विजन के अनुरूप राज्य देश के श्रेष्ठ राज्य की ओर अग्रसर है।

■ राज्य को भाजपा से मिला हमेशा सम्मान, विकास का तुलनात्मक अध्ययन करे कांग्रेस पार्टी
■ मंत्रिमंडल में प्रतिनिधित्व को लेकर बयानबाजी, कांग्रेस की दलित विरोधी सोच दर्शा रही

**सार संक्षेप**

## पोस्ट मैट्रिक योजना पर झूठ बोल रहे चीमा : सांपला

**चंडीगढ़।** चंडीगढ़ भारतीय जनता पार्टी( भाजपा) के वरिष्ठ नेता विजय सांपला ने सोमवार वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा के दलित छात्रों की पोस्ट मैट्रिक स्कालरशिप जानबूझ कर रोकने के आरोपों पर तीखा पलटवार कर कहा कि वह सरासर झूठ बोल रहे हैं। सांपला ने कहा कि चीमा भाजपा को बदनाम करने के लिए ऐसे तथ्यहीन आरोप लगा रहे हैं। वित्त मंत्री के ओहदे पर बैठे जिम्मेदार व्यक्ति को ऐसी ओछी राजनीति शोभा नहीं देती। सांपला बोले कि चीमा का यह कहना कि केंद्र की भाजपा सरकार ने राज्य के दलित छात्रों की छात्रवृत्ति रोकी है, बेहद बचकाना बयान है। उन्होंने कहा कि चीमा का कहना है कि राज्य की आम आदमी पार्टी (आप) सरकार ने लगभग एक लाख 17 हजार दलित छात्रों को स्कालरशिप के तौर पर लगभग 91 करोड़ रुपए दिए हैं और यह भी कह रहे हैं कि स्कालरशिप के लिए लगभग ढाई लाख छात्रों ने आवेदन किया है। अगर यह बात सही है तो चीमा बताएं कि राज्य सरकार ने सिर्फ एक लाख 17 हजार छात्रों को ही स्कालरशिप क्यों बांटी। बाकी बचे छात्रों को इस लाभ से वंचित क्यों किया। उन बच्चों के भविष्य के साथ राज्य सरकार खिलवाड़ क्यों कर रही है।

## डॉ. कृष्ण लाल सहगल टॉप ग्रेड से सम्मानित

**शिमला।** प्रसार भारती के नई दिल्ली स्थित आकाशवाणी महानिदेशालय ने हिमाचली लोक संगीत में महत्वपूर्ण उपलब्धि के लिए डॉ. कृष्ण लाल सहगल को टॉप ग्रेड से सम्मानित किया है। संगीत कला में निष्णात केवल टॉप ग्रेड प्राप्त कलाकार को संगीत परम्परा के अनुसार 'पण्डित' उपाधि से अलंकृत किया जाता है। हाल ही में नई दिल्ली में आकाशवाणी दिल्ली द्वारा आयोजित प्रतिष्ठित कार्यक्रम 'स्वरांजलि' में इन्हें हिमाचली लोक संगीत में महत्वपूर्ण योगदान के लिए टॉप ग्रेड प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। वर्ष 1955 में आकाशवाणी शिमला की स्थापना के बाद डा. सहगल हिमाचल प्रदेश के पहले कलाकार हैं जिन्हें उच्चतम ग्रेड प्राप्त हुआ है। सिरमौर ज़िले से ताल्लुक रखने वाले डॉ. सहगल ने वर्ष 1971 में आशवाणी शिमला से लोक संगीत स्वर परीक्षा उत्तीर्ण की। वह आकाशवाणी द्वारा आयोजित अनेक संगीत गोष्ठियों में अग्रणी पंक्ति के कलाकार रहे हैं। शिमला के अलावा आकाशवाणी जालंधर, जम्मू कश्मीर और धर्मशाला केंद्रों से भी इनके लोक गीत प्रसारित होते रहे हैं। आशवाणी केंद्र शिमला ने लोक संगीत में उल्लेखनीय योगदान के लिए इन्हें वर्ष 1998 और 2013 में सम्मानित किया। हिमाचल प्रदेश सरकार ने भी इन्हें हिमाचल गौरव पुरस्कार से सम्मानित किया है। इसके अलावा लोक संगीत में उत्कृष्ट योगदान के लिए इन्हें संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार से भी नवाजा गया है। डॉ. सहगल ग़ज़ल गायन में भी उच्च श्रेणी प्राप्त कलाकार हैं।

## सुडोकू 6582 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 2 | 7 | 1 | 9 | 5 | 8 | 4 | 3 |
| 1 | 9 | 5 | 8 | 4 | 3 | 6 | 2 | 7 |
| 4 | 3 | 8 | 2 | 7 | 6 | 9 | 5 | 1 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 2 | 7 | 4 | 6 | 5 |
| 7 | 5 | 3 | 9 | 6 | 4 | 1 | 8 | 2 |
| 2 | 4 | 6 | 5 | 8 | 1 | 3 | 7 | 9 |
| 3 | 8 | 1 | 6 | 5 | 2 | 7 | 9 | 4 |
| 9 | 7 | 2 | 4 | 3 | 8 | 5 | 1 | 6 |
| 5 | 6 | 4 | 7 | 1 | 9 | 2 | 3 | 8 |

# दोपहिया वाहनों पर पीछे बैठने वालों को भी पहनना होगा हेलमेट : राधा रतूड़ी

■ अमरनाथ तिवारी

**देहरादून,** 10 जून (देशबन्धु)। मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने परिवहन विभाग से राज्य में सड़क दुर्घटनाओं के बाद हुए डेथ ऑडिट के फलस्वरूप उठाए गए सुधारात्मक कदमों की जानकारी मांगी है। इसके साथ ही उन्होंने पूरी तरह से फेसलेस चालान सिस्टम को लागू करने के निर्देश दिए है। राधा रतूडी ने सम्पूर्ण राज्य सीमा एवं सभी मुख्य मार्गों पर एएनपीआर कैमरों के साथ ही शहरों में ड्रोन कैमरों से ट्रैफिक व्यवस्था की मॉनिटरिंग एवं चालान के निर्देश दिए हैं। सीएस ने शिक्षा विभाग को स्कूलों में सप्ताह में एक दिन बच्चों को सड़क सुरक्षा के सम्बन्ध में जागरूक करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने ट्रैफिक सिगनल को एएनपीआर तथा आरएलवीडी सिस्टम से अपग्रेड करने के निर्देश दिए हैं।

सोमवार को सचिवालय में राज्य सड़क सुरक्षा कोष प्रबन्ध समिति की बैठक की अध्यक्षता के दौरान राज्य में सड़क दुर्घटनाओं को न्यूनतम करने के दृष्टिगत मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने दोपहिया वाहनों पर पीछे बैठने वालों के लिए हेलमेट पहनने एव फॉर वीकल में सभी के लिए सीट बेल्ट के नियम को सख्ती से लागू करवाने के निर्देश दिए हैं।

रोड सेफ्टी की आज की महत्वपूर्ण बैठक में राज्य की ट्रैफिक व्यवस्था को हाईटेक एवं अपडेट करने के दृष्टिगत मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने सभी 13 जिलों में ड्रोन सेवाओं की व्यवस्था, ट्रैफिक सिगनल को एएनपीआर तथा आरएलवीडी सिस्टम से इंटिग्रेट व अपडेट करने, हाई टेक मोटर बाईक, कैमरों के साथ राडार स्पीड साइन बोर्ड, डिजिटल स्पीड साइन बोर्ड व वेरिएबल मेसेज डिस्पले बोर्ड लगाने, ट्रैफिक पुलिस कर्मियों हेतु बॉडी वॉर्न कैमरा, एल्कोमीटर व ब्रीथ एनालाइजर, पोर्टेबल साउण्ड सिस्टम जैसे आधुनिकतम टेक्नॉलाजी सिस्टम को लागू करने की वित्तीय एवं सैद्धान्तिक स्वीकृति दी है।

सीएस राधा रतूड़ी ने परिवहन एवं पुलिस विभाग को सड़क सुरक्षा एवं यातायात जागरूकता हेतु अधिकाधिक सोशल मीडिया के माध्यम से जन जागरूकता को कार्य करने के निर्देश दिए है।

जीरो एक्सीडेंट राज्य के विजन के साथ कार्य करने की सख्त हिदायत देते हुए मुख्य सचिव राधा रतूडी ने लोक निर्माण विभाग को वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए सुरक्षात्मक कार्यों के तहत क्रैश बैरियर लगाने, रोड डेलीनेटर व कैट आई, ब्लैक स्पॉट पर सुधारात्मक कार्य करने, पैरापिट एवं कॉशनरी साईन बोर्ड, रोड फर्नीचर रोड मार्किंग आदि कार्यों की वित्तीय एवं सैद्धान्तिक स्वीकृति दी।



■ चौपहिया में सभी के लिए सीट बेल्ट के नियम को सख्ती से लागू करवाने के निर्देश
■ फेसलेस चालान सिस्टम को लागू करने के दिए आदेश
■ ट्रैफिक सिगनल को एएनपीआर तथा आरएलवीडी सिस्टम से किया जाएगा अपग्रेड

## सड़क दुघर्टना में घायलों की मदद करने वाले को सम्मानित करने के लिए 10 लाख की राशि आवंटित

देहरादून। बैठक के दौरान मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने हिट एण्ड रन तथा घायलों की मदद के व्यापक प्रचार-प्रसार के निर्देश दिए है। इसके साथ ही उन्होंने राज्य के मागों पर वैज्ञानिक तरीके से गति सीमा के निर्धारण की कार्ययोजना पर तत्परता से कार्य करने के निर्देश दिए हैं। बैठक में जानकारी दी गई कि पिछले वर्ष 67 रोड दुर्घटना में घायलों की मदद करने वालों (गुड़ समेरिटन) को 10 लाख की धनराशि आवंटित की गई है। वर्ष 2024-26 में गुड़ समेरिटन योजना के लिए 10 लाख की धनराशि प्रस्तावित है। विदित है कि गुड समेरिटन को प्रोत्साहित करने के लिए उत्तराखण्ड में रोड ट्रास्पोर्ट और हाइवे मंत्रालय भारत सरकार की स्कीम को विभागीय स्तर पर लागू किया गया है, जिसमें गुड समेरिटन को नगद ईनाम और प्रशंसा पत्र दिया जाता है।

## हिमाचल प्रदेश में उप-चुनावों के लिए अनुसूची व दिशा-निर्देश जारी

**शिमला,** 10 जून (देशबन्धु)। मुख्य निर्वाचन अधिकारी मनीष गर्ग ने बताया कि भारतीय निर्वाचन आयोग ने सात राज्यों में 13 विधानसभा क्षेत्रों के रिक्त स्थानों के लिए उप-चुनावों की अनुसूची जारी की है। इसके अतिरिक्त बिहार, पश्चिम बंगाल, तमिलनाडू, मध्य प्रदेश, उत्तराखंड, पंजाब और हिमाचल प्रदेश के तीन विधानसभा क्षेत्रों में उप-चुनाव आयोजित किए जाएंगे, जिसमें जिला कांगड़ा के देहरा, जिला हमीरपुर के हमीरपुर तथा जिला सोलन के नालागढ़ में चुनाव आयोजित होंगे। हिमाचल प्रदेश में उप-चुनावों के लिए विस्तृत अनुसूची इस प्रकार है : राजपत्रित अनुसूची 14 जून, 2024 (शुक्रवार) को जारी की जाएगी तथा नामांकन पत्र भरने की अन्तिम तिथि 21 जून, 2024 (शुक्रवार) होगी। नामांकन पत्रों की छंटनी 24 जून, 2024 (सोमवार) को होगी तथा नामांकन वापिस लेने की अन्तिम तिथि 26 जून, 2024 (बुधवार) होगी।

उन्होंने बताया कि चुनाव 10 जुलाई, 2024 (बुधवार) को आयोजित किए जाएंगे जबकि 13 जुलाई, 2021 (शनिवार) को मतगणना की जाएगी। 15 जुलाई, 2024 (सोमवार) से पूर्व चुनाव पूर्ण किए जाएंगे। मनीष गर्ग ने इस अवधि के दौरान आदर्श आचार संहिता के पालन की महत्तता पर बल दिया। उन्होंने सभी राजनीतिक दलों, उम्मीदवारों तथा हितधारकों से निष्पक्ष तथा शांतिमय चुनाव सुनिश्चित करने का आग्रह किया। चुनाव प्रक्रिया को सुचारू रूप से चलाने के लिए समय-समय पर विस्तृत दिशा-निर्देश तथा निर्देश जारी किए जाएंगे। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि संबंधित जिलों में आदर्श आचार संहिता लागू हो गई है।

■ नामांकन पत्र भरने की अन्तिम तिथि 21 जून
■ नामांकन पत्रों की छंटनी 24 जून
■ नामांकन वापिस लेने की तिथि 26 जून
■ 15 जुलाई से पूर्व चुनाव पूर्ण किए जाएंगे

# किशोर न्यायालय बोर्ड के हाईकोर्ट ने सदस्य की नियुक्ति को बताया गलत

**नैनीताल,** 10 जून (देशबन्धु)। उत्तराखंड हाईकोर्ट ने किशोर न्यायालय बोर्ड उधमसिंह नगर में बोर्ड के सदस्य के नियम विरुद्ध जाकर नियुक्ति करने के खिलाफ दायर याचिका पर सुनवाई की। मामले की सुनवाई करते हुए वरिष्ठ न्यायमूर्ति मनोज कुमार तिवारी की एकलपीठ ने याचिका को निस्तारित करते हुए राज्य सरकार को निर्देश दिए हैं कि चार सप्ताह के भीतर उनकी नियुक्ति करें। साथ ही कोर्ट ने यह भी कहा है कि बोर्ड के सदस्य को नियुक्ति करने का अधिकार सिलेक्शन कमेटी को है न की राज्य सरकार को। राज्य सरकार ने इनकी नियुक्ति नियमों के विरुद्ध जाकर की है।

मामले के अनुसार, वेदना गुप्ता ने उच्च न्यायालय में याचिका दायर कर कहा है कि उन्होंने किशोर न्यायालय बोर्ड उधमसिंह नगर के सदस्य पद हेतु आवेदन किया था। सिलेक्शन कमेटी ने इस पद पर चयन हेतु सूची बनाई गई थी। उसमें उनका स्थान पहले नंबर पर था। लेकिन राज्य सरकार ने इस पद पर उनकी नियुक्ति न करके दूसरे और तीसरे स्थान पाने वाले अभ्यर्थियों की नियुक्ति कर दी। जबकि सिलेक्शन कमेटी में उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश होते हैं। राज्य सरकार ने इसके विरुद्ध जाकर दूसरे और तीसरे स्थान पाने वाले अभ्यर्थियों की नियुक्ति कर दी है।

इस संबंध में उनके द्वारा राज्य सरकार को प्रत्यावेदन दिया गया। लेकिन उस पर राज्य सरकार ने कोई विचार नहीं किया। जिसको उनके द्वारा उच्च न्यायालय में चुनौती दी। जिसपर सुनवाई करते हुए कोर्ट ने राज्य सरकार को निर्देश दिए हैं कि यह नियुक्ति नियम विरुद्ध जाकर की गई है। इसलिए राज्य सरकार चार सप्ताह के भीतर याचिकाकर्ता को नियुक्ति दे।

## जालंधर (पश्चिमी) उपचुनाव के लिए 'आप' पूरी तरह तैयार : मान

**चंडीगढ़,** 10 जून (एजेंसियां)। पंजाब के मुख्यमंत्री ने सोमवार को कहा कि राज्य सरकार जालंधर (पश्चिमी) विधान सभा क्षेत्र के लिए होने वाली उपचुनाव के लिए पूरी तरह तैयार है।

मुख्यमंत्री मान ने कहा कि 'आप' राष्ट्रीय पार्टी है, जो उपचुनाव ज़ोरदार ढंग के साथ लड़ेगी और विधायक के इस्तीफ़े कारण खाली हुई इस सीट पर जीत दर्ज करेगी। उन्होने कहा कि 2019 की एक सीट के मुकाबले इस बार पार्टी को तीन सीटें मिली हैं, जबकि कांग्रेस का वोट प्रतिशत कम हुआ है और भाजपा का सफाया हो गया है। मान ने कहा कि आम आदमी पार्टी ने लोक सभा मतदान में बढिया प्रदर्शन किया है क्योंकि मौजूदा मतदान दौरान वोट शेयर 2019 में सात प्रतिशत से बढक़र 26 प्रतिशत से अधिक हो गया है। उन्होंने कहा कि अगर कामकाज में कोई कमियां है तो पार्टी उनका निश्चित विश्लेषण करेगी और उनको दूर करेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा देश में 400 पार के दावे के बावजूद 250 का आंकड़ा पार नहीं कर सकी और अब मोदी सरकार को एनडीए सरकार कहा जा रहा है।

# पिकअप खाई में गिरने से दो की मौत, 13 घायल

**हल्द्वानी,** 10 जून (देशबन्धु)। नैनीताल जिले में सड़क हादसे रुकने का नाम नहीं ले रहे हैं। रविवार देर रात करीब एक बजे एक बार फिर से सड़क हादसा हुआ है। दुर्घटना बेतालघाट थाना क्षेत्र में हुई है। यहां रातीघाट-बेतालघाट मोटर मार्ग पर एक पिकअप अनियंत्रित होकर 100 फिट गहरी खाई में जा गिरी।

इस हादसे में वाहन में सवार 2 लोगों की मौत हो गई है। 13 लोग घायल हो गए। हादसे की सूचना मिलते ही घायलों को पुलिस और स्थानीय लोगों की मदद से रेस्क्यू कर निजी वाहन से बेतालघाट सीएचसी ले जाया गया। अस्पताल में नैनीचौक निवासी 65 वर्षीय उम्मेद सिंह मौत हो गई। पिकअप सवार 14 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में से 14 साल की एक लड़की ने भी दम तोड़ दिया। घायलों में 6 लोगों को हल्द्वानी के सुशीला तिवारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जिनमें 2 की मौत हो गई है।

घायलों ने बताया कि सभी लोग बेतालघाट महोत्सव से खरीदारी कर देर शाम वापस घर लौट रहे थे। थानाध्यक्ष अनीस अहमद ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही घायलों को सीएचसी लाया गया। हादसे की वजह का पता लगाया जा रहा है। बताया जा रहा है कि रातीघाट-बेतालघाट मोटर मार्ग के बदहाल होने के चलते वाहन खाई में जा पलटा। स्थानीय लोगों ने बताया कि बेतालघाट में बदहाल सड़क को सही कराने के लिए प्रशासन से मांग करते आ रहे हैं। लेकिन प्रशासन और विभाग कोई कार्रवाई नहीं कर पा रहे हैं।

लोगों का आरोप है कि सड़क मार्ग ठीक नहीं होने के चलते आए दिन हादसे हो रहे हैं। चार दिन पहले ही सड़क हादसे में सात लोगों की मौत हुई है। उसके बावजूद भी जिला प्रशासन सड़क बनाने की जहमत तक नहीं उठा रहा है।

■ बेतालघाट महोत्सव से खरीदारी कर लौट रहे थे सभी सवार

# बद्रीनाथ व मंगलौर विधानसभा के उपचुनाव के लिए अधिसूचना जारी

**देहरादून,** 10 जून (देशबन्धु)। मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ. बी.वी.आर.सी पुरूषोत्तम ने मीडिया सेंटर सचिवालय में उत्तराखण्ड की दो विधानसभा सीटों पर उप चुनाव के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के आदेश पर उत्तराखण्ड राज्य की दो विधानसभा सीटों 4- बद्रीनाथ और 33-मंगलौर के लिए उप निर्वाचन की तिथि घोषित की जा चुकी। इन विधानसभा सीटों पर 21 जून तक नामांकन की प्रक्रिया शुरू होगी, 10 जूलाई को मतदान होगा व 13 जुलाई को मतगणना होगी।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि विधानसभा सीट 4- बद्रीनाथ और 33-मंगलौर के विधानसभा उप निर्वाचन के लिए शुक्रवार को अधिसूचना जारी की जाएगी। नामांकन भरने की अंतिम तिथि 21 जून 2024 है। 24 जून 2024 तक नामांकनों की जांच की जाएगी। जो प्रत्याशी नाम वापस लेना चाहेंगे, उनके लिए नाम वापसी की अंतिम तिथि 26 जून 2024 तक होगी। दोनों विधानसभा सीट पर 10 जुलाई 2024 को मतदान होगा और 13 जुलाई 2024 को मतगणना होगी। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि विधानसभा उप निर्वाचन के दृष्टिगत जनपद चमोली और जनपद हरिद्वार में आज से ही आदर्श आचार संहिता प्रभावी हो चुकी है, जो 15 जुलाई तक रहेगी। उत्तराखण्ड राज्य में विधानसभा उप निर्वाचन के लिए बद्रीनाथ विधान सभा सीट में 210 पोलिंग बूथ बनाए जाएंगे। बद्रीनाथ विधानसभा सीट पर 1 लाख 2 हजार 145 मतदाता एवं 2566 सर्विस मतदाता है। मंगलौर विधानसभा सीट पर 132 पोलिंग बूथ बनाये जाएंगे। मंगलौर विधानसभा सीट पर 1 लाख 19 हजार 930 मतदाता और 255 सर्विस मतदाता हैं।

■21 जून तक होगी नामांकन प्रक्रिया शुरू
■10 जूलाई को मतदान व 13 को होगी मतगणना

## विधानसभा उपचुनाव में भट्ट ने किया जीत का दावा

**देहरादून।** भाजपा ने विधानसभा उपचुनाव तारीखों की घोषणा का स्वागत करते हुए, एकतरफा जीत का दावा किया हैं। प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने कहा, राज्य में अनवरत जीत का सफर जारी रखते हुए हमारे विधायकों की संख्या का 47 से बढ़कर 49 होने जा रही है। पीएम मोदी के मार्गदर्शन और सीएम धामी के नेतृत्व में राज्य में हुए चौमुखी विकास पर जनता का आशीर्वाद इस बार भी मिलना तय है। चुनाव आयोग द्वारा बद्रीनाथ और मंगलौर विधानसभा सीटों पर उपचुनाव की घोषणा पर प्रतिक्रिया देते हुए भट्ट ने दावा किया कि प्रदेश में पार्टी की जीत का अश्वमेघ जारी है। डबल इंजन सरकार में देवभूमि सर्व श्रेष्ठ राज्य बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है, जिसको लेकर जनता का आशीर्वाद निरंतर हमे मिलता आया है। इससे पूर्व भी 2022 विधानसभा चुनावों में प्रचंड जीत के बाद भी चंपावत और बागेश्वर के उपचुनाव में हम जीते हैं। इसी तरह लोकसभा चुनावों में सभी पांचों सीटों पर रिकॉर्ड मतों से मिली जीत इस बात की तस्दीक करती है कि दोनों सीटों पर कमल खिलना निश्चित है। उन्होंने दावा किया कि इन चुनावों के बाद विधानसभा में भाजपा की संख्या 47 से बढ़कर 49 होने वाली है। उन्होंने चुनावी तैयारियों को लेकर कहा कि पार्टी पहले ही दोनो रिक्त सीटों के लिए विधानसभा प्रभारी नियुक्त कर चुकी है। जिसमे चौधरी अजीत सिंह को मंगलौर और विजय कपरवान को बद्रीनाथ सीट की जिम्मेदारी दी गई है। शीघ्र ही संबंधित विधानसभा में बूथ स्तर तक कार्यकर्ताओं चुनावी रणनीति को लेकर बैठकें शुरू की जाएंगी। साथ ही प्रत्याशी चयन की प्रक्रिया को आगे बढ़ाते हुए पर्यवेक्षकों की टीम को क्षेत्र में भेजा जाएगा ।

प्रत्याशी चयन के लिए बनेगा पैनल

# प्रादेशिकी

## खनन मामले में बबना चौकी प्रभारी सहित पांच पुलिस कर्मी निलंबित

**फर्रुखाबाद,** 10 जून (देशबन्धु)। खनन मामले में पुलिस अधीक्षक नें बड़ी कार्यवाही है जिसमे बबना चौकी प्रभारी सहित पांच पुलिस कर्मियों को निलंबित किया गया है। जेएनआई की खबर पर बड़ी कार्यवाही हुई है। दरअसल थाना नवाबगंज में तैनात सिपाही राहुल कुमार की खनन माफियाओं नें ट्रैक्टर से कुचलकर हत्या कर दी थी। नामजद आरोपियों खनन माफिया प्रदीप यादव पुत्र सहवीर यादव निवासी चंदन नगला नवाबगंज व भूपेन्द्र यादव पुत्र सतीश चन्द्र यादव निवासी नगला लाहौरी मेरापुर कोबीते दिन ही मुठभेड़ में गोली लगने के बाद गिरफ्तार किया था। वहीं खनन मामले में दोषी नवाबगंज के बबना चौकी प्रभारी भूकेन्द्र सिंह , थाना जहानगंज के हेड कांस्टेबल सुनील यादव व कांस्टेबल 112 टिंकू को पुलिस अधीक्षक विकास कुमार ने निलंबित किया है।

# अवसर मिला तो अयोध्या की पौराणिक संस्कृति के लिए काम करेगी कांग्रेस

■ ओम प्रकाश सिंह

**अयोध्या,** 10 जून (देशबन्धु)। पिछले पैंतीस साल से कांग्रेस उत्तर प्रदेश में सत्ता में नहीं है। कमजोर संगठन को जुझारू बनाने के लिए संजीवनी की तलाश है। राहुल गांधी दक्षिण की वायनाड की सीट को छोड़ यूपी की रायबरेली सीट से सांसद बने रहेंगे। योजना यूपी को केंद्र बिंदु बनाकर इंडिया गठबंधन के साथ कांग्रेस की मजबूती के लिए उत्तर भारत को मथने की है। वायनाड सीट पर कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी को चुनाव लड़ाने की मांग है। आलोक शर्मा कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता हैं। अपने बयानों के लिए चर्चित आलोक शर्मा को मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ के मामले में कारण बताओ नोटिस भी इशू हो चुकी है। लोकसभा चुनाव परिणामों के बाद अयोध्या दर्शन के बहाने राजनीतिक नब्ज की थाह लेने आए आलोक शर्मा से देशबन्धु रिपोर्टर की बातचीत हुई। अयोध्या जनपद में कांग्रेस की कमजोरी पर दबे मन से बोलने वाले शर्मा, यूपी व अयोध्या की गरिमा पर खुलकर बोले। राहुल गांधी वायनाड सीट छोड़कर रायबरेली सीट से सांसद रहेंगे ऐसा क्यों के सवाल पर आलोक शर्मा ने कहा कि यूपी में

■ **प्रियंका गांधी वायनाड से लोकसभा लड़ेंगी, राहुल मथेंगे यूपी से उत्तर भारत**



**आम आदमी पार्टी सांसदों को तोड़ने की कोशिश करेंगे मोदी : आलोक शर्मा**

संगठन की स्थिति नाजुक है। उत्तर भारत की हिंदी भाषी बेल्ट में इंडिया गठबंधन व कांग्रेस की मजबूती के लिए राहुल खुद कमान संभालेंगे और इसके लिए उन्होंने उत्तर प्रदेश को केंद्र बिंदु बनाने का मन बनाया है। जब अमेठी ने ठुकराया तो वायनाड ने राहुल को सहारा दिया। अब राहुल वायनाड छोड़ रहे हैं तो वहां की जनता का मान कैसे रखा जाएगा। शर्मा ने कहा कि कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वायनाड से चुनाव लड़ेंगी। कांग्रेस राष्ट्रीय प्रवक्ता ने कहा कि जोड़तोड़ से मोदी की सरकार बन तो गई है लेकिन भाजपा बहुमत पाने के राजनीतिक दलों, निर्दलीय सांसदों को अपने पाले में लाने के लिए तोड़फोड़ करेगी। क्या इंडिया गठबंधन भी शिकार हो सकता है। शर्मा ने तपाक से कहा कि आम आदमी पार्टी को शिकार बनाया जा सकता है। इसके अलावा उद्धव ठाकरे पर भी शिकंजा कसा जा सकता है। मंडल कमंडल की राजनीति ने कांग्रेस को यूपी की राजनीति से खदेड़ा कर दिया था। अयोध्या पिछले तीन दशक से भारतीय राजनीति की धुरी बन गई थी। यह अलग बात है कि इस बार लोकसभा चुनाव परिणामों से आहत मोदी, जयश्रीराम के बजाए जय जगन्नाथ की ओर बढ़ चले हैं लेकिन अयोध्या में भाजपा की पराजय पर वैश्विक चर्चा तेज है।

### अयोध्या की अस्मिता से किया जा रहा खिलवाड़ : कांग्रेस

कांग्रेस अयोध्या को किस रुप में देखती है। आलोक शर्मा ने कहा कि अयोध्या की अस्मिता से खिलवाड़ किया जा रहा है। अध्यात्म नगरी को पर्यटन नगरी में तब्दील कर गुजराती करण कर दिया गया है। जब भी अवसर मिला तो कांग्रेस अयोध्या की पौराणिक संस्कृति लौटाने का काम करेगी। अयोध्या सहित यूपी में कांग्रेस समय में हुए कार्यों को जनता के सामने लाने की जरूरत है। केंद्रीय स्तर, फ्रंटल संगठनों के बाद जनपद स्तर तक संगठन में फेरबदल हो सकता है।



## समग्र शिक्षा कार्यकारी समिति की बैठक संपन्न

**लखनऊ,** 10 जून (देशबन्धु)। मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र की अध्यक्षता में समग्र शिक्षा, उप्र सभी के लिए शिक्षा परियोजना परिषद की कार्यकारी समिति की बैठक सम्पन्न हुई। अपने संबोधन मुख्य सचिव ने कहा कि ऑपरेशन कायाकल्प के अन्तर्गत विगत 5 वर्षों में विद्यालयों में अवस्थापना सुविधाओं में ऐतिहासिक रूप से सुधार हुआ है। इसके साथ ही छात्रों के लिए आकर्षक लर्निंग मेटीरियल उपलब्ध कराया गया है।अब सम्पूर्ण ध्यान शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार लाने पर दिए जाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि परिषदीय विद्यालयों में नामांकन बढाये जाने के सम्बन्ध में प्रदेश भर में विशेष अभियान चलाये जाए। समय-समय पर सभी विद्यालयों का औचक निरीक्षण कर कार्य में लापरवाही करने वालों पर कठोर कार्यवाही की जाए। बच्चों का परीक्षा परिणाम इस सत्र से साफ्ट कॉपी में मोबाइल पर भेजा जाए। बैठक में समग्र शिक्षा की वार्षिक कार्य योजना एवं बजट 2023-24 में प्राथमिक विद्यालयों के उपयोगर्थ 10,375 टैबलेट तथा 8778 उच्च प्राथमिक विद्यालयों के उपयोगार्थ 17556 टैबलेट क्रय कर वितरित की गई है।

# अकबरनगर में अवैध कॉलोनी के ध्वस्तीकरण की कार्रवाई फिर शुरू

**लखनऊ,** 10 जून (देशबन्धु)। राजधानी के अकबरनगर इलाके में सपा सरकार के जमाने में भूमाफिया द्वारा कुकरैल नदी व बंधे के बीच बसाई गई अकबरनगर की अवैध कॉलोनी में योगी सरकार की कार्रवाई लगातार जारी है। सपा काल में संरक्षण प्राप्त भूमाफिया ने सरकार से सांठगांठ कर वर्ष 2012 से 17 के बीच कुकरैल नदी और बंधे के बीच बहुमंजिला इमारतें एवं बड़े-बड़े शोरूम खड़े कर दिये थे। इतना ही नहीं भूमाफिया ने कूटरचित दस्तावेजों के आधार पर अवैध कॉलोनियां बसा दीं, जबकि इस क्षेत्र में रिहायशी एवं व्यवसायिक निर्माण नहीं हो सकता। ऐसे में मरती हुई नदी को जिंदा करने के लिए सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर योगी सरकार ने बड़ा एक्शन लिया है। कोर्ट ने भी अवैध निर्माण को लेकर योगी सरकार की कार्रवाई को सही माना है। इस पर एक बार फिर योगी सरकार ने अवैध निर्माण के ध्वस्तीकरण की कार्रवाई तेज कर दी है। इसके साथ ही यहां पर पर्यावरण संरक्षण के मानकों के आधार पर क्षेत्र को विकसित करने और कुकरैल नदी को पुनर्जीवित करने के लिए सरकार ने कदम बढ़ा दिया है। योगी सरकार लगातार जीरो टॉलरेंस नीति के तहत भूमाफिया और अतिक्रमण के खिलाफ ताबड़तोड़ कार्रवाई कर रही है। सरकार की इस मुहिम को प्रदेशवासियों के साथ पूरी दुनिया में सराहना मिल रही है। इसी के तहत योगी सरकार ने कुकरैल नदी और बंधे के बीच बसाए गए अकबरनगर प्रथम और द्वितीय के अवैध निर्माण तोड़ने की कार्रवाई का नया चरण सोमवार से शुरू कर दिया है। बता दें कि सपा सरकार ने अपने शासनकाल में

■ **भूमाफिया ने सपा सरकार के जमाने में कुकरैल नदी पर बसा दी थी अवैध कॉलोनी**

पर्यावरण चिंताओं को दरकिनार कर अपने पोषित भूमाफियाओं को कुकरैल नदी पर अवैध निर्माण की अनुमति दी थी। इन्होंने यहां पर सपा सरकार की शह और सांठगांठ से बहुमंजिला इमारतें, घर और शोरूम बना दिये। आज इन पर करोड़पतियों का कब्जा है। सपा सरकार के इस कृत्य से कुकरैल नदी का अस्तित्व ही खतरे में पड़ गया। ऐसे में योगी सरकार ने जीरो टॉलरेंस नीति के तहत यहां पर अवैध निर्माण के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी ताकि पर्यावरण को संरक्षित किया जा सके। साथ ही कुकरैल नदी को पुनर्जीवित किया जा सके। योगी सरकार के एक्शन से घबराए भूमाफिया और करोड़पतियों ने कोर्ट में गलत दस्तावेज प्रस्तुत कर गुमराह करने की कोशिश की।

## सार संक्षेप

### शिकायतों का प्रोजेक्ट सम्पर्क से किया जाएगा हल

**मेरठ।** थल सेना द्वारा एक नई पहल की गई है जो सेवारत सैनिकों की प्रशासन व पुलिस से सम्बन्धित शिकायतों का निस्तारण जल्द करने के लिये स्थापित की गई है। इसका नाम 'प्रोजेक्ट सम्पर्क' दिया गया है। इसका मुख्य उददेश्य सेवारत सैनिकों जो दूरदराज इलाकों में कार्यरत रहते है और अपनी समस्याओं का समाधान करने के लिये बार-बार अवकाश लेकर आने में असमर्थ रहते है उनकी समस्याऐं इस प्रोजेक्ट सम्पर्क से हल करायी जाएंगी। इस सन्दर्भ में दिनांक 10 जून 2024 को ब्रिगेडियर अमित कुमार चांद ने कैप्टन राकेश शुक्ला (भारतीय नौसेना) अ.प्रा., जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी, मेरठ के साथ एक बैठक की, जिसमें इस प्रोजेक्ट के साथ जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास कार्यालय, मेरठ भी जुडेगा और प्रशासन के साथ तालमेल बनाने का प्रयास करेगा। इस प्रोजेक्ट के माध्यम से भूतपूर्व सैनिकों की समस्याओं के निस्तारण का भी प्रयास किया जायेगा, जिसमें विशेष रूप से सेना के अभिलेख कार्यालयों से सम्बन्धित समस्याएं जो देर तक लम्बित रहती है, उन्हे कम समय में निस्तारित करने का प्रयास होगा।

### कांग्रेस नेता अजय को पुण्यतिथि पर की श्रद्धांजलि अर्पित

**मवाना।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता डॉक्टर अजय शर्मा की 21 वी पुण्यतिथि पर उन्हें याद कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। 10 जून 2003 को कांग्रेस के वरिष्ठ नेता डॉ. अजय शर्मा का हार्ट अटैक के कारण मात्र 51 वर्ष की आयु में निधन हो गया था। उनकी पुण्यतिथि पर सोमवार को पंचवटी कॉलोनी में एक शांति यज्ञ का आयोजन किया गया। उसके बाद आयोजित विचार गोष्ठी में स्वर्गीय डॉक्टर अजय शर्मा की स्मृतियां पर प्रकाश डाला गया। इस मौके पर लोगों ने उनके चित्र पर फूल माला चढ़ाकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर आदेश शर्मा एडवोकेट, प्रमोद शर्मा एडवोकेटे, विनोद भाटी, डॉ. राकेश सेन, पूर्व चेयरमैन डॉक्टर नरेश चंद्रा, पवन गुप्ता, कांति प्रसाद गुप्ता, महेश शर्मा, कुलदीप सिंह, अजीत शर्मा, सौरभ शर्मा, भव्य शर्मा, विनीत सैनी, शाहिद समेत अनेक लोग उपस्थित रहे।

### सिपाही को कुचलने वाले दोनों आरोपी मुठभेड़ में गिरफ्तार

**फर्रुखाबाद।** सिपाही को कुचलकर मौत के घाट उतारनें वाले अबैध खनन के ट्रैक्टर चालक व उसके साथी को पुलिस नें मुठभेड़ में गोली लगने के बाद घायल अवस्था में गिरफ्तार कर लिया। थाना नवाबगंज के सिपाही रोहित कुमार को खनन माफिया के ट्रैक्टर चालक नें कुचल दिया था उसकी उपचार के दौरान मौत हो गई थी। पुलिस नें उपनिरीक्षक संतोष कुमार के द्वारा आरोपी खनन माफिया प्रदीप यादव पुत्र सहवीर यादव निवासी चंदन नगला नवाबगंज व भूपेन्द्र यादव पुत्र सतीश चन्द्र यादव निवासी नगला लाहौरी मेरापुर के खिलाफ धारा 302, 353, 379, 411, खान व खनिज अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया। पुलिस का कहना है कि उनकी आरोपियों से मुठभेड़ हुई जिसमे दोनों के पैर में गोली लगी। उन्हें मोहम्मदाबाद सीएचसी में भर्ती किया गया। पुलिस अधीक्षक विकास कुमार नें बताया कि मुकदमा दर्ज किया गया था। आरोपियों को मुठभेड़ में गिरफ्तार किया गया है।

## महर्षि पतंजलि योग सूत्र में अष्टांग योग के आठ अंग की दी जानकारी

**मेरठ,** 10 जून (देशबन्धु)। नित्य निशुल्क योगशाला के तत्वाधान में चल रहे योग जागरूक शिविर का दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया गया। इस मौके पर योग विज्ञान विभाग के समन्वयक प्रोफेसर राकेश शर्मा योगेश कुमार त्यागी लोकेंद्र सिंह देवेश कुमार प्रशासनिक व योजना अधिकारी डॉक्टर धर्मेंद्र कुमार बसंत तोमर भारत भूषण बृजपाल आदि मौजूद रहे। योग विज्ञान विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर अमरपाल आर्य ने योग साधकों को बताया महर्षि पतंजलि योग सूत्र में अष्टांग योग के आठ अंग होते हैं। यह नियम आसन प्राणायाम प्रत्याहार धारणा ध्यान समाधि जिसमें अष्टांग योग के आधार पर आसान तीसरा अंग है और प्राणायाम को चौथा अंग माना जाता है। बताया गया है जिनके द्वारा शरीर को स्वस्थ रखने में सहायता प्राप्त होती है प्रत्याहार के द्वारा इंद्रियों और मन पर संयम किया जाता है । योग अभ्यास में व्यायाम सूर्य नमस्कार त्रिकोणासन उष्ट्रासन नोका आसान मंडूकासन भुजंगासन पवनमुक्त आसन आसन चक्रासन धनुरासनअर्ध चक्रासन अर्ध हलासन गोमुख आसान उष्ट्रासन कपालभाति अनुलोम विलोम आदि का अभ्यास कराया। इस अवसर पर योग विज्ञान विभाग के शिक्षक ईशा पटेल अंजू मलिक डॉक्टर कमल शर्मा साक्षी मावि योग विज्ञान विभाग के सभी विद्यार्थियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा उन्होंने सभी योग साधकों के आसान और प्राणायाम की मुद्रा को सही किया बड़ी संख्या में योग साधक उपस्थित रहे।



# जीवन में अध्यात्म अति आवश्यक है : प्रीतम सिंह

■ **बुद्ध मेले में सिख संगत के माध्यम से दिया गुरुओं का संदेश**

■ **सुभारती बुद्ध मेले में मनोरंजन के साथ बह रही अध्यात्म की धारा**

**मेरठ,** 10 जून (देशबन्धु)। स्वामी विवेकानन्द सुभारती विश्वविद्यालय में सुभारती समूह की संस्थापिका संघमाता डॉ.मुक्ति भटनागर की स्मृति में उनके परिनिर्वाण दिवस पर चल रहे बुद्ध मेले में सिख धर्म गुरु ज्ञानी प्रीतम सिंह, इंद्रजीत सिंह, ज्ञानी सरदार सिंह द्वारा सिख संगत की गई।

उन्होंने पवित्र गुरबानी प्रस्तुत करके सभी को अध्यात्म की धारा से मंत्रमुग्ध कर दिया। सुभारती समूह के संस्थापक डॉ अतुल कृष्ण ने सिख धर्म गुरु ज्ञानी प्रीतम सिंह, इंद्रजीत सिंह, ज्ञानी सरदार सिंह का अभिनंदन किया। उन्होंने कहा कि बौद्ध धर्म प्रेम, करुणा, मैत्री का सन्देश देता है, इन्हीं आदर्शों को आत्मसात करते हुए संघमाता डॉ. मुक्ति भटनागर की स्मृति में सामाजिक एकता व मनोरंजन हेतु बुद्ध मेले का आयोजन किया जा रहा है। सिख धर्म गुरु ज्ञानी प्रीतम सिंह ने कहा कि गुरुओं के संदेश से आध्यात्मिक विकास होता है।



### मेले में धार्मिक व ज्ञानवर्धक कार्यक्रम किए गए प्रस्तुत

मेला उपाध्यक्ष डॉ. विवेक कुमार ने बताया कि 14 जून तक चलने वाले सुभारती बुद्ध मेले में प्रतिदिन धार्मिक, आध्यात्मिक व ज्ञानवर्धक विभिन्न कार्यक्रम प्रस्तुत किये जा रहे है। जिसमें गुरबानी, जैन मत परिचय, णमोकार वंदना, बुद्ध संगीत व प्रतियोगिता, सनातन धर्म पर चर्चा, वाल्मीकि रामायण एवं रामचरितमानस पाठ किए जा रहे है। उन्होंने बताया कि शाम होते की बच्चें बुढ़े सहित हर उम्र के लोग उत्साह के साथ मेले में आकर खूब्ब मनोरंजन कर रहे है। कार्यक्रम में मेला समिति के अध्यक्ष डॉ. मनोज त्रिपाठी, प्रो पिंटू मिश्रा, डॉ.आरपी सिंह, राजकुमार सागर, सरदार जसविंदर सिंह आदि उपस्थित रहे।

## पुलिस ने गिरफ्तार किया पोक्सो एक्ट का आरोपी

**किठौर,** 10 जून (देशबन्धु)। थाना पुलिस ने कई धाराओं के मुकदमे में फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय के सामने पेश किया है। थाना प्रभारी ने बताया कि पोक्सो एक्ट सहित कई धाराओं में शामिल आरोपी को थाना पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस को मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि आरोपी किसी कार्य से अपने घर पर रुका हुआ है। पुलिस ने सूचना पर विश्वास करते हुए आरोपी के घर दबिश दी और आरोपी को घर से ही गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने पकड़े गए आरोपी का नाम पिंटू काजला पुत्र बाबूराम निवासी भटीपुरा बताया है।

# स्प्रिंग डेल्स पब्लिक ने की उपलिब्ध हासिल



**मवाना,** 10 जून (देशबन्धु)। नगर स्थित स्प्रिंग डेल्स पब्लिक स्कूल के छात्र प्रियम किशोर ने जेईई मेन्स में 98.3 परसेंटाइल एवं सुहानी रस्तोगी ने 97.1 परसेंटाइल प्राप्त की थी । दोनों ही विद्यार्थीयो ने जेईई एडवांस की परीक्षा में सफलता का श्रेय अपने गुरुजनों , विद्यालय व अपने माता-पिता को दिया । जेईई एडवांस की परीक्षा में शानदार सफलता प्राप्त करने पर विद्यालय में प्रबंधक महोदय मनोज रस्तोगी, प्रबंधिका मीनू रस्तोगी व प्रधानाचार्य कमल कुमार दीवान ने मुँह मीठा कराकर शुभकामनाएँ दी। प्रबंधक ने कहा कि ये दोनों बहुत होनहार विद्यार्थी रहे हैं और इन्होंने अपनी कड़ी मेहनत और लगन से इस सफ्लता को प्राप्त कर विद्यालय और अपने माता पिता का नाम रोशन किया है। प्रधानाचार्य कमल कुमार दीवान ने सभी को शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि सफलता इसी प्रकार जीवन में उनके कदम चूमती रहे और ये सभी जीवन में प्रत्येक क्षेत्र में उन्नति करते रहे।

■ **जेईई एडवांस की परीक्षा में 1174 कैटेगरी रैंक की प्राप्त**

■ **विद्यालय का नाम किया रौशन, प्रबंधन ने दी बधाई**

## गुरु अर्जुन देव के शहीदी दिवस पर शरबत वितरित

**मवाना,** 10 जून (देशबन्धु)। मंदिर महामाई ट्रस्ट की ओर से सोमवार को सिक्खों के पांचवें गुरुवार गुरु अर्जुन देव के शहीदी दिवस पर नगर में मेरठ रोड स्थित महामाई मंदिर के समक्ष छबील लगाकर राहगीरों को शरबत वितरण किया गया, जिसमें राहगीरों व वाहनों को रोक-रोककर शरबत पिलवाया गया। ट्रस्ट के अध्यक्ष हरिओम रस्तोगी, प्रबंधक जय प्रकाश गुप्ता, कोषाध्यक्ष महेश आर्य, उप प्रबंधक सौरभ शर्मा, रतन चौधरी श्यामलाल गुप्ता, प्रवीण जैन, मुरारीलाल, आशु त्यागी, प्रभात कुमार, अमर रस्तोगी, सौरभ दुबलिश, सचिन शर्मा, राजीव, बाबूराम प्रजापति, सुरेंद्र कुमार, योगेंद्र जाटव आदि ने शरबत राहगीरों को शरबत पिलवाया। लोगों ने गर्मी में शरबत वितरण कार्य प्रशंसनीय बताया और शरबत से प्यास बुझाई।



# माता पिता के संस्कारों से बच्चे करते हैं उच्च स्थान प्राप्त : भारत

**मवाना/हस्तिनापुर,** 10 जून (देशबन्धु)। श्री दिगम्बर जैन प्राचीन बड़ा मंदिर के स्वर्णमयी त्रिमूर्ति जिनालय में आचार्य भारत भूषण महाराज के संसघ सानिध्या में चल रहे 40 दिवसीय श्री शांतिनाथ महामण्डल विधान के 27वें दिन कैलाश चंद जैन, सुनीता जैन, हिमांशु जैन, तृप्ती जैन दीपांशु जैन, आयूषी जैन, सम्यक जैन, शौर्य जेन, दिया जैन, रिद्धि जैन, सिद्धी जैन ने भंगवतों की शांतिधारा कर पुण्य का संचय किया। तदोपरांत बाल ब्रं. सुनीता दीदी ने दिशा निर्देशन में विधान के समस्त क्रियाएं आशीष जैन शास्त्री ने सम्पन कराई। विधान के मध्य आयोजित धर्मसभा में आचार्य 108 भारत भूषण महाराज ने कहा कि आज आप पूरी निष्ठा एवं लगन के साथ पाठ करते हुए 27वें दिन अपनी पूर्ण भक्ति एवं शक्ति के साथ लगे हुए है आपको निश्चित ही इस विधान में समर्पण के साथ भगवान शांतिनाथ के चरणो में सुख, शांति, समृद्धि की प्राप्ति होगी तथा बच्चों को उच्च संस्कारों से संस्कारित करने का आह्वान करते हुए कहा के वर्तमान समय में चल रही उठा पटक जैसी पस्थितियों में बच्चो के खान पान, उनके रहने सहने का तरीका तथा शिक्षा उपार्जन की पद्धति धर्मानुकूल निर्धारित कर बच्चो का मार्ग प्रशस्त करना होगा तभी बच्चे सुसंस्कारित होकर उच्च स्थान प्राप्त कर सकेंगे और परिवार को सम्मान दिला पायेंगे। उन्होंने उदहारण के तौर पर कई उदहारण सुनाकर जनमानस को अपने दिये गये उपदेश से जीवन मार्ग प्रशस्त करने का आशीर्वाद दिया। संध्याकाली विनोद एंड पार्टी की मधुर संगीत लहरियों के मध्य श्रद्वालुओं ने नृत्य कर त्रय भगवन्तों की आरती की। सांस्कृतिक कार्यक्रम में धार्मिक प्रश्नमंच प्रतियोगिता के पुरस्कार प्रकाश चंद जैन, सुधा जैन अनिल जैन वितरित किए गए।

# करोड़ों की सड़क में प्रयोग हो रही घटिया निर्माण सामग्री

**मवाना,** 10 जून (देशबन्धु)। निर्माण कार्यों को सरकार भले ही गुणवत्ता पूर्वक करने की बात करती हो लेकिन धरातल पर आते ही तमाम योजनाएं दम तोड़ देती है। नवीन मंडी में बनाई जा रही सड़क में घटिया निर्माण सामग्री का उदाहरण खुलेआम देखने को मिल रहा है जहां सड़कें कुछ ही दिनों में उखड़ने लगी हैं। मंडी के दुकानदार निर्माण करने वाली कार्यदायी संस्था के भ्रष्टाचार पर बताते हैं कि नई सड़क समिति के हैंडवोवर नहीं की गई है। घटिया निर्माण सामग्री की हालत बयां करती सड़कें खुद ब खुद इसकी गवाही दे रही हैं। समिति सभापति एवं एसडीएम मवाना ने मामले की जांच कर कार्रवाई करने की बात कही है। बता दे की हस्तिनापुर रोड स्थित मंडी समिति में 1 करोड़ 23 लाख लागत से सड़क व अन्य निर्माण कार्य चल रहा है समिति के निर्माण विभाग की कार्यदायी संस्था ने करीब एक महीना पहले सड़क निर्माण शुरू हुआ था। हालांकि



निर्माण शुरू करने व प्रस्ताव पास होने की अधिकारिक सूचना मवाना समिति को नहीं दी गई और काम शुरू कर दिया गया। बकौल जेई निर्माण विभाग, सड़कों के निर्माण के लिए 1 करोड़ 23 लाख का बजट पास किया। मंडी समिति के दुकानदारों ने नाम नहीं छापने की शर्त पर बताया कि नई सड़कों से तारकोल और रोड़ी अलग-अलग होने लगी है। जिससे सड़कें टूटकर क्षतिग्रस्त हो रही है। मानक के अनुरूप सड़क किनारे लगी सीसी टाइल्स के नीचे पत्थर के रोड़े की परत नहीं डाली गई है। घटिया निर्माण

■ **बनने के साथ ही उखड़ने लगी मंडी समिति की सड़क**

■ **घटिया निर्माण सामग्री प्रयोग के चलते आए दिन हो रहे हादसे**

सामग्री के खिलाफ मंडी के दुकानदारों में भीतर ही भीतर आक्रोश पनप रहा है। हालांकि व्यापारिक कारणों से दुकानदार खुलकर बोलने को तैयार नहीं हैं। कुछ दुकानदारों ने बताया कि सड़क पर बाइक खड़ी करने से उसका स्टैंड ही सड़क में धंस जाता है और बाइक गिरकर नुकसान हो जाता है। दुकानदारों ने सड़क निर्माण में धांधली करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

**क्या कहते हैं विभागीय अधिकारी**

घटिया निर्माण सामग्री प्रयोग के मामले में जेई का बयान हास्यास्पद नजर आता है जेई एनके भाटी सड़क टूटने का कारण गर्मी के मौसम में निर्माण होना बताते हैं। हालांकि विशेषज्ञों की मानें तो गर्मी के मौसम में तारकोल की सड़क बनाना सबसे अधिक मुफीद होता है। क्योंकि तारकोल और रोड़ी गर्मी के चलते पूरी तरह सेट हो जाते हैं। बशर्ते निर्माण गुणवत्तापूर्वक किया गया हो। फोन पर बातचीत में जेई ने टाइल्स के नीचे एक-दो जगह पत्थर के रोड़े नहीं बिछवाने की बात भी स्वीकार की। उन्होंने कहा कि क्षतिग्रस्त सड़कों को ठीक करने के लिए ठेकेदार को निर्देशित कर दिया गया है।

वहीं उप जिला अधिकारी अंकित कुमार का कहना है कि मामला संज्ञान में नहीं है निर्माण की वह स्वयं जांच कराएंगे और यदि गडबड़ी मिली तो कड़ी कार्रवाई की जाएगी। मंडी समिति के सचिव शुभम ढाका ने कहा कि उन्होंने प्रस्ताव तो भेजा था, लेकिन बजट पास होने और काम शुरू होने की अधिकारिक रूप से सूचना नहीं भेजी गई।

## चेकिंग अभियान के दौरान 236 प्रकरण की चोरी पकड़ी

**मेरठ,** 10 जून (देशबन्धु)। पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लि0 के अन्तर्गत विद्युत चोरी पर अपेक्षित नियंत्रण लगाने एवं विद्युत लाईन हानियों को कम करने के उद्देश्य से श्रीमती ईशा दुहन प्रबन्ध निदेशक, के निर्देशन में दिनांक 07.06.2024 से विभागीय एवं प्रवर्तन दल का संयुक्त विद्युत चोरी रोको विशेष अभियान चलाया जा रहा है अभियान में विभागीय टीमों द्वारा कुल 789 संयोजन चेक किये गये जिसमें से 236 प्रकरणों में सीधे विद्युत चोरी पकड़ी गयी जिसके विरूद्ध 236 प्रकरणों में प्राथमिकी दर्ज करायी गयी एवं 368.25 लाख की बकाया वसूली की गयी। अभियान में अवैध विद्युत उपयोग स्वीकृत विधा से भिन्न विधा में उपयोग इत्यादि करने पर नियमानुसार कार्यवाही सुनिश्चित की जा रही है। बकाएदारों से बिल जमा करने हेतु अनुरोध किया जा रहा है। प्रबन्धन द्वारा मुख्य अभियन्ता (वितरण) अधीक्षण अभियन्ता (वितरण) अधिशासी अभियन्ता (वितरण), उपखण्ड अधिकारी, अवर अभियन्ताओं को फील्ड में रहकर विद्युत चोरी एवं विद्युत संयोजनों पर बकाया धनराशि के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही के निर्देश दिए गए हैं।




■ **368.25 लाख की बकाया वसूली की गई**

देशबन्धु नई दिल्ली, मंगलवार, 11 जून, 2024, डाक पंजीयन संख्या :- DL (ND)-11/6176/2015-16-17

### रत्नाकर कुमार और अंजना सिंह की फिल्म बड़की भाभी की शूटिंग शुरू

**मुंबई।** भोजपुरी सिनेमा की लोकप्रिय अभिनेत्री अंजना सिंह और निर्माता रत्नाकर कुमार की आने वाली फिल्म बड़की भाभी की शूटिंग शुरू हो गई है। फिल्म बड़की भाभी की शूटिंग वाराणसी के खूबसूरत लोकेशन में की जा रही है। वर्ल्ड वाइड रिकॉर्ड के बैनर से बन रही फिलमची भोजपुरी से प्रस्तुत फिल्म बड़की भाभी एक पारिवारिक ड्रामा है, जिसमें अंजना सिंह अपने दमदार अभिनय से दर्शकों का दिल जीतने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। यह महिला प्रधान फिल्म है। इस फिल्म में अंजना सिंह के साथ माही श्रीवास्तव और शालिनी श्रीवास्तव भी मुख्य भूमिका में हैं। अंजना सिंह ने कहा कि, मैं इस फिल्म को लेकर बहुत उत्साहित हूं। 'बड़की भाभी' एक ऐसी कहानी है जो हर दर्शक को अपनी ओर आकर्षित करेगी।

# अनदेखा कर देने पर गंभीर हो सकता है आंख का कैंसर

## बच्चे दर्द, दृष्टि की समस्या और दैनिक गतिविधियों में कर सकते हैं महसूस

**नई दिल्ली,** 10 जून (एजेंसियां)। बच्चों में आंखों का कैंसर, खास तौर पर रेटिनोब्लास्टोमा, उनके जीवन पर गंभीर प्रभाव डाल सकता है, जिससे दर्द, दृष्टि संबंधी समस्याएं और दैनिक गतिविधियों में व्यवधान हो सकता है। डॉ. सुदीप्तो पाकरासी दीर्घकालिक स्वास्थ्य के लिए संपूर्ण बाल देखभाल के महत्व पर जोर देते हैं। बच्चों में आंख का कैंसर एक गंभीर और अक्सर अनदेखा कर देने वाली बीमारी हो सकती है। आंख का कैंसर, विशेष रूप से रेटिनोब्लास्टोमा, बच्चों और उनके परिवारों के जीवन को गहराई से प्रभावित करता है। आंख के कैंसर का पता लगाना तनाव की भावना भी दे सकता है, साथ ही शारीरिक लक्षणों और असुविधाओं के अलावा। बच्चे दर्द, दृष्टि की समस्या और उनकी दैनिक गतिविधियों में जैसे स्कूल और खेल, में बाधा महसूस कर सकते हैं।

डॉ. सुदीप्तो पक्रसी, चेयरमैन, नेत्र रोग विज्ञान, मेदांता, गुरुग्राम के अनुसार, आंख के कैंसर के दीर्घकालिक प्रभाव में संभावित दृष्टि हानि या विकृति शामिल होती है, जो बच्चे के विकास और जीवन की गुणवत्ता को प्रभावित कर सकती है। इसलिए, बच्चों की पूर्ण देखभाल, जिसमें मानसिक समर्थन और पुनर्वास सेवाएं शामिल हों, बहुत महत्वपूर्ण है।



इससे बच्चे के जीवन को बेहतर बनाने और उनकी भलाई को प्रोत्साहित किया जा सकता है।

### बच्चों में आंख के कैंसर की प्रचलता

जबकि बच्चों में आंख का कैंसर वयस्कों की तुलना में अपेक्षाकृत दुर्लभ है, यह फिर भी हो सकता है। भारत में, आंकड़े बताते हैं कि आंख का कैंसर, विशेष रूप से रेटिनोब्लास्टोमा, बच्चों के सबसे आम कैंसरों में से एक है। रेटिनोब्लास्टोमा दुनिया भर के सभी बाल कैंसरों का लगभग 2-3 प्रतिशत है, जिसमें भारत में हर साल लगभग 1,500 नए मामले सामने आते हैं।

### रेटिनोब्लास्टोमा को समझना

रेटिनोब्लास्टोमा बच्चों में आंख के कैंसर का सबसे आम प्रकार है, जो आमतौर पर रेटिना में होता है - यह आंख के पीछे की प्रकाश-संवेदनशील ऊतक होती है। यह अक्सर एक सफेद पुतली प्रतिबिंब के रूप में प्रकट होता है, जिसे आमतौर पर 'केट की आई रिफ्लेक्स' या 'व्हाइट आई' कहा जाता है, जो फ्लैश फोटोग्राफ में दिखाई देता है। अन्य लक्षणों में आंख में दर्द, लालिमा, सूजन, या दृष्टि समस्याएं शामिल हो सकती हैं।

### बच्चों में आंख के कैंसर के जोखिम कारक

हालांकि बच्चों में आंख के कैंसर का सटीक कारण पूरी तरह से समझा नहीं गया है, कुछ जोखिम कारक इसके विकास की संभावना को बढ़ा सकते हैं। इन जोखिम कारकों में आनुवंशिक प्रवृत्ति, जैसे रेटिनोब्लास्टोमा का पारिवारिक इतिहास, और कुछ आनुवंशिक उत्परिवर्तन शामिल हैं। इसके अलावा, समय से पहले जन्मे या कम जन्म वजन वाले बच्चों में रेटिनोब्लास्टोमा विकसित होने का अधिक जोखिम हो सकता है।

### रोकथाम के उपाय

बच्चों में आंख के कैंसर का प्रबंधन करने के लिए जल्दी पहचान और तत्काल इलाज बहुत महत्वपूर्ण है। माता-पिता और देखभाल करने वालों को किसी भी आंख की असामान्यता के संकेतों या लक्षणों पर ध्यान देना चाहिए, जैसे कि पुतली की उपस्थिति में परिवर्तन या आंख में सफेद प्रतिबिंब। एक बाल रोग विशेषज्ञ या नेत्र रोग विशेषज्ञ के नियमित नेत्र परीक्षण से रेटिनोब्लास्टोमा और अन्य आंख समस्याओं की पहचान में मदद मिल सकती है।


### इलाज के विकल्प

बच्चों में आंख के कैंसर का प्रबंधन अक्सर मल्टी डिसिप्लिनरी दृष्टिकोण शामिल करता है, जिसमें बाल रोग विशेषज्ञ, नेत्र रोग विशेषज्ञ और अन्य स्वास्थ्य पेशेवर शामिल होते हैं। उपचार विकल्प कैंसर की सीमा और गंभीरता के आधार पर भिन्न हो सकते हैं, लेकिन इनमें कीमोथेरेपी, विकिरण चिकित्सा, लेजर चिकित्सा, क्रायोथेरेपी, या प्रभावित आंख को हटाने (एन्यूक्लिएशन) शामिल हो सकते हैं। उपचार का चयन प्रत्येक व्यक्तिगत मामले के अनुसार किया जाता है, जिसमें बच्चे की उम्र, समग्र स्वास्थ्य, और कैंसर के चरण जैसे कारकों को ध्यान में रखा जाता है।

# भूमि पेडनेकर जल्द ही दलदल में आएंगी नजर

**मुंबई,** 10 जून (एजेंसियां)। बॉलीवुड एक्ट्रेस भूमि पेडनेकर जल्द ही वेब सीरीज 'दलदल' में नजर आएंगी। एक्ट्रेस ने इस सीरीज में अपने किरदार के बारे में बात की। वेब सीरीज 'दलदल' में भूमि पेडनेकर एक पुलिस अधिकारी की चुनौतीपूर्ण भूमिका निभाएंगी। भूमि पेडनेकर ने अपने किरदार को एक सुपर अचीवर और ग्लास-सीलिंग ब्रेकर के रूप में बताया है, जो पुरुष-प्रधान दुनिया में अपने नियम खुद लिखती है।

भूमि पेडनेकर ने कहा कि दलदल एक ऐसा प्रोजेक्ट है जो एक महिला होने के सभी गुणों को समेटे हुए है। रीता एक सुपर अचीवर, एक ग्लास-सीलिंग ब्रेकर और पुरुषों की दुनिया में नियमों को फिर स लिखने वाली महिला है। मैं इस तरह की महिलाओं को अपना आदर्श मानती हूं। मैं प्राइम वीडियो जैसे ग्लोबल स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म पर इस तरह की सीरीज के लिए रोमांचित हूं, जो मुझे दुनिया को भारतीय महिलाओं की ताकत और मजबूती दिखाने में मदद करेगा। भूमि पेडनेकर ने कई कारणों से दलदल को अपने सबसे खास प्रोजेक्ट में से एक बताया है। एक्ट्रेस ने इस प्रोजेक्ट की शूटिंग शुरू कर दी है। उन्होंने कहा कि इसमें बिना किसी संदेह के उनकी अब तक की सबसे चुनौतीपूर्ण भूमिकाओं में से एक है। भूमि पेडनेकर ने बताया कि बतौर एक्ट्रेस उनके लिए यह साल बेहद रोमांचक रहा है। इससे पहले उनकी स्ट्रीमिंग फिल्म भक्षक को न केवल भारत में बल्कि विश्व में शानदार प्रतिक्रिया मिली थी।



# मजबूत नहीं, हड्डियों का बेजान ढांचा बना देगा ज्यादा विटामिन डी



**न्यूयार्क,** 10 जून (एजेंसियां)। विटामिन डी शरीर के लिए बहुत जरूरी पोषक तत्व है, लेकिन इसकी बहुत ज्यादा मात्रा लेना सेहत के लिए नुकसानदायक भी हो सकता है। अमेरिका की एंडोक्राइन सोसायटी ने विटामिन डी के सेवन को लेकर नई गाइडलाइन जारी की है। इस गाइडलाइन के अनुसार, स्वस्थ लोगों के लिए नियमित रूप से विटामिन डी की जांच कराने और रोजाना जरूरत से ज्यादा विटामिन डी के सेवन की सलाह नहीं दी जाती है।

यह रिपोर्ट 3 जून 2024 को एंडोक्राइन सोसायटी की सालाना बैठक में पेश की गई है और इसे जर्नल ऑफ क्लिनिकल एंडोक्रिनोलॉजी एंड मेटाबोलिज्म पत्रिका में भी प्रकाशित किया गया है। इस गाइडलाइन में बताया गया है कि किन लोगों को विटामिन डी की गोलियां खाने से फायदा हो सकता है और रोजाना कितने विटामिन डी की जरूरत होती है।

### किन लोगों को होती है विटामिन डी की जरूरत

1 से 18 साल के बच्चे रिकेट्स जैसी बीमारी से बचाने के लिए और सांस नली में होने वाले संक्रमण के खतरे को कम करने के लिए। गर्भवती महिलाएं गर्भस्थ महिला और शिशु को होने वाली जटिलताओं के खतरे को कम करने के लिए। 75 साल से अधिक उम्र के वयस्क मृत्यु के जोखिम को कम करने के लिए। प्रीडायबिटीज से ग्रस्त वयस्क टाइप 2 डायबिटीज के खतरे को कम करने के लिए।

### चिकित्सक की सलाह के बिना न लें विटामिन डी

रिपोर्ट में बताया गया है कि अगर आप स्वस्थ हैं और आपकी उम्र 75 साल से कम है, तो आपको डॉक्टर की सलाह के बिना विटामिन डी की गोलियां नहीं खानी चाहिए। हर रोज डॉक्टर द्वारा बताई गई मात्रा ही लें।

### स्वस्थ लोग न लें विटामिन डी की गोलियां

रिपोर्ट में 75 साल से कम उम्र के स्वस्थ लोगों के लिए रोजाना जरूरत से ज्यादा विटामिन डी की गोलियां खाने की सलाह नहीं दी गई है। साथ ही, आम लोगों के लिए खून में विटामिन डी के लेवल की जांच कराने की भी जरूरत नहीं बताई गई है, भले ही उनका वजन ज्यादा हो या उनकी त्वचा का रंग सांवला हो।

### ज्यादा विटामिन डी का सेवन करने के नुकसान

विटामिन डी हमारे शरीर के लिए बहुत जरूरी पोषक तत्व है, लेकिन इसक ज्यादा सेवन से कई नुकसान भी हो सकते हैं। विटामिन डी की गोलियों का सेवन ज्यादा करने से मिचली आना, उल्टी होना, दस्त लगना या कब्ज जैसी दिक्कतें हो सकती हैं। विटामिन डी कैल्शियम को शरीर में सोखने में मदद करता है। लेकिन जरूरत से ज्यादा विटामिन डी खाने से खून में कैल्शियम का स्तर बहुत ज्यादा बढ़ सकता है। इससे हड्डियों को नुकसान पहुंच सकता है, किडनी की समस्या हो सकती है और पेशानी, गालों या सीने पर दर्द हो सकता है।

# अभिनेता अबरार काजी व राची शर्मा हैं स्ट्रीट डॉग्स प्रेमी





**सुनाया बचपन का किस्सा**

**मुंबई,** 10 जून (एजेंसियां)। टेलीविजन शो 'कुमकुम भाग्य' में राजवंश की भूमिका निभा रहे एक्टर अबरार काजी और उनकी को-स्टार राची शर्मा ने बताया कि उन्हें स्ट्रीट डॉग्स के साथ समय बिताना अच्छा लगता है। घर में बहुत कम समय बिताने के कारण वे कोई पालतू जानवर नहीं रख सकते। इसलिए उन्होंने अपने सेट पर रहने वाले प्यारे दोस्तों की देखभाल करना शुरू कर दिया है। अबरार और राची ने आवारा कुत्तों (स्ट्रीट डॉग्स) को खास तौर पर सेट पर मौजूद कुत्तों की तरह रखना शुरू कर दिया है। अबरार के लिए आवारा कुत्तों के साथ समय बिताना 'शांतिदायक' है।

एक्टर अबरार काजी ने कहा कि मैं हमेशा से ही पालतू जानवरों का बहुत बड़ा प्रेमी रहा हूं। राची से मिलने और इन प्यारे दोस्तों के लिए हमारे आपसी प्यार को जानने के बाद, हम शूटिंग के अलावा अपना ज्यादातर समय उनके साथ बिताते हैं। उनके साथ खेलना और उनकी देखभाल करना बहुत अच्छा लगता है। इससे हमें सीन्स के बीच में आराम करने में मदद मिलती है। हमने उन्हें बहुत प्यारे नाम दिए हैं। जब भी हम उन्हें बुलाते हैं तो वे वास्तव में हमारे पास दौड़कर आते हैं। उनके आस-पास रहना हमेशा एक शानदार एहसास होता है। एक्ट्रेस राची शर्मा ने बताया कि वह बचपन से ही एक कुत्ता या बिल्ली को पालना चाहती थी, लेकिन उन्हें कभी ऐसा मौका नहीं मिला। उन्होंने आगे कहा कि मेरी मां मुझसे कहती थी कि जब मैं बड़ी हो जाऊंगी तो मैं एक कुत्ता पाल सकती हूं, बशर्ते मैं उसकी देखभाल करने में सक्षम हो जाऊं। हालांकि, मैं इंदौर में अपने घर पर एक कुत्ते को पालने में कामयाब रही। यहां उसकी देखभाल करने वाले लोग हैं। लेकिन मैं मुंबई में अकेली रहती हूं, इसलिए मैं यहां कुत्ता नहीं पाल सकती। एक्ट्रेस ने आगे कहा कि मेरे काम के घंटे तय नहीं हैं। व्यस्त शूटिंग शेड्यूल के कारण मैं जिम्मेदारी नहीं ले पाती और न ही उसे पूरा कर पाती हूं। इसलिए, हमारे सेट पर मौजूद सभी आवारा कुत्ते और बिल्लियां मेरे पालतू जानवरों की तरह हैं। मुझे उनके साथ समय बिताना बहुत पसंद है। जब भी अबरार और मुझे शॉट्स के बीच समय मिलता है।

# डेमोनोलॉजी, ड्रग्स और डिप्रेशन की आंतरिक लड़ाई पर बनाई फिल्म

उदयपुर, 10 जून (एजेंसियां)। राजस्थान में उदयपुर के नौजवानों ने डेमोनोलॉजी, ड्रग्स एवं डिप्रेशन की आंतरिक लड़ाई को लेकर एक लघु फिल्म रिलीज की है।

फिल्म के निर्माता मुकुल खंडिया ने बताया कि यह कहानी एक लड़की आकांक्षा के बारे में है जो आंतरिक संघर्षों से जूझ रही है। वह खुद से लड़ रही है, जद्दोजहद का सामना करती है। ड्रग्स का इस्तेमाल करती है और उसमें एक ऐसा डर है कि दुनिया उसके खिलाफ है। उसका रवैया और जलन उसे निगल लेता है। उसे पहले ही नतीजे पूर्वानुमानित करने और निर्णय लेने की अनुमति देते है।

वह दूसरों की सुंदरता और खुशी में ईर्ष्या करने लगती है, जिससे वह खुद को चोट पहुंचाती है। उसने विचार किया और एक अनुमानित प्रतिद्वंद्वी (रेंडम गर्ल जो की काल्पनिक है) को नुकसान पहुंचाने के लिए वास्तविकता और कल्पना की रेखा का मिलान कर दिया। अंत में पता चलता है की वो किसी बाहर की शक्ति से जो डेमोनोलॉजी से जुड़ी है उसमें समा गई और खो गई।

इस फिल्म के निर्माता एवं लेखक मुकुल खांडिया, स्कीनप्ले राइटर्स अरशद कुरैशी एवं मुकुल खांडिया, फिल्म की मुख्य भूमिका में कृष्णा शर्मा, करन सिंह राजपुरोहित, रिया नागदेव, उमंग सोनी, दिव्यांश डाबी, हर्ष दुबे, प्रणय पंड्या, सतीश खोखर, प्रमोद रैगर एवं कैलाश जांगिड़ है।

# अपने प्रेमी जहीर इकबाल से 23 को मुंबई में शादी करेंगी सोनाक्षी

**मुंबई,** 10 जून (एजेंसियां)। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक बॉलीवुड अभिनेत्री सोनाक्षी सिन्हा अपने बॉयफ्रेंड जहीर इकबाल से 23 जून को मुंबई में शादी करने वाली हैं। दोनों काफी समय से साथ में रह रहे हैं, लेकिन अपने रिश्ते को निजी रखा है। रिपोर्ट्स बताती हैं कि सोनाक्षी और जहीर साउथ मुंबई में शादी के बंधन में बंधेंगे। हालांकि, इस जोड़े ने अभी तक अपनी शादी से जुड़ी किसी भी रिपोर्ट की पुष्टि नहीं की है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, शादी के निमंत्रण को एक मैगजीन कवर की तरह डिजाइन किया गया है, जिस पर लिखा है 'अफवाह सच है।' रिपोर्ट्स में यह भी दावा किया गया है कि 'हीरामंडी' की स्टार कास्ट समेत परिवार और करीबी दोस्तों को ही समारोह में आमंत्रित किया गया है। सोनाक्षी और जहीर दोनों ने सलमान खान की फिल्मों से बॉलीवुड में डेब्यू किया था। सोनाक्षी ने 2010 में 'दबंग' से डेब्यू किया था, जबकि जहीर की पहली फ़िल्म 2019 में 'नोटबुक' थी।

सोनाक्षी और जहीर दोनों ने 2022 में कॉमेडी-ड्रामा फिल्म 'डबल एक्सएल' में भी साथ काम किया। पिछले हफ्ते जहीर ने सोनाक्षी को जन्मदिन की बधाई देते हुए कुछ अनदेखी तस्वीरें शेयर की थी। तस्वीरों में वे दोनों एक दूसरे के साथ काफी खुश नजर आ रहे हैं। तस्वीर किस जगह की थी, ये पता नहीं चल पाया है, लेकिन माना जा रहा है कि दोनों छुट्टियां बिता रहे थे।

# नवीनतम एस-आईवीएल तकनीक से हृदय किडनी रोगी को मिला नया जीवन

**उदयपुर,** 10 जून (एजेंसियां)। राजस्थान के उदयपुर में पारस हेल्थ अस्पताल के चिकित्सकों ने 65 वर्षीय हृदय और किडनी रोगी महिला का नवीनतम एस-आईवीएल तकनीक से बिना सर्जरी सफल उपचार करने से नया जीवन मिला है।

**20 साल से मधुमेह, थायरॉयड और हाई ब्लड प्रेशर जैसी समस्याओं से जूझ रही थी मरीज**




पारस हेल्थ के कार्डियोलॉजी विभाग के प्रमुख डॉ. अमित खंडेलवाल ने सोमवार को यहां पत्रकारों को बताया कि मरीज 20 साल से मधुमेह, थायरॉयड और हाई ब्लड प्रेशर जैसी समस्याओं से जूझ रही थी। इस कारण उसकी किडनी कमजोर हो गयी थी और छह साल से एमएच डायलिसिस करवाना पड़ रहा था। दो बार ब्रेन का ऑपरेशन हो चुका था और घुटने का भी रिप्लेसमेंट हुआ था। इस साल मई में उन्हें दिल का दौरा पड़ा, जिससे स्थिति और गंभीर हो गयी। उन्हें तुरंत पारस हेल्थ में भर्ती करवाया गया, जहां जांच में सामने आया कि उनकी तीनों मुख्य हृदय धमनियां ब्लॉक हैं।

डॉ. खंडेलवाल ने कहा कि मधुमेह और अन्य बीमारियों ने उनके दिल को कमजोर कर दिया था। उनकी तीनों कोरोनरी धमनियां में ब्लॉकेज थे, लेफ्ट मेन में भी ब्लॉकेज था, जिससे उन्हें बहुत थकावट, सांस में तकलीफ और चक्कर आ रहे थे।

# गर्मी में बम की तरह फट सकती है वॉशिंग मशीन

**मुंबई,** 10 जून (एजेंसियां)। जून के महीने में भी गर्मी रिकॉर्ड तोड़ते हुए कहर ढा रही है। इलेक्ट्रॉनिक सामान भी गर्मी की मार नहीं झेल पा रहे, तभी तो एसी के बाद अब वॉशिंग मशीन में ब्लास्ट की खबर सामने आ रही हैं। ऐसे में हम आपको वॉशिंग मशीन को इस्तेमाल करने को लेकर जरूरी जानकारी दे रहे हैं ताकी हादसे से बचा जा सके। इस वक्त गर्मी अपने चरम पर है, चिलचिलाती धूप ने हर किसी की हालत खराब कर दी है। दिन चढ़ने के साथ लगातार तापमान भी बढ़ता जाता है यहां तक कि शाम को भी गर्म हवा परेशान करती है।

अब इंसान तो इंसान बल्कि इलेक्ट्रॉनिक आइटम्स भी गर्मी बर्दाश्त नहीं कर पा रहे हैं। इन दिनों देश के अलग-अलग जगह एसी के साथ वॉशिंग मशीन फटने की खबर भी सामने आ चुकी हैं। अब तक सामने वॉशिंग मशीन में ब्लास्ट की खबर कम ही सुनी होगी, लेन तापमान में बढ़ोतरी के साथ मामले भी बढ़ते जा रहे हैं। ऐसे में छोटी सी लापरवाही बड़े हादसे को न्योता दे सकती है। वॉशिंग मशीन के



रखरखाव के साथ इस्तेमाल को लेकर भी सतर्कता बरतनी चाहिए। इसलिए हम आपको बचाव के तरीके बता रहे हैं। ताकी मशीन में आग लगने जैसी नौबत नहीं आए।

### धूप में बिल्कुल न रखें

गर्मियों में वॉशिंग मशीन को ऐसी जगह बिल्कुल नहीं रखना चाहिए जहां सीधी और तेज धूप पड़ती हो। क्योंकि इसकी मशीन की मोटर में लिक्विड ऑयल होता है। ऐसे में हाई टेंपचेपर के संपर्क में आने से आग लग सकती है। इसके अलावा प्लास्टिक और दूसरा मटेरियल जिनसे वाशिंग मशीन बनी होती है, वो सूरज की सीधी रोशनी से जल्दी खराब हो सकते हैं जिससे मशीन की लाइफ कम हो जाती है।

### बालकनी में हो वेंटिलेशन

अक्सर लोग वॉशिंग मशीन को बालकनी में रखते हैं जहां पर्याप्त वेंटिलेशन नहीं होता है। जिससे मशीन के अंदर की गर्मी बाहर नहीं निकल पाती और अंदर के पार्ट्स ओवरहीट हो जाते हैं। इसलिए वॉशिंग मशीन को हवादार जगह और छाया में रखें। साथ ही मोटे कपड़े से ढाकें भी। नहीं तो मशीन के वायर जल्दी खराब होने से भी आग लग जाएगी।

### स्विच ऑफ रखें

इलेक्ट्रॉनिक सामान के इस्तेमाल को लेकर एक कॉमन गलती कई लोग करते हैं कि यूज करने के बाद भी स्विच ऑन की छोड़ देते हैं। इसलिए अगर आप वॉशिंग मशीन का इस्तेमाल नहीं कर रहे हैं, तो बिजली का स्विच बंद करने के साथ ही प्लग भी निकल दें। ताकी छोटी सी सावधानी से बड़ा हादसा होने से बच सकें।

### ओवरलोडिंग से बचें

अगर एक ही सर्किट पर बहुत सारी मशीनें चल रही हैं तो सर्किट ओवरलोड हो सकता है। जिसकी वजह से लगने का खतरा बढ़ जाता है। इसके अलावा एक ही आउटलेट पर कई मशीने जोड़ने से भी ओवरलोडिंग हो सकती है। इसके अलावा शॉर्ट सर्किट से बचने के लिए समय-समय पर वायर चेक करें क्योंकि पुराने वायर टूट जाते हैं।

# ग्रीनपीस इंडिया ने बनाया गर्म लहरों के अनुभवों का संग्रहालय

**नई दिल्ली,** 10 जून (एजेंसियां)। ग्रीनपीस इंडिया के स्मृति संग्रहालय में भारत में भीषण गर्मी का सामना करने वाले लोगों की वास्तविक कहानियों दिखाई गई हैं। त्रिवेणी कला संगम में प्रदर्शित प्रदर्शनी में 50 से अधिक वस्तुएं हैं जो गर्मी की लहरों के दौरान संघर्ष और उम्मीद की कहानियां साझा करती हैं। दिल्ली में त्रिवेणी कला संगम में 9 से 22 जून तक एक विशेष शो होगा। ग्रीनपीस इंडिया 14 जून को एक रिपोर्ट साझा करेगा कि दिल्ली में स्ट्रीट वेंडर्स किस तरह से गर्मी की लहरों से प्रभावित होते हैं। इस बाबत प्रोजेक्ट लीडर निश्चिता वीरेंद्रा ने बताया कि ये वस्तुएं उन परिवारों द्वारा दी गई हैं जो अत्यधिक मौसम से पीडित हैं। ग्रीनपीस इंडिया चाहता है कि सरकार गर्मी की लहरों को एक गंभीर समस्या के रूप में पहचाने और प्रभावित लोगों की मदद के लिए कदम उठाए।

'जलवायु परिवर्तन से जुड़ी चर्चा अक्सर ठंडे, ठोस आंकड़ों और सांख्यिकी पर केंद्रित होती है। जबकि ये मुद्दे की गंभीरता को समझने में महत्वपूर्ण हैं, यह याद रखना ज़रूरी है कि प्रत्येक संख्या के पीछे एक इंसान है जिसके सपने, रिश्ते और बताने के लिए एक कहानी है। स्मृति संग्रहालय एक मार्मिक अनुस्मारक के रूप में कार्य करता है कि गर्मी की लहर का संकट केवल एक पर्यावरणीय



मद्दा नहीं है, बल्कि एक गहरा मानवीय मुद्दा है। हाल ही में मीडिया कवरेज ने अत्यधिक गर्मी के विनाशकारी प्रभाव पर प्रकाश डाला है, जिससे इस संकट के मानवीय नुकसान का पता चलता है। इन घटनाओं को अलग-थलग घटनाओं के रूप में नहीं बल्कि एक बड़े जलवायु आपातकाल के खतरनाक संकेतक के रूप में खारिज किया जाना चाहिए।

इस बारे में नितिन सेठी कहते हैं प्रदर्शनी में शामिल खिलौनों में से एक पीले और नीले रंग का ट्रक है जो मंझवे नामक स्थान से बिट्टू नाम के एक छोटे लड़के का था। दुख की बात है कि बिट्टू की मृत्यु इसलिए हो गई क्योंकि अप्रैल 2023 में जब वह एक पारिवारिक कार्यक्रम में जा रहा था तो बाहर बहुत गर्मी थी। पिछले साल, भारत में बहुत गर्मी थी और देश के आधे से ज़्यादा हिस्से में तापमान सामान्य से ज्यादा था।

# [अर्थ जगत]

**पेट्रोल और डीजल की कीमतें अपरिवर्तित**

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में तेजी जारी रहने के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम अपरिवर्तित रहे, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपए प्रति लीटर तथा डीजल 87.62 रुपए प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपए प्रति लीटर पर और डीजल 92.15 रुपए प्रति लीटर पर रहा।



### सर्वाधिक बढ़ने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| अल्ट्रासिमको | 3.19 प्रतिशत |
| पावरग्रिड | 2.07 प्रतिशत |
| नेस्ले इंडिया | 1.74 प्रतिशत |
| एक्सिस बैंक | 1.16 प्रतिशत |
| एनटीपीसी | 1.07 प्रतिशत |

### सर्वाधिक घटने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| टेक महिंद्रा | 2.72 प्रतिशत |
| इंफ़ोसिस | 2.20 प्रतिशत |
| विप्रो | 1.95 प्रतिशत |
| महिंद्रा एंड महिंद्रा | 1.73 प्रतिशत |
| बजाज फाइनेंस | 1.42 प्रतिशत |

### सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 74,220 |
| बिटुर | 47,320 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 39,795 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 74400 |
| वायदा | 70,857 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 900 |
| बिकवाली | 880 |

### मुद्रा विनिमय

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 67.77 | 78.57 |
| पौंड स्टर्लिंग | 90.94 | 105.45 |
| यूरो | 76.54 | 88.78 |
| चीन युआन | 08.24 | 13.38 |

### अनाज

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2400-3000 |
| गेहूं दड़ा | 2600-2700 |
| आटा | 2800-2900 |
| मैदा | 2900-2950 |
| चोकर | 2000-2100 |

### मोटा आनाज

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

### शुगर

| | |
|---|---|
| चीनी एस | 3740-3840 |
| चीनी एम | 4000-4100 |
| मिल डिलीवरी | 3620-3720 |
| गुड़ | 4400-4500 |

### दाल-दलहन

| | |
|---|---|
| चना | 6100-6200 |
| दाल चना | 7100-7200 |
| मसूर काली | 7550-7650 |
| उड़द दाल | 10600-10700 |
| मूंग दाल | 9850-9950 |
| अरहर दाल | 11700-11800 |

# इंजीनियरिंग व बुनियादी ढांचा कंपनियों में पूंजीगत खर्च बढ़ने की उम्मीद

■ **एलऐंडटी ने पिछले वित्त वर्ष में 4.75 लाख करोड़ के ऑर्डर हासिल किए**

**नई दिल्ली,** 10 जून (एजेंसियां)। देश के इंजीनियरिंग और पूंजीगत वस्तु क्षेत्र को केंद्र सरकार के लगातार दो बजटों में 10 लाख करोड़ रुपए और 11 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा के पूंजीगत व्यय पर जोर दिए जाने से काफी मदद मिली है। इस कारण इस क्षेत्र के पास पिछले वित्त वर्ष के अंत तक 8.9 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा के ऑर्डर थे। ऑर्डर पाने वाली कंपनियों में एलऐंडटी और इसी श्रेणी की 12 अन्य फर्म शामिल हैं।

मार्च 2023 में दर्ज 7.67 लाख करोड़ रुपए के ऑर्डर की तुलना में इनमें 17 प्रतिशत तक का इजाफा हुआ है। एलऐंडटी ने पिछले वित्त वर्ष में 4.75 लाख करोड़ रुपए के ऑर्डर हासिल किए। उद्योग के अधिकारियों और विश्लेषकों को उम्मीद है कि यह रुझान जारी रहेगा, लेकिन इसकी रफ्तार अलग होगी।

लार्सन ऐंड टुब्रो (एलऐंडटी) के पूर्णकालिक निदेशक (भारी इंजीनियरिंग और एलऐंडटी वाल्व) अनिल परब ने कहा 'फैसलों में अलग-अलग सोच और विविध हितों का असर दिख सकता है। यह रफ्तार पिछले दो कार्यकाल से अलग हो सकती है क्योंकि आपको सभी हितधारकों का ध्यान रखना होगा लेकिन इसका दिशा जारी रहेगी।

एक अन्य पूंजीगत वस्तु और इंजीनियरिंग फर्म के शीर्ष कार्यकारी ने कहा, 'कोई भी संकेतक चुन लीजिए अगले दो साल आशाजनक दिख रहे हैं। इसके अलावा रोजगार महत्वपूर्ण केंद्र के रूप में उभरा है और बुनियादी ढांचे पर ध्यान केंद्रित किया जाना जारी रहेगा। दिशा के हिसाब से चीजें जारी रहनी चाहिए। हमें इस क्षेत्र पर ध्यान को समझने के लिए बजट का इंतजार करना होगा।'



**चुनाव का एक एजेंडा बेरोजगारी था। आप रोजगार पैदा किए बिना पूंजीगत व्यय नहीं कर सकते, वे आपस में जुड़े हुए हैं : अनिल परब**

## मई में इक्विटी म्यूचुअल फंड्स में आया 34,697 करोड़ का निवेश

**मुंबई।** इक्विटी म्यूचुअल फंड में मई में रिकॉर्ड 34,697 करोड़ रुपए का निवेश आया है, जो कि पिछले महीने के मुकाबले 83.42 प्रतिशत अधिक है। ये लगातार 39 वां महीना है, जब म्यूचुअल फंड में निवेश में बढ़ोतरी हुई है। एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड ऑफ इंडिया (एम्फी) की ओर से सोमवार को ये जानकारी दी गई।




बता दें, यह पहला मौका है कि जब म्यूचुअल फंड्स में 30,000 करोड़ रुपए से ज्यादा का निवेश आया है।

मई में ओपन एंडेड सेक्टोरल और थीमेटिक इक्विटी फंड्स में सबसे ज्यादा 19,213 करोड़ रुपए का निवेश आया है। म्यूचुअल फंड इंडस्ट्री की कुल एसेट्स अंडर मैनेजमेंट (एयूएम) बढ़कर 58.91 लाख करोड़ रुपए हो गई है। प्रभुदास लीलाधर ग्रुप की इन्वेस्टमेंट सर्विसेज के प्रमुख, पंकज श्रेष्ठ का कहना है कि ज्यादा निवेश सेक्टोरल और थीमेटिक कैटेगरी में आया है। हाल ही में आए एचडीएफसी मैन्युफैक्चरिंग फंड के एनएफओ (न्यू फंड ऑफर) को 9,500 करोड़ रुपए का निवेश मिला था। उन्होंने आगे कहा कि एसआईपी में रिकॉर्ड 20,904 करोड़ रुपए का निवेश हुआ है जो दिखाता है कि निवेशक अनुशासन के साथ लंबी अवधि के नजरिए के साथ निवेश कर रहे हैं।

## रिलायंस पावर ने चुकता किया 800 करोड़ का कर्ज

**नई दिल्ली,** 10 जून (एजेंसियां)। रिलायंस पावर ने ऋणदाताओं का सारा बकाया कर्ज चुका दिया है और अब वह एकल आधार पर कर्ज-मुक्त कंपनी बन गई है। सूत्रों ने यह जानकारी दी। सूत्रों के मुताबिक, कंपनी पर करीब 800 करोड़ रुपए का बकाया कर्ज था जिसे बैंकों को चुका दिया गया है।




रिलायंस पावर ने दिसंबर 2023 से मार्च 2024 के बीच आईडीबीआई बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, एक्सिस बैंक और डीबीएस सहित विभिन्न बैंकों के साथ कई ऋण निपटान समझौतों पर हस्ताक्षर किए। सूत्रों ने बताया कि कंपनी ने अब इन बैंकों का पूरा कर्ज चुका दिया है। दिसंबर 2023 में रिलायंस पावर ने अरुणाचल प्रदेश में प्रस्तावित 1,200 मेगावाट की जलविद्युत परियोजना के विकास अधिकार टीएचडीसी को 128 करोड़ रुपए में बेचे। मार्च 2024 में कंपनी ने महाराष्ट्र के वाशपेट में अपनी 45 मेगावाट की पवन ऊर्जा परियोजना को 132 करोड़ रुपए में जेएसडब्ल्यू रिन्यूएबल एनर्जी को बेच दिया। इन परियोजनाओं की बिक्री से मिली राशि का उपयोग कंपनी ने अपना कर्ज चुकाने में किया है।

रिलायंस पावर के पास 38 लाख से अधिक खुदरा निवेशकों की भागीदारी के साथ 4,016 करोड़ रुपए का शेयर आधार है। रिलायंस पावर की परिचालन क्षमता 5900 मेगावाट है, जिसमें 3960 मेगावाट का सासन अल्ट्रा मेगा पावर प्रोजेक्ट (यूएमपीपी) और उत्तर प्रदेश में 1200 मेगावाट का रोजा ताप-विद्युत संयंत्र शामिल है।

## यात्री वाहन की रिटेल बिक्री मई में एक प्रतिशत घटी

**नई दिल्ली,** 10 जून (एजेंसियां)। भीषण गर्मी और चुनाव के कारण मांग प्रभावित होने से मई में घरेलू यात्री वाहन खुदरा बिक्री में सालाना आधार पर एक प्रतिशत की गिरावट आई। उद्योग निकाय फाडा ने सोमवार को यह जानकारी दी। यात्री वाहनों का पंजीकरण मई में घटकर 3,03,358 इकाई रह गया, जबकि मई 2023 में यह 3,35,123 इकाई था।



फेडरेशन ऑफ ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशन (फाडा) के अध्यक्ष मनीष राज सिंघानिया ने कहा कि डीलरों ने पिछले महीने बिक्री में गिरावट के लिए चुनाव, भीषण गर्मी और बाजार में नकदी की समस्या को प्रमुख कारण बताया है। उन्होंने कहा कि बेहतर आपूर्ति, कुछ लंबित बुकिंग और छूट योजनाओं के बावजूद नए मॉडल की कमी, तीव्र प्रतिस्पर्धा और मूल उपकरण निर्माताओं (ओईएम) द्वारा खराब विपणन प्रयासों ने भी बिक्री को प्रभावित किया। सिंघानिया ने कहा कि अत्यधिक गर्मी के कारण शोरूम में आने वाले ग्राहकों की संख्या में करीब 18 प्रतिशत की गिरावट आई है। मई में दोपहिया वाहनों की बिक्री दो प्रतिशत बढ़कर 15,34,856 इकाई हो गई, जबकि पिछले साल इसी महीने में यह 14,97,778 इकाई थी।

## 12 महीने बाद ग्लोबल लेवल पर गोल्ड ईटीएफ में बढ़ा निवेश

**नई दिल्ली,** 10 जून (एजेंसियां)। गोल्ड के लिए पिछला महीना जबरदस्त उतार-चढ़ाव भरा रहा रहा। घरेलू और अंतरराष्ट्रीय बाजार दोनों में कीमतें ऑल टाइम हाई पर पहुंच गई। हालांकि उसके बाद कीमतों में नरमी आई। सेंट्रल बैंकों की तरफ से सोने की हो रही जबरदस्त खरीदारी और जियो-पॉलिटिकल टेंशन इस धातु की कीमतों के लिए सबसे ज्यादा मददगार रहे। कीमतों को सपोर्ट मई में गोल्ड ईटीएफ से भी मिला। ग्लोबल लेवल पर लगातार 12 महीने की गिरावट के बाद गोल्ड ईटीएफ में मई के दौरान निवेश में इजाफा दर्ज किया गया।




■ **भारत में 4 महीने के उच्चतम स्तर पर**
■ **कीमतों में तेजी के बावजूद इन्वेस्टमेंट डिमांड में रही सुस्ती**

वर्ल्ड गोल्ड काउंसिल की ताजा रिपोर्ट के मुताबिक ग्लोबल लेवल पर लगातार 12 महीने की गिरावट के बाद मई में गोल्ड ईटीएफ में इनफ्लो देखा गया। मई 2024 के दौरान ग्लोबल लेवल पर गोल्ड ईटीएफ में निवेश में 0.5 बिलियन डॉलर (8.2 टन सोने की वैल्यू के बराबर) का इजाफा हुआ। इससे पहले मई 2023 में गोल्ड ईटीएफ में 1.7 बिलियन डॉलर (19.3 टन सोने) का शुद्ध निवेश हुआ था। मार्च 2023और अप्रैल 2023 में भी गोल्ड ईटीएफ में निवेश क्रमशः 1.9 बिलियन (32.1 टन) और 0.8 बिलियन डॉलर (15.4 टन) बढ़ा था। जबकि अप्रैल 2022 से लेकर फरवरी 2023 तक लगातार 11 महीने गोल्ड ईटीएफ में निवेश घटा था। अप्रैल 2024 में 2.2 बिलियन डॉलर (33.2 टन) की निकासी की गई थी। जब 2020 में सोने ने रिकॉर्ड बनाया था तो कीमतों को सबसे ज्यादा सपोर्ट इन्वेस्टमेंट डिमांड से मिला था।

### सार संक्षेप

#### बुनियादी ढांचे में व्यय जारी रखने की जरूरत पर जोर

**नई दिल्ली।** नए रेल मंत्री केंद्र सरकार द्वारा चुनाव के पहले बनाए गए 100 दिन के एजेंडे के महत्त्वपूर्ण पहल को लागू करने पर काम कर सकते हैं। इसमें क्षमता में सुधार और सुरक्षा संबंधी बुनियादी ढांचा, जापान से भारत पहली बुलेट ट्रेन लाना और सुपर ऐप के माध्यम से डिजिटल उपभोक्ताओं की सुविधा में सुधार करना शामिल है। दूरदराज के इलाकों की बड़ी आबादी रेलवे में काम करने को इच्छुक रहती है और रेलवे की नौकरियों के लिए रिक्तियां भरने में देरी के कारण चुनाव के दौरान सत्तासीन भारतीय जनता पार्टी की आलोचना हुई थी। विस्थापित श्रमिकों को लिए ट्रेन में जनरल कोच बढ़ाए जाने पर राजग के सहयोगियों का जोर हो सकता है। केंद्र सरकार नॉन-एसी कोच की क्षमता बढ़ाने पर काम कर रही है, लेकिन यात्रियों की संख्या बढ़ने के कारण सरकार आलोचनाओं के घेरे में आ गई कि वह गरीबों के प्रति अपनी जिम्मेदारियों से पीछे हट रही है।

#### लेनोवो ने डेस्कटॉप कस्टमाईजेशन किया पेश

**बेंगलुरु।** लेनोवो ने गेमिंग के ग्राहकों के लिए अपने डेस्कटॉप कंप्यूटरों में एंड-टू-एंड कस्टमाईज़ेशन विकल्प प्रदान करके नए मानक स्थापित किए हैं। यह ब्रांड गेमिंग डेस्कटॉप में बड़े स्तर पर कस्टमाईज़ेशन के विकल्प प्रदान कर रहा है, जिससे यूज़र अपने कंप्यूटिंग के अनुभव को अपनी जरूरतों और पसंद के अनुरूप कस्टमाईज़ कर सकेंगे। अब ग्राहक अपने गेमिंग डेस्कटॉप को लीजन और एलओक्यू गेमिंग डेस्कटॉप में एंड-टू-एंड अपग्रेड कर सकते हैं। ग्राहकों को विभिन्न कस्टमाईज़ेशन विकल्प मिल रहे हैं, जिनमें बेहतर परफॉर्मेंस के लिए लेटेस्ट इंटेल आई7 14 जनरेशन तक प्रोसेसर का अपग्रेड। ज्यादा मल्टीटास्किंग क्षमताओं के लिए 32 जीबी तक का मैमोरी अपग्रेड, गेमिंग और ग्राफिक डिज़ाईन के बेहतर अनुभव के लिए शक्तिशाली एनवीडिया आरटीएक्स 4060टीआई तक ग्राफिक कार्ड अपग्रेड, अन्य अपग्रेड होने वाले उपकरण जैसे स्टोरेज विकल्प , वाईफाई कनेक्टिविटी, और सिस्टम में बेहतर कूलिंग और एयरफ्लो के लिए फ्रंट एवं रियर फैन सलेक्शन।

#### सैमसंग का क्यूएलईडी प्रीमियम टीवी सीरीज लॉन्च

**नई दिल्ली।** भारत के सबसे बड़े कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांड सैमसंग ने सोमवार को भारत में 65,990 रुपए की शुरुआती कीमत पर 2024 क्यूएलईडी 4के टीवी सीरीज लॉन्च की। 2024 क्यूएलईडी 4के टीवी लाइन-अप ढेर सारे प्रीमियम फीचर्स के साथ आता है। टीवी तीन साइज -- 55 इंच, 65 इंच और 75 इंच में आएगा। यह सोमवार से सैमसंग डॉट कॉम और अमेजन डॉन इन पर उपलब्ध है। सैमसंग इंडिया के विजुअल डिस्प्ले बिजनेस के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट मोहनदीप सिंह ने कहा कि पिछले कुछ सालों में कॉन्टेंट की खपत में तेजी से बदलाव आया है। यूजर्स ज़्यादा शानदार और प्रीमियम व्यूइंग एक्सपीरियंस की मांग कर रहे हैं।

## बिकवाली से शेयर बाजार की तेजी थमी


**मुंबई,** 10 जून (एजेंसियां)। विश्व बाजार के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर आईटी और टेक समेत छह समूहों में हुई बिकवाली से आज शेयर बाजार की पिछले लगातार तीन तेजी की थम गई।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक 203.28 अंक की गिरावट के साथ 76,490.08 अंक रह गया। साथ ही नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 30.95 अंक फिसलकर 23,259.20 अंक पर बंद हुआ। हालांकि दिग्गज कंपनियों के विपरीत बीएसई की मझौली और छोटी कंपनियों में लिवाली हुई, जिसने बाजार को अधिक गिरने नहीं दिया। मिडकैप 0.56 प्रतिशत की तेजी के साथ 44,356.34 अंक और स्मॉलकैप 1.04 प्रतिशत की छलांग लगाकर 49,239.42 अंक पर पहुंच गया।

■ **सेंसेक्स 203.28 अंक की गिरावट के साथ 76,490.08 पर**
■ **निफ्टी 30.95 अंक फिसलकर 23,259.20 पर बंद**

इस दौरान बीएसई में कुल 4129 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2631 में लिवाली जबकि 1360 में बिकवाली हुई वहीं 138 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी की 27 कंपनियों में तेजी जबकि 23 में गिरावट रही।

बीएसई के छह समूहों में गिरावट का रुख रहा। इससे आईटी 1.50, टेक 1.20, ऊर्जा 0.12, ऑटो 0.04, धातु 0.34 और तेल एवं गैस समूह के शेयर 0.27 प्रतिशत गिर गए। वहीं, कमोडिटीज 1.28, हेल्थकेयर 0.77, दूरसंचार 0.58, यूटिलिटीज 1.11, रियल्टी 1.34 और सर्विसेज समूह के शेयर 1.61 प्रतिशत मजबूत रहे।




अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मिलाजुला रुख रहा। इस दौरान ब्रिटेन का एफ़टीएसई 0.50, जर्मनी का डैक्स 0.99 और हांगकांग का हैंगसेंग 0.59 प्रतिशत उतर गया जबकि जापान का निक्केई 0.92 और चीन के शंघाई कम्पोजिट में 0.08 प्रतिशत की बढ़त रही।शुरूआती कारोबार में सेंसेक्स 242 अंक की तेजी के साथ 76,935.41 अंक पर खुला और दमदार लिवाली की बदौलत थोड़ी देर बाद ही 77,079.04 अंक के सार्वकालिक उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। वहीं, बिकवाली होने से यह कारोबार के अंतिम चरण में 76,379.73 अंक के निचले स्तर तक टूट गया। अंत में पिछले दिवस के 76,693.36 अंक के मुकाबले 0.27 प्रतिशत उतरकर 76,490.08 अंक रह गया।

इसी तरह निफ्टी 29 अंक बढ़कर 23,319.15 अंक पर खुला और सत्र के दौरान 23,411.90 अंक के उच्चतम जबकि 23,227.15 अंक के निचले स्तर पर रहा। अंत में पिछले सत्र के 23,290.15 अंक की तुलना में 0.13 प्रतिशत फिसलकर 23,259.20 अंक पर बंद हुआ। इस दौरान सेंसेक्स की नुकसान उठाने वाली प्रमुख कंपनियों में टेक महिंद्रा 2.72, इंफ़ोसिस 2.20, विप्रो 1.95, महिंद्रा एंड महिंद्रा 1.73, बजाज फाइनेंस 1.42, टीसीएस 0.94, एचसीएल टेक 0.88, मारुति 0.86, एचडीएफसी बैंक 0.75, टाइटन 0.66, आईटीसी 0.54, हिंदुस्तान यूनिलीवर 0.48, कोटक बैंक 0.43, इंडसइंड बैंक 0.42 और भारती एयरटेल 0.27 प्रतिशत शामिल रही।वहीं, अल्ट्रासिमको 3.19, पावरग्रिड 2.07, नेस्ले इंडिया 1.74, एक्सिस बैंक 1.16, एनटीपीसी 1.07, टाटा स्टील 0.70, टाटा मोटर्स 0.45, जेएसडब्ल्यू स्टील 0.41, एशियन पेंट 0.28, एसबीआई 0.27, एलटी 0.26, सन फार्मा 0.20, आईसीआईसीआई बैंक 0.19, रिलायंस 0.04 और बजाज फिनसर्व के शेयर 0.02 प्रतिशत मजबूत रहे।

## पेटीएम ने की नौकरियों में कटौती

**नई दिल्ली,** 10 जून (एजेंसियां)। पेटीएम के स्वामित्व वाली कंपनी वन97 कम्युनिकेशंस लिमिटेड (ओसीएल) की ओर से पुनर्गठन के चलते कर्मचारियों को नौकरी से निकाला गया है, जो कर्मचारी इस छंटनी से प्रभावित हुए हैं, कंपनी उन्हें दूसरी जॉब खोजने में मदद कर रही है। पेटीएम की ओर से कितने कर्मचारियों को निकाला गया है। फिलहाल इसे लेकर कोई जानकारी सामने नहीं आई है। कंपनी ने अपने बयान में कहा कि कर्मचारियों के बकाया बोनस का भी भुगतान किया जा रहा है, जिससे इस प्रोसेस में पारदर्शिता बनी रहे। कंपनी ने बयान में कहा, वन97 कम्युनिकेशंस लिमिटेड (ओसीएल) उन कर्मचारियों को आउटप्लेसमेंट सपोर्ट प्रदान कर रहा है, जिन्होंने कंपनी के पुनर्गठन प्रयासों के तहत इस्तीफा दे दिया है। आउटप्लेसमेंट सपोर्ट उस स्थिति को कहा जाता है, जब कोई कंपनी छंटनी में निकाले गए कर्मचारियों की दूसरी नौकरी खोजने में मदद करती है। पेटीएम ने कहा कि हमारी एचआर टीम 30 से ज्यादा ऐसी कंपनियों के साथ बातचीत कर रही है, जो भर्तियां कर रहे हैं और कर्मचारियों के साथ इन भर्तियों की जानकारी शेयर की जा रही है, जिससे कर्मचारियों को तुरंत आउटप्लेसमेंट में मदद मिले। पेटीएम का शेयर सोमवार दोपहर 3:00 बजे 2.23 प्रतिशत की तेजी के साथ 389.50 रुपये पर कारोबार कर रहा था। वित्तीय क्षेत्र में कारोबार करने वाली कंपनी पेटीएम में पिछले कुछ दिनों से रिकवरी के संकेत मिले हैं।




■ **प्रभावित कर्मचारियों को देगी बोनस**

## खाद्य तेलों में मिलाजुला रुख, चना दाल महंगी

**नई दिल्ली,** 10 जून (एजेंसियां)। विदेशी बाजारों की गिरावट के बीच स्थानीय स्तर पर मांग नरम रहने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेलों में मिलाजुला रुख रहा जबकि चना और चना दाल महंगी हो गई वहीं अन्य जिंसों में टिकाव रहा।



**तेल-तिलहन :** वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में जून का पाम ऑयल वायदा 31 रिंगिट उतरकर 3922 रिंगिट प्रति टन रह गया। इसी तरह जून का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.10 सेंट की गिरावट के साथ 43.53 सेंट प्रति पौंड बोला गया।

इस दौरान घरेलू बाजार में सूरजमुखी तेल 110 रुपए प्रति क्विंटल चढ़ गया जबकि पाम आयल 67 रुपए प्रति क्विंटल फिसल गया। वहीं, सरसों तेल, मूंगफली तेल, सोया रिफाइंड और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।

**गुड़-चीनी :** मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पड़े रहे।

दाल-दलहन : दाल-दलहन बाजार में चना 200 रुपए और दाल चना में 200 रुपए प्रति क्विंटल की तेजी छोड़कर अन्य दालों में टिकाव रहा। इस दौरान मसूर दाल, मूंग दाल, उड़द दाल और अरहर दाल में कोई बदलाव नहीं हुआ और वे पिछले स्तर पर पड़ी रही।

## तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर बढ़ता भारत : सीआईआई

**नई दिल्ली,** 10 जून (एजेंसियां)। कॉन्फेडरेशन ऑफ इंडियन इंडस्ट्री (सीआईआई) ने सोमवार को कहा कि उन्हें विश्वास है कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत की आर्थिक गति जारी रहेगी और यह दुनिया के टॉप तीन देशों में जल्द शामिल होगा।

सीआईआई के प्रेसिडेंट संजीव पुरी ने कहा कि लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री का पद संभालने के लिए उन्हें बधाई देते हैं।

पुरी ने आगे कहा कि वित्त वर्ष 2023-24 में भारतीय अर्थव्यवस्था में 8.2 प्रतिशत की दर से वृद्धि हुई है। उनके नेतृत्व में अगले चरण के सुधारों के जरिए भारत वैश्विक अवसरों का ज्यादा से ज्यादा लाभ उठा सकता है। साथ ही बताया कि भारतीय अर्थव्यवस्था की नींव काफी मजबूत है। ऐसा माना जा रहा है कि भारत की अर्थव्यवस्था जल्द जापान को पछाड़ कर दुनिया की चौथी-सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगी। सरकार की ओर से भी हाल ही में कहा गया था कि भारतीय अर्थव्यवस्था 2027 में जापान और जर्मनी को पछाड़कर दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगी। उन्होंने आगे कहा कि यह भारत के लिए बड़ा पल है और भारतीय उद्योग नई सरकार के साथ काम करने को लेकर उत्साहित है।




**भारतीय अर्थव्यवस्था की नींव काफी मजबूत है : संजीव पुरी**

### नई कैबिनेट से नीतियों में निरंतरता जारी रहेगी : नोमुरा

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बनी नई कैबिनेट की संरचना से संकेत मिलता है कि मौजूदा समय में सरकार की नीतियों में निरंतरता जारी रहेगी। वैश्विक ब्रोकरेज और निवेश फर्म नोमुरा की ओर से जारी एक नोट में ये बात कही गई है। मोदी सरकार के नए मंत्रिमंडल में 30 कैबिनेट मंत्री, 36 राज्य मंत्री और 5 राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार के साथ बनाए गए हैं। नोमुरा की ओर से उम्मीद की जा रही है कि नीतियों में निरंतरता जारी रखने के लिए सरकार द्वारा पोर्टफोलियो में शायद बदलाव न किया जाए। ऐसी स्थिति में निफ्टी इस वर्ष के अंत तक 24,860 का आंकड़ा तोड़ सकता है। नोमुरा ने कहा कि पिछले हफ्ते उभरी चिंताएं अब दूर हो चुकी हैं। कैबिनेट की संरचना भी दर्शाती है कि मौजूदा समय में नीतियों में निरंतरता जारी रहेगी। ब्रोकरेज फर्म ने आगे कहा कि बड़े फैक्टर के स्थिर होने और आय में वृद्धि के चलते हम इक्विटी पर काफी सकारात्मक हैं। आने वाले बजट पर सभी की निगाहें होंगी, जो दिखाएगा कि सरकारी की नीति क्या है। हमारा मानना है कि नीतियों में कोई बड़ा बदलाव नहीं होगा। ब्रोकरेज फर्म का कहना है कि सरकार राजकोषीय घाटे को कम करने पर ध्यान देगी और निवेश एवं पूंजीगत व्यय को जारी रखेगी। साथ ही बताया कि भारत की आर्थिक स्थिति काफी मजबूत है। इससे पहले के नोट में नोमुरा ने कहा था कि भारत में सुधार आम तौर पर राजनीति की कसौटी पर खरे उतरे हैं और हम उम्मीद करते हैं कि सरकार प्रशासनिक सुधारों की गति जारी रखेगी।



# खेल जगत

## रिकी पोंटिंग ने पाकिस्तान के खिलाफ रोहित शर्मा की कप्तानी को बताया दमदार

न्यूयॉर्क, 10 जून (एजेंसियां)। ऑस्ट्रेलिया के दो बार के वनडे विश्व कप विजेता कप्तान रिकी पोंटिंग ने रविवार को न्यूयॉर्क के नासाउ काउंटी इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में पाकिस्तान के खिलाफ भारत की जीत के बाद रोहित शर्मा की कप्तानी की सराहना की है। रविवार को नासाउ काउंटी इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में भारतीय टीम 19 ओवर में 119 रन ही बना पाई। जवाब में भारत ने शानदार गेंदबाजी की और पाकिस्तान को 20 ओवर में 113-7 पर रोक दिया, जिससे टूर्नामेंट में उसकी दूसरी जीत दर्ज हुई। जसप्रीत बुमराह ने 15 डॉट बॉल सहित 3-14 के अपने स्पेल के जरिए भारत की जीत के हीरो रहे। उन्हें हार्दिक पांड्या का भी सहयोग मिला, जिन्होंने अपने पहले दो ओवर में 18 रन देने के बाद दो ओवर में मात्र 6 रन देकर 2 विकेट लिए। मोहम्मद सिराज, अर्शदीप सिंह और अक्षर पटेल ने एक-एक विकेट लेकर भारत को टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में अपने सबसे कम स्कोर का सफलतापूर्वक बचाव करने में मदद की।



# भारत के ब्रह्मास्त्र बुमराह के सामने पाक पस्त

■ सत्येन्द्र पाल सिंह



**नई दिल्ली,** 10 जून (देशबन्धु)। भारत के ब्रह्मास्त्र दुनिया के नंबर एक गेंदबाज जसप्रीत बुमराह के सामने पाकिस्तान पस्त हो गया। बल्ले से अकेले बड़े जिगरे से खेलने वाले ऋषभ पंत की 31 गेंदों में छह चौकों की मदद से 42 रन की तेज पारी के बावजूद भारत की टीम टॉस जीत पहले बल्लेबाजी की दावत पाकर 19 ओवर में मात्र 119 रन पर ढेर हो गई। मैन ऑफ द मैच बुमराह(3/14) की अगुआई में तेज गेंदबाज हार्दिक पांडया (2/24), अर्शदीप सिंह (1/31) की त्रिमूर्ति ने 15 ओवर में चार विकेट पर 80 रन बना जीत की ओर बढ़ती पाकिस्तान को न्यूयॉर्क के नासाउ काउंटी इंटरनेशनल मैदान पर आईसीसी टी-20 क्रिकेट विश्व कप में ग्रुप ए में रविवार देर रात सांस रोक देने वाले बेहद रोमांचक मैच में सलामी बल्लेबाज मोहम्मद रिजवान की 31 रन की पारी के बावजूद 20 ओवर में मात्र सात विकेट पर 113 रन पर रोक भारत को हार के जबड़े से निकाल कर छह रन से जीत दिलाई। भारत ने इस जीत के साथ पाकिस्तान के खिलाफ टी-20 क्रिकेट विश्व कप में आठ मैचों में सातवीं जीत दर्ज कर अपना रिकॉर्ड 7-1 कर अपनी श्रेष्ठता बरकरार रखी।

बेशक बुमराह मैन ऑफ द मैच के हकदार थे लेकिन विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत 42 रन की तेज पारी खेलने के साथ तीन कैच लपक उनसे कहीं भी पीछे नहीं थे। भारत ग्रुप ए में मेजबान अमेरिका की तरह लगातार दूसरी जीत के साथ अपनी बेहतर नेट रन रेट से शीर्ष पर पहुंच गया। अपने पहले मैच में अमेरिका से सुपर ओवर में हारने वाली पाकिस्तान पर ग्रुप चरण में ही बाहर होने का गंभीर खतरा मंडराने लगा। पाकिस्तान को आखिरी छह ओवर मे जीत के लिए 40 रन की दरकार थी और उसके छह विकेट बाकी थे। सलामी बल्लेबाज मोहम्मद रिजवान 44 गेंद पर एक चौके और एक छक्के की मदद से 31 रन खेल रहे तब बुमराह ने पारी के 15 वें ओवर की पहली ही स्विंग हो कोण बना भीतर आती गेंद पर रिजवान को बोल्ड कर पाकिस्तान का स्कोर चार विकेट पर 80 रन कर उसकी पारी ऐसी बिखेरी वह संभल ही नहीं पाई। बुमराह ने सबसे पहले पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम (13 रन, 10 गेंद, दो चौके) को पहले स्लिप में सूर्य कुमार यादव के हाथों कैच भारत को पहली कामयाबी दिलाई। बाएं हाथ के स्पिनर अक्षर पटेल ने उस्मान खान (13 रन, 15 गेंद, एक चौका) को तेज से स्पिन हो भीतर आती गेंद पर एलबीडब्ल्यू आउट किया जबकि फख्र जमां (13 रन, 8 गेंद, एक छक्का, एक चौका) को हार्दिक पांड्या की ने ऑफ स्टंप पर बाहर निकलती गेंद विकेटकीपर ऋषभ पंत के हाथों कैच करा उसका स्कोर 12.2 ओवर में तीन विकेट पर 73 रन कर दिया। हार्दिक पांडया ने इसके बाद शादाब खान (4 रन,7 गेंद) ने हार्दिक के बाउंसर को उड़ाने की कोशिश लेकिन गेंद उनके बल्ले का बाहरी किनारा ले उछली और ऋषभ पंत ने अपना दूसरा कैच लपकने और हार्दिक ने दूसरा विकेट चटका पाकिस्तान का स्कोर पांच विकेट पर 88 रन कर दिया। इफ्तिखार ने पारी के 19 वें बुमराह के चौथे व आखिरी ओवर की आखिरी फुलटॉस को उड़ाने की कोशिश की और अर्शदीप ने स्कवॉयर लेग पर बेहतरीन कैच पाकिस्तान का स्कोर छह विकेट पर 102 कर दिया। मैच के आखिरी ओवर में पाकिस्तान को जीत के लिए 18 रन की जरूरत थी यह ओवर अर्शदीप ने फेंका और इसकी पहली तेज यॉर्कर को रोकने की कोशिश में इमाद वसीम (15 रन, 23 गेंद, एक चौका)ने विकेटकीपर ऋषभ पंत को कैच थमाया और पाकिस्तान का स्कोर सात विकेट पर 102 हो गया और इसमें नसीम शाह ने दो चौकों की मदद से दस रन बना अविजित रहे और पाकिस्तान निर्धारित 20 ओवर में सात विकेट पर 113 रन ही बना मैच हार गया।(तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए उतरे विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत की 31 गेंदों पर छह चौकों की मदद से 42 रन की तेज पारी के बावजूद पाकिस्तान के रफ्तार के सौदागर नसीम शाह (3/21), मोहम्मद आमिर (2/23), शाहीन शाह अफरीदी (1/29) और हैरिस रउफ (3/21) की चौकड़ी ने आपस में नौ विकेट बांट कर भारत को पहले बल्लेबाजी दावत देकर 19 ओवर में मात्र 119 रन पर ढेर कर दिया। ऋषभ पंत ने मोहम्मद आमिर की गेंद पर कप्तान बाबर आजम को मिड ऑफ पर कैच थमा छठे बल्लेबाज के रूप में आउट होने से पहले अक्षर पटेल (20 रन, 18 गेंद, एक छक्का, दो चौके) के साथ तीसरे विकेट के लिए 39 रन तथा सूर्य कुमार (7 रन, 8 गेंद, एक चौका) के साथ चौथे विकेट की 31 रन की उपयोगी भागीदारी की। भारत ने शिवम दुबे के रूप में पांचवां विकेट 95 पर खोने के बाद ऋषभ पंत सहित अंतिम पांच विकेट मात्र 24 रन जोड़ कर खो दिए। मोहम्मद आमिर ने अपने तीसरे ओवर में लगातार गेंदों में पहले जम कर खेल रहे ऋषभ पंत को कप्तान बाबर आजम के हाथों मिड ऑफ पर कैच करा उसका स्कोर छह विकेट पर 96 कर दिया और अगली ही गेंद पर रवींद्र जडेजा को मिड ऑफ ही इमाद वसीम के हाथों कैच कराया जबकि हैरिस रउफ ने अपने तीसरे ओवर में पहले हार्दिक पांडया (7 रन, 12 गेंद, एक चौका) को इफ्तिखार अहमद के हाथों लॉन्ग लेग पर कैच करा भारत का स्कोर आठ विकेट पर 112 कर दिया और अगली गेंद पर जसप्रीत बुमराह (0) को इमाद वसीम के हाथों शॉर्ट कवर पर कैच कराया।

■ पाक को छह रन से हरा लगातार दूसरी जीत के साथ भारत ग्रुप ए में शीर्ष पर

■ बड़े जिगरे से खेलने वाले भारत के ऋषभ पंत ने बनाए सबसे ज्यादा 42 रन

## जसप्रीत बुमराह की गेंदबाजी को सलाम: रोहित शर्मा

**नई दिल्ली**। भारत की चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान पर न्यूयॉर्क में आईसीसी टी-20 क्रिकेट विश्व कप में ग्रुप में बेहद कम स्कोर वाले मैच में रविवार को छह रन से जीत में अपने व दुनिया के नंबर एक तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह की दिल खोल कर प्रशंसा की। बुमराह मात्र 14 रन दे कप्तान बाबर आजम और मोहम्मद रिजवान सहित पाकिस्तान के तीन विकेट चटका भारत की जीत के नायक रहे। भारत ने 19 ओवर में मात्र 119 रन पर ढेर होने के बाद पाकिस्तान को निर्धारित 20 ओवर में सात विकेट पर 113 रन पर रोक यह जीत हासिल की। न्यूयॉर्क की मुश्किल पिच पर हालांकि 150 रन का स्कोर भी अच्छा स्कोर होता । भारत के कप्तान रोहित शर्मा ने कहा, 'हमने अच्छी बल्लेबाजी नहीं की। पारी के अधबीच हम तीन विकेट पर 81 रन बना अच्छी स्थिति में थे। ऐसे में आप बल्लेबाजों से कुछ एक अच्छी भागीदारियों की आस करते हैं, बदकिस्मती पर्याप्त अच्छी भागीदारियां कर ही नहीं पाए। मेरा मानना है कि हमने 15-20 रन कम बनाए। हमने आपस में यह चर्चा की इस पिच पर हर रन अहम रहेगा। हमारी कोशिश 140 रन के करीब रन बनाने की थी। ऐसे में मैंने सोचा की हमारे गेंदबाज हमारी नैया किनारे लगा सकते हैं और उन्होंने वाकई लगाई भी। मैं अपनी टीम की तारीफ करूंगा कि हमारी टीम ने आखिर तक हार न मानने का जज्बा दिखाया। हम केवल 119 रन ही बना पाए और ऐसे में पाकिस्तान के जल्दी विकेट चटकाना चाहते थे, लेकिन हम ऐसा नहीं कर पाए। हम पारी के अधबीच एकत्र हुए और आपस में यह कहा कि यदि हमारे विकेट सस्ते में गिर सकते हैं तो उनके भी गिर सकते हैं।



### पाकिस्तान पर जीत वाकई एक बढ़िया अहसास : बुमराह

पाकिस्तान पर जीत वाकई एक बढ़िया अहसास है। मेरा मानना है कि हमने उम्मीद से कुछ कम स्कोर ही बनाया। सूरज निकलने के बाद पिच बल्लेबाजी के लिए कुछ बेहतर हो गई थी और ऐसे में हमें बहुत अनुशासित रहने की जरूरत थी। मैंने ज्यादा से ज्यादा सिम को हिट करने की कोशिश और अपनी रणनीति को अमली जामा पहनाने पर ध्यान लगाया। हमारे प्रशंसकों ने मैदान पर जिस तरह हौसला अफजाई की उससे लगा कि हम भारत में ही है। अपने प्रशंसकों की हौसला अफजाई से बहुत ऊर्जा मिली। अब तक हम अपने दो मैच खेल चुके हैं और इनमें हमें बढ़िया क्रिकेट खेली। हमारा ध्यान प्रक्रिया और हम ध्यान मैदान पर अपना सर्वश्रेष्ठ देने पर है।

## भारत ने बाद के दस ओवरों में बढ़िया गेंदबाजी की : बाबर

मेरा मानना है कि भारत ने बाद के दस ओवरों में बढ़िया गेंदबाजी की। हम भारत के खिलाफ जीत के लिए महज 120 रन के लक्ष्य का पीछा कर रहे थे। हमने शुरू के दस ओवर में हर गेंद पर रन बनाया,। शुरू के दस ओवर के बाद हमने एक के बाद एक विकेट गंवाउ। ऐसे में आखिर के ओवर में हमें जीत के लिए बहुत रन की जरूरत थी। हमारी रणनीति एकदम साफ थी। शुरू के 5-6 ओवर में स्ट्राइक रोटेट किया लेकिन इस दौरान हमें बहुत ऐसे बहुत गेंदें भी जिन पर रन नहीं बनाए और जल्दी जल्दी तीन विकेट गंवाए। अब निचले क्रम के बल्लेबाजों से बहुत ज्यादा रनों की उम्मीद नहीं कर सकते । हमने शुरू के पांच-छह ओवर में उम्मीद के मुताबिक रन नहीं बनाए और इनमें हमने 40-45 रन बनाने का लक्ष्य रखा रखा था। पिच अच्छी थी और गेंद बल्ले पर आ रही थी। शुरू के ओवरों का हम पूरा लाभ नहीं उठा पाए। हालांकि कुछ गेंद धीमी आ रही थी कुछ अचानक उछल रही थी और आप ड्रॉप इन पिचों का मिजाज ऐसा ही रहने की आस करते है।



# भारतीय हॉकी टीम ने बेहतरीन टीम वर्क दिखाया : हरमनप्रीत

**नई दिल्ली,** 10 जून (एजेंसियां)। भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने 16 मैचों में 24 अंकों के साथ एफआईएच प्रो लीग 2023-24 में अपने अभियान का अंत किया। इसमें 5 जीत, 5 हार और छह ड्रॉ शामिल हैं। वर्तमान में भारत अंक तालिका में चौथे स्थान पर है। इस टूर्नामेंट में अर्जेंटीना, ऑस्ट्रेलिया, बेल्जियम, भारत, नीदरलैंड, जर्मनी, ग्रेट ब्रिटेन, स्पेन और आयरलैंड सहित 9 टीमों ने भाग लिया। एफआईएच प्रो लीग 2023-24, तीस जून तक जारी रहेगा लेकिन भारत ने रविवार को अपना 16वां और अंतिम मैच खेला, जिससे उसके एक प्रतिस्पर्धी और महत्वपूर्ण सीजन का समापन हुआ।

टीम के प्रदर्शन पर कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने कहा, 'एफआईएच प्रो लीग 2023-24 हमारे लिए एक अविश्वसनीय यात्रा रही है। नीदरलैंड 2-2 (4-2 शूटआउट), अर्जेंटीना (5-4) और जर्मनी (3-0) जैसी मजबूत टीमों के खिलाफ हमारी कुछ जीत हमारी टीम की कड़ी मेहनत और दृढ़ संकल्प को उजागर करती है। हमने पूरे टूर्नामेंट में अच्छा टीम वर्क दिखाया है।' भारत के कप्तान एक स्टार परफॉर्मर के रूप में उभरे और भारत के लिए टूर्नामेंट में शीर्ष स्कोरर रहे। अपने नाम 12 गोल के साथ, वह वर्तमान में ऑस्ट्रेलिया के ब्लेक गोवर्स और नीदरलैंड के जिप जानसेन के साथ टूर्नामेंट के संयुक्त प्रमुख गोल करने वाले खिलाड़ी भी हैं।

हरमनप्रीत ने आगामी 2024 पेरिस ओलंपिक की तैयारी के लिए इस टूर्नामेंट के महत्व पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा, 'यह लीग हमारी ताकत और सुधार के क्षेत्रों को समझने में हमारी मदद करने में महत्वपूर्ण रही है। शीर्ष स्तरीय टीमों के साथ प्रतिस्पर्धा करने से हमें अपने खेल के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी मिली है। अब हम जानते हैं कि हम कहां खड़े हैं और वैश्विक मंच पर अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए हमें किन चीजों पर काम करने की जरूरत है।' अब भारत बैंगलोर में एक शिविर के लिए लौटने से पहले एक छोटा ब्रेक लेगा, जहां वह अपनी रणनीतियों को बेहतर बनाने और प्रमुख क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित करेगा। कप्तान ने कहा, 'हमने अपने खेल के उन विशिष्ट पहलुओं की पहचान की है, जिन पर ध्यान देने की आवश्यकता है और आगामी शिविर उन क्षेत्रों पर काम करने में महत्वपूर्ण होगा। हमारा लक्ष्य अपने प्रदर्शन को बेहतर बनाना और यह सुनिश्चित करना है कि हम पेरिस ओलंपिक के लिए पूरी तरह तैयार हैं।'



■ भारतीय हॉकी टीम ने 16 मैचों में 24 अंकों के साथ एफआईएच प्रो लीग 2023-24 में अपने अभियान का अंत किया

# मैंने दबाव को संभालना और उसे प्रेरणा में बदलना सीख लिया है : नीरज चोपड़ा

**नई दिल्ली,** 10 जून (एजेंसियां)। मौजूदा ओलंपिक चैंपियन नीरज चोपड़ा पेरिस ओलंपिक में अपने स्वर्ण पदक को डिफेंड करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। उन्होंने दावा किया है कि वह पेरिस ओलंपिक में देश की उम्मीदों को टूटने नहीं देंगे। नीरज चोपड़ा ने टोक्यो 2020 में पुरुषों के जैवलिन थ्रो इवेंट में 87.58 मीटर थ्रो कर जीत पक्की करते हुए ट्रैक एंड फील्ड इवेंट में गोल्ड जीतने वाले पहले भारतीय बनकर इतिहास रचा था। पेरिस 2024 से पहले, चोपड़ा ने जियो सिनेमा के 'गेट सेट गोल्ड' पर दिनेश कार्तिक से बात की और उन्होंने यह भी बताया कि वो पेरिस 2024 में दबाव का सामना कैसे करेंगे। चोपड़ा को पेरिस 2024 में मेडल जीतने के लिए पसंदीदा खिलाड़ियों में से एक माना जा रहा है। नीरज ने कहा, 'दबाव तो है, क्योंकि पूरे देश की उम्मीदें मुझ पर टिकी हैं। लेकिन धीरे-धीरे मैंने दबाव को संभालना और दबाव को प्रेरणा में बदलना सीख लिया है। इसलिए हम इसके लिए तैयार हैं।' विश्व चैंपियन 2023 ने बताया कि कैसे उनकी टोक्यो 2020 जीत और उनकी हालिया विश्व चैंपियनशिप जीत ने भारतीय एथलीटों को साबित कर दिया कि वे अपने खेल में सर्वश्रेष्ठ बनने के लिए सभी मानसिक बाधाओं को पार कर सकते हैं। नीरज ने कहा, 'भारतीय एथलीटों की मानसिकता बदल रही है। पहले हम सोचते थे कि विदेशी एथलीट मजबूत हैं और उनके साथ प्रतिस्पर्धा करना कठिन है, पदक जीतना या ओलंपिक स्वर्ण जीतना कठिन है। लेकिन अब जब ऐसा हुआ है, तो मुझे एहसास हुआ कि यह सिर्फ एक मानसिक बाधा है। 'टोक्यो के बाद भी, मैं पिछले साल विश्व चैंपियनशिप में था और फिर से मैंने स्वर्ण पदक जीता। अब मुझे यकीन हो गया है कि यह सिर्फ एक मानसिक बाधा है और कुछ नहीं।' कार्तिक को जैवलिन थ्रो की मूल बातें बताने के बाद, चोपड़ा ने उन पांच पॉइंट्स पर चर्चा की, जो उनके अनुसार एक ओलंपिक चैंपियन तैयार करती है। सबसे पहले, मुझे लगता है कि आपको अपने प्रशिक्षण पर 100 प्रतिशत ध्यान देना चाहिए और सबसे बड़ी बात अपने खेल के प्रति सम्मान होना चाहिए। दूसरा, आपकी डाइट और रिकवरी। तीसरा, आप कितनी अच्छी तरह से प्रशिक्षण ले रहे हैं और क्या एक खास प्लान के साथ चीजें कर रहे हैं। यह कड़ी मेहनत के साथ-साथ स्मार्ट वर्क भी होना चाहिए। फिर, हमारा परिवार, हमारे आस-पास के लोग, जो हमसे प्यार करते हैं और हमारे बारे में सोचते हैं, वे हमेशा हमें आगे बढ़ने में मदद करते हैं।

आखिरी चीज जो मुझे सबसे महत्वपूर्ण लगती है, वह है आत्मविश्वास। कभी-कभी, मुझे लगा है कि मेरा थ्रो आखिरी थ्रो तक सही नहीं रहा है। लेकिन मुझे अभी भी खुद पर विश्वास है कि मुझे इसे अंत तक करना है। और कई प्रतियोगिताओं में, मेरा आखिरी थ्रो सबसे अच्छा रहा है। चोपड़ा इस समय दुनिया के सर्वश्रेष्ठ जैवलिन थ्रो खिलाड़ियों में से एक हैं। वे मौजूदा ओलंपिक (टोक्यो 2020) और विश्व चैंपियन (बुडापेस्ट 2023) हैं। उन्होंने यूजीन में 2022 विश्व चैंपियनशिप में रजत पदक जीता था। 26 वर्षीय चोपड़ा ने दो बार एशियाई खेलों का स्वर्ण पदक (2018 जकार्ता, 2022 हांगझोऊ) जीता है और 2018 राष्ट्रमंडल खेलों (गोल्ड कोस्ट) में भी स्वर्ण पदक जीता है।



दबाव तो है, क्योंकि पूरे देश की उम्मीदें मुझ पर टिकी हैं। लेकिन धीरे-धीरे मैंने दबाव को संभालना और दबाव को प्रेरणा में बदलना सीख लिया है। इसलिए हम इसके लिए तैयार हैं : नीरज चोपड़ा

## सार संक्षेप

### भारत से मिली हार के बाद पाकिस्तान पर बौखलाए वकार युनुस

**न्यूयॉर्क।** पाकिस्तान के पूर्व तेज गेंदबाज वकार युनुस ने टी20 विश्व कप मुकाबले में भारत से छह रन से मिली हार के लिए बाबर आजम की अगुवाई वाली टीम की जमकर आलोचना की है। 120 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए, पाकिस्तान 12 ओवर तक 72/2 के स्कोर के साथ मैच में मजबूत स्थिति में था। रिजवान और फखर जमान क्रीज पर थे। लेकिन यहां से मैच का पासा पलटा और इन दोनों बल्लेबाजों के आउट होने के बाद भारत ने पाकिस्तान पर दबाव बनाना शुरू कर दिया। इस कमबैक के बाद भारतीय गेंदबाजों ने लगातार विकेट चटकाए और पाकिस्तान को बैकफुट पर धकेल दिया और वापसी का कोई मौका नहीं दिया।

### एमसीए अध्यक्ष अमोल काले का हार्ट अटैक से निधन, न्यूयॉर्क में भारत-पाक मैच किया था अटेंड

**मुंबई।** मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन (एमसीए) के अध्यक्ष अमोल काले का अमेरिका में हार्ट अटैक से निधन हो गया। वो कुछ अन्य एमसीए अधिकारियों के साथ आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप मैच देखने गए थे। अमोल काले को न्यूयॉर्क के नासाउ काउंटी इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में भारत बनाम पाकिस्तान मैच देखने के बाद दिल का दौरा पड़ा। वे एमसीए सचिव अजिंक्य नाइक और शीर्ष परिषद के सदस्य सूरज समत के साथ वहां मौजूद थे। बात अगर भारत और पाकिस्तान के बीच हुए मैच की करें तो तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह (14 रन पर तीन विकेट) की अगुवाई में गेंदबाजों के दमदार प्रदर्शन से भारत ने चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान को टी 20 विश्व कप के ग्रुप ए के रोमांचक महामुकाबले में रविवार को छह रन से हराकर अपनी लगातार दूसरी जीत दर्ज की।

### बागपत के पार्थ राणा ने राष्ट्रीय निशानेबाजी प्रतियोगिता में जीता स्वर्ण

**बागपत।** मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में चल रही नेशनल शूटिंग चैंपियनशिप में 25 मीटर स्पोर्टस पिस्टल में उत्तर प्रदेश में बागपत के निशानेबाज पार्थ राणा ने स्वर्ण पदक जीता है। धनौरा सिलवरनगर गांव निवासी निशानेबाज पार्थ राणा के परिजनों ने बताया कि मध्यप्रदेश के भोपाल शहर में एमपी स्टेट शूटिंग एकेडमी पर एक जून से 19 जून तक 22 वी ऑल इंडिया कुमार सुरेंद्र सिंह मेमोरियल शूटिंग चैंपियनशिप का आयोजन हो रहा है जिसमें 25 मीटर स्पोर्टस पिस्टल स्पर्धा में विपिन ने 581/600 अंक का स्कोर बनाकर स्वर्ण पदक जीता जबकि सेना के प्रदुमन ने रजत व सीआरपीएफ के लक्ष्य खत्री ने कांस्य पदक जीता।

# गुलवीर ने पांच हजार मीटर दौड़ में तोड़ा अविनाश का राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ा

**पोर्टलैंड,** 10 जून (एजेंसियां)। एशियाई खेलों के पदक विजेता भारतीय धावक गुलवीर सिंह ने सोमवार को माउंट हूड कम्युनिटी कॉलेज में आयोजित पोर्टलैंड ट्रैक फेस्टिवल 2024 एथलेटिक्स मीट में पुरुषों की 5000 मीटर स्पर्धा में हमवतन अविनाश साबले के राष्ट्रीय रिकॉर्ड को तोड़ दिया है। पिछले साल एशियाई खेलों में 10 हजार मीटर स्पर्धा में कांस्य पदक जीतने वाले गुलवीर सिंह ने पुरुषों की एलीट पांच हजार मीटर दौड़ में 13:18.92 का समय लेकर दूसरा स्थान हासिल किया। अमेरिका के डायलन जैकब्स (13:18.18) समय के साथ शीर्ष पर रहे। केन्या के वेस्ले किप्टू को (13:21.77) समय के साथ तीसरा स्थान मिला। 5000 मीटर में भारत का पिछला राष्ट्रीय रिकॉर्ड 13:19.30 अविनाश साबले के नाम था। उन्होंने पिछले वर्ष लॉस एंजिल्स में साउंड रनिंग ऑन ट्रैक फेस्ट में यह रिकॉर्ड बनाया था। साबले ने सोमवार को पोर्टलैंड ट्रैक फेस्टिवल में भाग लिया लेकिन वह दौड़ पूरी नहीं कर पाए। कार्तिक कुमार 13:41.07 के समय के साथ 17वें स्थान पर रहे और फिनिश लाइन पार करने वाले एथलीटों में सबसे आखिरी स्थान पर रहे। पुरुषों की 5000 मीटर आमंत्रण स्पर्धा में भाग ले रहे अभिषेक पाल ने फाइनल में 13ः41.57 का समय लेकर तीसरा स्थान प्राप्त किया। ग्रेट ब्रिटेन के टॉम एंडरसन (13:37.89) और एली बेनेट (13:41.26) ने शीर्ष दो स्थान प्राप्त किए।



# चैंपियंस ट्रॉफी 2025 : लाहौर में हो सकती है भारत और पाकिस्तान की टक्कर

**नई दिल्ली,** 10 जून (एजेंसियां)। न्यूयॉर्क में पाकिस्तान पर भारत की जीत का जश्न अभी थमा भी नहीं है कि इस बीच एक रिपोर्ट के अनुसार, अगले साल चैंपियंस ट्रॉफी में भारत और पाकिस्तान का आमना-सामना लाहौर में हो सकता है। क्रिकबज की मानें तो चैंपियंस ट्रॉफी 2025 का ड्राफ्ट शेड्यूल आईसीसी को सौंप दिया गया है। दोनों देशों के बीच तनावपूर्ण संबंधों के कारण भारत ने अभी तक पाकिस्तान की यात्रा करने का फैसला नहीं किया है। पिछले साल एशिया कप में, भारतीय सरकार ने टीम को पाकिस्तान की यात्रा करने की अनुमति नहीं दी थी और टूर्नामेंट में उनके मैच श्रीलंका में एक न्यूट्रल वेन्यू पर खेले गए थे। क्रिकबज की एक रिपोर्ट के अनुसार, दोनों पड़ोसी देश अगले साल मार्च में आठ टीमों की प्रतियोगिता के अंतिम लीग मैच में एक-दूसरे से भिड़ेंगे। टूर्नामेंट 19 फरवरी से 9 मार्च के बीच खेले जाने की संभावना है। हालांकि, अंतिम कार्यक्रम की घोषणा अभी बाकी है। इससे पहले पाकिस्तान ने 11 साल बाद वनडे विश्व कप 2023 में भारत की यात्रा की थी। संभावित शेड्यूल के मुताबिक, 20 दिनों तक चलने आईसीसी टूर्नामेंट में सिर्फ पाकिस्तान के साथ ही नहीं, बल्कि भारत के सारे मुकाबलों का आयोजन लाहौर में ही किया जाएगा।

टूर्नामेंट के 15 मैचों में से 7 का आयोजन लाहौर में होगा। वहीं 5 मैच रावलपिंडी में जबकि 3 मैच कराची में खेले जा सकते हैं। चैंपियंस ट्रॉफी 2025 का ओपनिंग मैच कराची में होगा। इसके अलावा कराची और रावलपिंडी एक-एक सेमीफाइनल की भी मेजबानी करेंगे। जानकारी के अनुसार, न तो पीसीबी और न ही आईसीसी हाइब्रिड मॉडल पर चर्चा कर रहे हैं, लेकिन अंतिम समय में स्थिति बदलने की संभावना है। हालांकि, अब सबकी नजर भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) और भारत सरकार पर है कि क्या फैसला होता है।

